ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:54 उपरांत मूल विक्रम संवत 2083

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मंगलवार, 5 मई 2026, वर्ष 4, अंक 258, पृष्ठ 16    मूल्य 6 रुपये

# बंगाल-असम में भगवा आंधी

पूर्वी भारत के राजनीतिक मानचित्र पर आज एक ऐसा 'भगवा सूर्योदय' हुआ है, जिसने दशकों पुराने स्थापित समीकरणों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। पश्चिम बंगाल से लेकर असम की वादियों तक चली प्रचंड 'भगवा आंधी' में विपक्ष के तमाम किले ताश के पत्तों की तरह ढह गए। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों से राज्य की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का किला ढह गया है। भाजपा यहां 200 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करके पहली बार सत्ता पर काबिज होने जा रही है। असम के चुनावी नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भगवा रंग अब स्थायी हो चुका है। पहले गठबंधन के सहारे सरकार चलाने वाली भाजपा ने पहली बार स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।




## प.बंगाल में पहली बार खिला कमल, असम में हिमंता सरकार दोबारा, पुडिचेरी में भी एनडीए

**कोलकाता/ नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में सोमवार को एक नया इतिहास रचा गया। मां, माटी, मानुष के नारे को पीछे छोड़ते हुए बंगाल की जनता ने इस बार 'परिवर्तन' के पक्ष में मतदान किया। भाजपा ने 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में देर रात तक 199 सीटें पर जीत हासिल कर ली है और 7 सीटों पर बढ़त है। इस तरह से उसकी जीत का आंकड़ा 207 तक पहुंचता दिख रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने केवल 69 सीटों पर जीत हासिल की और 11 सीटों पर बढ़त के साथ उसकी झोली में अधिकतम 80 सीट ही आ सकेंगी। कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं और आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) ने भी दो ही सीटों पर विजय हासिल की है।

● **ऐतिहासिक परिवर्तन: तृणमूल के 15 साल के शासन का अंत**

2021 के विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव देखा गया, जहां तृणमूल ने 47.94 प्रतिशत मतों के साथ 213 सीटें जीतकर अपनी पकड़ मजबूत की थी, जबकि भाजपा 38.13 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 77 सीटों पर सिमट गई थी। इस चुनावी मैदान में एक तरफ जुझारू ममता बनर्जी ने अपनी पूरी शक्ति झोंक दी थी, लेकिन सत्ता विरोधी लहर और विकास के वादों के सामने उनकी घेराबंदी विफल रही। आखिरकार, कोलकाता के मुख्यालय से लेकर सुदूर गांवों तक भगवा की लहर दौड़ गई है और बंगाल की धरती पर पहली बार कमल खिला है।

असम में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार असम में सरकार बनाने के लिए तैयार है। राजग ने सोमवार को 126 सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटों पर जीत दर्ज की। उसके सहयोगी दलों बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) को 10-10 सीट पर जीत मिली है। भाजपा एक सीट पर आगे चल रही थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग को 89,434 मतों से हराकर लगातार छठी बार जालुकबारी निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई जोरहाट में अनुभवी नेता और मौजूदा भाजपा विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी से 23,181 मतों के अंतर से हार गए। भाजपा के चुनाव जीतने वाले प्रमुख नेताओं में मंत्री अजंता नियोग (गोलाघाट), रानोज पेगु (धेमाजी), पीजूष हजारिका (जागीरोड), कौशिक राय (लखीपुर), प्रशांत फूकन (डिब्रूगढ़), कृष्णेंदु पॉल (पाथरकांडी) और बिमल बोरा (तिंगखोंग) शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने यूपीपीएल के पूर्व बीटीसी प्रमुख प्रमोद बरो को हराकर तामुलपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विधानसभा चुनाव में राजग के शानदार प्रदर्शन के लिए जनता का आभार जताते हुए सोमवार को कहा कि यह परिणाम सरकार के अच्छे काम और राज्य के विकास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक-दो को छोड़कर विपक्ष में कोई हिंदू विधायक नहीं होगा।

### पश्चिम बंगाल

सीट : 294 बहुमत : 147

| भाजपा | टीएमसी | अन्य |
|---|---|---|
| 206 | 81 | 06 |

### असम

सीट : 126 बहुमत : 64

| भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|
| 102 | 21 | 03 |

**(आंकड़े रुझान और जीत के आधार पर)**

## सियासी भागीरथी का महासंगम

# गंगोत्री से गंगासागर तक अब भगवा

भारतीय राजनीति के मानचित्र पर आज एक ऐसी इबारत लिखी गई है, जिसकी गूंज हिमालय की कंदराओं से लेकर बंगाल की खाड़ी तक सुनाई दे रही है। उत्तराखंड की पहाड़ियों में स्थित गंगोत्री से शुरू हुई भाजपा की वैचारिक धारा अब पश्चिम बंगाल के गंगासागर तक पहुंच कर एक अखंड राजनीतिक प्रवाह में बदल गई है। बंगाल चुनाव 2026 के इन ऐतिहासिक परिणामों ने न केवल सत्ता का केंद्र बदला है, बल्कि भाजपा के गंगोत्री से गंगासागर तक वाले भाजपा के नारे को हकीकत बना दिया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोनार बांग्ला के आह्वान, अमित शाह की अभेद्य रणनीति और योगी आदित्यनाथ के प्रखर नेतृत्व ने मिलकर बंगाल की खाड़ी में वह राजनीतिक सुनामी पैदा की, जिसने दशकों पुराने किलों को ध्वस्त कर दिया। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि यह उत्तर भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पूर्वी भारत की बौद्धिक चेतना के मिलन का प्रतीक बन गई है।

### देश के 21 राज्यों में एनडीए का दबदबा

विपक्ष के लिए नई चुनौतीबंगाल की इस जीत के साथ ही भारत के राजनीतिक नक्शे पर भाजपा और उसके सहयोगियों एनडीए का प्रभाव अब 21 राज्यों तक विस्तृत हो गया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अपनी जड़ें मजबूत करने के बाद, अब बंगाल और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य भाजपा के नए 'पावर हाउस' बनकर उभरे हैं। बंगाल की इस जीत ने भाजपा को वह ऊर्जा दी है जिससे वह कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक बार फिर नए सिरे से 'अजेय' होने का दावा कर रही है।

## योगी के प्रखर हिंदुत्व और बुलडोजर मॉडल से बंधा जीत का सेहरा

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक बढ़त के पीछे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'प्रखर हिंदुत्व' और 'सुरक्षा मॉडल' एक बड़ा कारक बनकर उभरा है। योगी आदित्यनाथ ने इस चुनाव में भाजपा के पक्ष में 20 से अधिक रैलियां और रोड शो किए।विश्लेषणों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने जिन प्रमुख सीटों पर प्रचार किया, उनमें से 75% से अधिक सीटों पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी सभाओं में 'बुलडोजर' और 'भ्रष्टाचार मुक्त शासन' के यूपी मॉडल की बात की, जिसे बंगाल की जनता ने हाथों-हाथ लिया। सोनामुखी, मालदा और पुरुलिया जैसे क्षेत्रों में उनकी रैलियों ने ध्रुवीकरण और जमीनी कार्यकर्ताओं के उत्साह को नई ऊंचाई दी।

### मोदी-शाह-योगी: विजय के तीन शिल्पकार

पीएम मोदी ने जहां बंगाल के घर-घर में विकास की उम्मीद जगाई, वहीं अमित शाह के 'बूथ-मैनेजमेंट' ने हर चुनौती को मात दी। दूसरी ओर, योगी आदित्यनाथ की रैलियों ने पूरे बंगाल में हिंदुत्व और सांस्कृतिक गौरव का वह ज्वार पैदा किया, जिसने चुनाव को पूरी तरह 'भगवा' रंग में रंग दिया। आज ये तीनों नेता बंगाल के मानचित्र पर खड़े होकर देश को एक नए 'राजनीतिक एकीकरण' का संदेश दे रहे हैं।

## यूडीएफ ने केरलम में सत्ता हासिल की

सीट : 140 बहुमत : 71

| यूडीएफ | एलडीएफ | भाजपा |
|---|---|---|
| 102 | 35 | 03 |

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरल विधानसभा चुनावों में 102 सीटें जीतकर दो तिहाई से अधिक बहुमत के साथ ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए 10 साल बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। 140 सदस्यीय विधानसभा के सोमवार को घोषित नतीजों के अनुसार कांग्रेस को 63 सीटें मिली हैं जबकि उसके गठबंधन यूडीएफ में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को 22, केरल कांग्रेस को सात और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी को तीन सीटें मिली हैं। यूडीएफ से संबंद्ध चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की है। दूसरी ओर माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। एलडीएफ की करारी हार के बाद पिनरायी विजयन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे उनका एक दशक लंबा कार्यकाल समाप्त हो गया। माकपा को 26 सीटें ही मिल पायी हैं।

## टीवीके सबसे बड़ी पार्टी



थलपति विजय

**चेन्नई।** अपनी सुपरहिट फिल्मों की तरह, जिनमें वह एक हीरो के तौर पर दुश्मनों का सफाया करते हैं, अभिनेता विजय ने तमिलनाडु के चुनावी मैदान में धमाकेदार शुरुआत की है। विजय ने अपने पहले ही चुनाव में द्रविड़ राजनीति के उस मजबूत किले को ढहा दिया है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

उन्होंने अकेले अपने दम पर तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) को शानदार जीत दिलाई है। उन्होंने न केवल सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को पछाड़ा, बल्कि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) जैसी सशक्त पार्टी को तीसरे नंबर पर धकेल दिया। इस चुनाव में द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन को भी कोलाथुर सीट पर हार झेलनी पड़ी है। उनके साथ ही दिग्गज मंत्री दुरईमुरुगन समेत कई बड़े मंत्रियों को अपने ही गढ़ में शिकस्त मिली है।

स्टालिन को टीवीके उम्मीदवार वी.एस. बाबू ने 9,000 से ज्यादा मतों से हराया है। कोलाथुर से लगातार तीन बार जीत चुके श्री स्टालिन की यह पहली हार है। पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, हालांकि वह बहुमत के लिए जरूरी 118 सीटों के जादुई आंकड़े से थोड़ी पीछे रह गई है। विजय ने खुद चेन्नई की पेरम्बूर और त्रिची पूर्व, दोनों सीटों से भारी मतों से जीत हासिल की है।

विजय ने अपने करोड़ों प्रशंसकों को एक मजबूत वोट बैंक में बदल दिया। उन्होंने खुद को एक 'द्रविड़ विकल्प' के रूप में पेश किया और वह सफलता पाई जो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां 1967 के बाद से कभी हासिल नहीं कर सकीं।

### तमिलनाडु

सीट : 234 बहुमत : 118

| टीवीके | एडीएमके | डीएमके | अन्य |
|---|---|---|---|
| 107 | 53 | 65 | 09 |

● **द्रविड़ राजनीति के मजबूत किले को ढहाकर विजय की शानदार शुरूआत**

## पुडुचेरी में फिर खिला 'कमल' एनडीए की शानदार वापसी

सीट : 30 बहुमत : 16

| एनडीए | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|
| 18 | 6 | 06 |

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने एक बार फिर एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाले ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस और भाजपा गठबंधन ने अपनी सत्ता बरकरार रखते हुए बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। रंगासामी ने अपनी पारंपरिक सीट थट्टनचावडी से 4,441 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अपनी लोकप्रियता साबित की है।दिग्गजों की जीत और बड़े उलटफेरइस चुनाव में न केवल रंगासामी ने जीत हासिल की, बल्कि भाजपा के कद्दावर नेता ए. नमस्वयम ने भी मन्नडिपेट सीट से 6,110 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। कांग्रेस के दिग्गज नेता वी. वैथिलिंगम को थट्टनचावडी में करारी हार का सामना करना पड़ा, जहां वे चौथे स्थान पर रहे। विधानसभा अध्यक्ष आर. सेल्वम और विपक्ष के नेता आर. शिवा जैसे बड़े चेहरे भी अपनी सीटें बचाने में नाकाम रहे।



नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर मोदी का किया गया भव्य स्वागत। ● एजेंसी

# यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है। उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन है, काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा कि मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता हूं। समारोह में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। पिछले साल 14 नवंबर को, जब बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे, मोदी ने इसी स्थान से भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा बिहार से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक बहती है। उन्होंने कहा कि और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिला हुआ है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के इस उत्सव में भय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत हुई है।

### भाजपा मुख्यालय पर जश्न

● **प्रधानमंत्री ने कहा -हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, हमारी रगों में दौड़ता हुआ संस्कार**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन इन पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को दिखा दिया है कि क्यों हमारा देश लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, यह हमारी रगों में दौड़ता हुआ संस्कार है। आज भारत का संविधान भी जीता है। हमारी संवैधानिक संस्थाएं जीती हैं। हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं जीती हैं। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 93 प्रतिशत मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है तथा असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी मतदान के नये रिकॉर्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में महिलाओं की भागीदारी असाधारण रूप से अधिक रही और यह भारतीय लोकतंत्र की सबसे उज्ज्वल तस्वीर के रूप में उभर रही है।

# अंग बंग कलिंग जीता, मां माटी मानुष पड़ा फीका

## 10 साल में तीन से 77 के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगाया सीटों का दोहरा शतक

मनोज त्रिपाठी, अमृत विचार

पश्चिम बंगाल दशकों से भाजपा के लिए एक अधूरे प्रोजेक्ट जैसा था। भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होंने देश में हिंदुत्व की दिशा को धार दी, इसी राज्य के थे। ऐसे में बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ी वैचारिक सफलता की ध्वज वाहक भी है। इस बार पार्टी ने ममता की विफलताओं को उजागर करने के साथ रणनीतिक कौशल दिखाया। आक्रामक अभियान चलाकर हिंदू मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपनी तरफ आकर्षित करने के साथ महिला सुरक्षा को इतना बड़ा मुद्दा बना दिया कि ममता सरकार की कल्याणकारी योजनाएं फीकी पड़ गईं। इसी के साथ पार्टी का अंग-बंग और कलिंग' (बिहार, बंगाल और ओडिशा) में सत्ता हासिल करने का पुराना सपना भी साकार हो गया।

अंग-बंग और कलिंग' का जयघोष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान किया था। किसी समय यही त्रिकोण भारत की दिशा और दशा तय करता था। भाजपा अंग और कलिंग पर तो पहले से ही काबिज ही थी, अब पहली बार बंग पर भी भगवा झंडा फहरा दिया है। पश्चिम बंगाल में साल 2016 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को तीन सीटें मिली थीं। यहां से 2021 के चुनाव में पार्टी 77 सीटों पर पहुंची और इस बार कमाल दिखाते हुए सीटों की संख्या के लिहाज से दोहरा शतक लगाने के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी भवानीपुर में धूल चटा दी।



### एम फैक्टर से ही तोड़ा टीएमसी का तिलिस्म

पश्चिम बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए 'मां, माटी, मानुष' का गढ़ा और 2011 के विधानसभा चुनाव में 34 साल पुरानी वाम सरकार को हरा दिया। 2016 और 2021 में भाजपा पर भी यह नारा जमकर भारी पड़ा। लेकिन 2026 के चुनाव में यह नारा भाजपा और टीएमसी के बीच तीखे वैचारिक संघर्ष का केंद्र बन गया। मोदी ने प्रचार अभियान में हमला बोलते हुए कहा कि आज 'मां' रो रही है, 'माटी' असुरक्षित है और 'मानुष' भयभीत हैं। पार्टी ने टीएमसी के नारे को उसके मुस्लिम प्रेम, महिला असुरक्षा और ममता की विफलता का नैरेटिव बना दिया।

### 75 साल बाद साकार हुआ सपना

वर्ष 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ का गठन किया था। इसी भारतीय जनसंघ ने आगे चलकर मौजूदा भारतीय जनता पार्टी का रूप ले लिया। जनसंघ की स्थापना के 75 साल बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में पार्टी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बंगाल के सपने को साकार कर दिखाया


### 6 साल ममता के साथी, 6 साल में पलटी पूरी बाजी



तृणमूल कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने वाले नंदीग्राम आंदोलन के मुख्य वास्तुकार रहे शुभेंदु अधिकारी छह साल तक ममता बनर्जी सरकार में नंबर दो रहे, फिर नाराज हुए तो भाजपा के साथ आकर छह साल में ही पूरी बाजी पलट दी। ऐसे में बड़ा सवाल है कि शुभेंदु अब क्या भाजपा सरकार में नंबर वन यानी मुख्यमंत्री बनेंगे या फिर ममता सरकार की तरह नंबर दो की भूमिका में ही नजर आएंगे। शुभेंदु ने वर्ष 2006 में पहली बार कांथी दक्षिण सीट से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था।


- वर्ष 2009 में उन्होंने तमलुक सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीते। 2014 में उन्होंने इसी सीट पर कब्जा बनाए रखा वर्ष 2016 में उन्होंने नंदीग्राम सीट से विधानसभा का चुनाव जीता और ममता सरकार के दूसरे कार्यकाल में परिवहन मंत्री बने। इस दौरान उनको नंबर दो कहा जाने लगा। लेकिन दिसंबर 2020 में भाजपा का दामन थामने और चार माह बाद 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने के बाद उनको न सिर्फ ख्याति मिली, बल्कि भाजपा के लिए भरोसेमंद बन गए। विधानसभा में विपक्ष के नेता बनाए गए। इसके बाद बीते पांच साल शुभेंदु लगातार ममता सरकार पर हमलावर रहे और तृणमूल के गढ़ों में सक्रियता और आंदोलनों के जरिये भाजपा की जमीन मजबूत में जुट गए।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव





| राजनीतिक दल | वोट % | कुल वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 45.84% | 28164498 |
| टीएमसी | 40.80% | 25050526 |
| सीपीआई(एम) | 4.41% | 2706940 |
| कांग्रेस | 3.00% | 1844604 |
| बसपा | 0.18% | 112709 |
| एआईएमआईएम | 0.09% | 55226 |
| अन्य | 5.67% | ----- |

### असम विधानसभा चुनाव वोट प्रतिशत




### तमिलनाडु विधानसभा चुनाव वोट प्रतिशत




### 50 साल बाद देश में कहीं नहीं वाम दल की सरकार



- केरल में यूडीएफ की जीत और एलडीएफ की हार के साथ वाम दलों का आखिरी किला भी ढह गया। ऐसा पहली बार होगा जब 1970 के दशक के बाद देश के किसी भी राज्य में वाम दल की सरकार नहीं होगी। देश में सबसे लंबे समय तक 1977 से 2011 तक पश्चिम बंगाल में सीपीआईएम की सरकार रही थी। इसके साथ ही 1998 से से लेकर 2018 तक त्रिपुरा में भी लेफ्ट फ्रंट की सरकार रही थी। केरल में साल 2016 से 2026 तक दो बार लेफ्ट फ्रंट की सरकार सत्ता में रही।

### केरल विधानसभा चुनाव वोट प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 11.42% | 2466178 |
| भाकपा | 6.64% | 1434524 |
| सीपीआई(एम) | 21.77% | 4700662 |
| कांग्रेस | 28.79% | 6217918 |
| आईयूएमएल | 11.01% | 2378053 |
| केईसी | 2.43% | 525323 |
| केईसी(एम) | 2.60% | 561157 |
| अन्य | 15.37 % | --- |

(रात्रि 11 बजे तक परिणाम-रुझान के अनुसार)




### 22 राज्यों में एनडीए सरकार 17 जगह भाजपा के मुख्यमंत्री

- देश के 22 राज्यों में अब एनडीए की सरकार और 17 राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री होंगे। अब सिर्फ आठ राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, पंजाब, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार नहीं है। इससे पहले 2018 में 21 राज्यों में एनडीए की सरकार थी। लेकिन इन पांच राज्यों के चुनाव के साथ भाजपा ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### लोकसभा चुनाव की परछाई से पीछा छूटा

- वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में बहुमत के आंकड़े से पीछे रह जाने के बाद भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, ओडिशा के बाद अब पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भगवा ध्वज लहराकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है। खासकर पश्चिम बंगाल में मिली जीत ने पार्टी के दायरे को आगे बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास आसमान पर पहुंचा दिया है।

### 85% रहा योगी का बंगाल में स्ट्राइक रेट

- बंगाल में उत्तर प्रदेश के मुखमंत्री आदित्यनाथ योगी ने पश्चिम बंगाल में जिन 22 सीटों पर प्रचार किया था, उनमें से 19 सीटों पर भाजपा ने विजय का भगवा ध्वज लहरा दिया। उत्तर 24 परगना, हुगली, पुरुलिया व बांकुड़ा में योगी की सभाओं में जुटी भारी भीड़ ने माहौल जोशीला बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी। सोनामुखी (बांकुड़ा), नंदकुमार (पूर्व मेदिनीपुर), कांथी दक्षिण, बाराबनी, और रामपुरहाट उन प्रमुख सीटों में शामिल रहीं, जिन पर योगी की सभाओं के बाद भाजपा ने टीएमसी पर बढ़त बनाई। योगी ने अपनी रैलियों में कानून-व्यवस्था, बुलडोजर, भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया।



## हिमंत बने असम में हैट्रिक के नायक

श्रीप्रकाश, गुवाहाटी

असम में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। साल 2014 से लेकर अब तक हुए हर चुनाव में भाजपा की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। इस बार राज्य में अपने दम पर पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनने जा रही है। भाजपा के ही दम पर उसके सहयोगी दल असम गण परिषद तथा बीपीएफ की भी इस चुनाव में स्थिति अच्छी रही है। भाजपा की इस बड़ी जीत के नायक मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा रहे, जिन्होंने 11 साल के भीतर पार्टी को शिखर पर पहुंचा दिया। साल 2015 में जब वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, तो भाजपा के सिर्फ पांच विधायक थे, जो 2011 के चुनाव में जीते थे।

भाजपा ने 2021 चुनाव में संकल्प पत्र में जो वादे किए थे, उन्हें न सिर्फ शत प्रतिशत, बल्कि उससे आगे जाकर पूरा किया। बीते 5 वर्षों में डेढ़ लाख से अधिक बेरोजगारों को सरकारी नौकरियां स्वच्छ तरीके से दी गईं, जबकि घोषणा पत्र में एक लाख नौकरी का ही वादा था। महिलाओं के लिए अरुणोदय योजना का सफल क्रियान्वयन हुआ। प्रत्येक महीने की 10 तारीख को महिलाओं के खाते में 1250 रुपये पहुंचते रहे। 'लखपति बाईदेउ', 'निजूत मोइना' योजनाओं के साथ ही युवाओं के रोजगार, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई से लेकर किसानों तक के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े पुल, ओवरब्रिज, चौड़ी सड़कें, रिंग रोड, ब्रह्मपुत्र में टनल और कई पुल बनवाए या निर्माणाधीन हैं। डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक युद्धस्तर पर काम किया तो संगठन ने भी हर दिन चुनाव प्रचार के तरीके से कार्य किया।



### विपक्ष के धराशायी होने का कारण

- राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस नेतृत्व को लेकर खींचतान से कमजोर होती गई। जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने के बदले इसके नेता मुख्यमंत्री के परिवार और भाजपा नेताओं के विरुद्ध प्रचार में लगे रहे। विदेशी घुसपैठियों के विरुद्ध भाजपा सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का कांग्रेस ने लगातार विरोध किया। पार्टी अध्यक्ष गौरव गोगोई नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले जोरहाट में मजार पर माथा टेकने पहुंचे। कांग्रेस की इसी नीति से नाराज पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा और सांसद प्रद्युत बरदलै जैसे दिग्गज नेता चुनाव के मौके पर भाजपा में शामिल हो गए और चुनाव जीत गए। गठबंधन पर भ्रम की स्थिति रही। विपक्षी गठबंधन संयुक्त रूप से चुनाव प्रचार भी नहीं कर सका। ऐसें में कांग्रेस विदेशी घुसपैठी बहुल सीटों तक ही सिमट कर रह गई। रही सही कसर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पूरी कर दी। उन्होंने मुख्यमंत्री की पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए, फिर उन पर डटकर खड़े रहने के बदले भागते फिरे, जिसका उल्टा असर मतदाताओं पर पड़ा।

## अहंकार और भ्रष्टाचार ने डुबोई ममता दीदी की नैया

जेके सिंह, कोलकाता

**अमृत विचार।** अहंकार और भ्रष्टाचारियों के बचाव के साथ मुस्लिम परस्ती के कारण ममता बनर्जी का पतन हुआ और पश्चिम बंगाल में भगवा लहर बनी। साल 2011 के बाद से कोलकाता सहित बंगाल में सफेद साड़ी में लिपटी ममता बनर्जी के पोस्टर लगाए जाते थे, जिनमें नीचे लिखा रहता था- ईमानदारी की प्रतीक। लेकिन 2026 आते-आते इस सफेद साड़ी पर भ्रष्टाचार के बहुत सारे धब्बे लग चुके थे।

सरकारी कर्मचारियों ने इस बार टीएमसी का साथ छोड़ दिया, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उनके बकाया डीए का भुगतान नहीं किया गया। नियुक्ति घोटाले के कारण 26 हजार टीचरों की बरखास्तगी गले की हड्डी बन गई। इस मामले में भ्रष्टाचारियों के



खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उनके समर्थन में ममता सुप्रीम कोर्ट तक गई थीं। तत्कालीन शिक्षा मंत्री परेश अधिकारी की बेटी की नियुक्ति अध्यापिका के पद पर अवैध रूप से की गई थी। हाई कोर्ट के आदेश पर उनकी बर्खास्तगी हुई थी। लेकिन इस बार उन्हें फिर टिकट दे दिया गया, नतीजन पुरुलिया जिले में तृणमूल का सूपड़ा साफ हो गया है। राशन घोटाले के प्रमुख अभियुक्त व पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को फिर पार्टी ने टिकट दिया, जिससे उत्तर 24 परगना में टीएमसी की हवा निकल गई।

### सोना, सिलिंडर और फ्री यात्रा ने थलपति विजय को सीएम की कुर्सी के करीब पहुंचाया, सत्ता पाने की सीढ़ी कहीं छोटी न रह जाए, इसलिए कर डाले बड़े- बड़े वादे

## 49 साल बाद तमिलनाडु में एमजी रामचंद्रन जैसा करिश्मा

दिग्विजय सिंह, अमृत विचार

तमिलनाडु में अभिनेता थलपति विजय की ताजपोशी होना तय है। विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम ने इतिहास रच दिया है। थलपति विजय मुख्यमंत्री बनने पर पिछले 49 साल का रिकार्ड तोड़ देंगे। एमजी रामचंद्रन द्वारा 1977 के विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करने के बाद राज्य में अपनी नई पार्टी खड़ी करके अभिनेता से मुख्यमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति होंगे। अभिनेता विजय के सात वादों ने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी के करीब पहुंचा दिया।सोना, सिलिंडर, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा, 12 वीं तक के बच्चों को प्रत्येक वर्ष 15 हजार रुपये की आर्थिक मदद और बेरोजगारी भत्ता जैसे उनके वादे डीएमके को सत्ता से हटाने में बड़े मददगार बने। सत्ता पाने की सीढ़ी कहीं छोटी न रह जाए, इसलिए उन्होंने बड़े- बड़े वादे कर डाले।



### 'मैदान में कदम रख दिया तो जीतना ही होगा'

थलपति विजय का फिल्म 'बिगिल' के हिट डॉयलाग ' मैंने एक बार मैदान में कदम रख दिया तो जीतना ही होगा' के साथ सीटी बजाना उनकी जनसभाओं में उमड़ती भीड़ का उत्साह आसमान पर पहुंचा देता था। इससे उनकी फैन फालोइंग वोटों में तब्दील हो गई। चुनाव अभियान आगे बढ़ने के साथ जेन-जी और युवा वोटर्स जो अपनी पारंपरिक पार्टियों से नाराज और बदलाव की तलाश में थे, उनके साथ तेजी से जुड़ते चले गए। ऐसे में विजय को लगा कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का वादा करके वे सत्ता के शीर्ष पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने ऐसा किया भी। गांव- गांव, शहर की हर गली में समर्थक युवाओं की मजबूत टोली ने उनके हर वादे को घूम-घूमकर घर- घर तक पहुंचाया। इसलिए उन्होंने न सिर्फ अन्नाद्रमुक और भाजपा नेताओं के गठबंधन प्रस्ताव को ठुकराया बल्कि द्रमुक की सहयोगी पार्टी कांग्रेस के गठजोड़ के प्रयास को भी सिरे से खारिज किया।

- थलपति विजय न सिर्फ सत्तारूढ़ डीएमके मुखिया एमके स्टालिन पर आक्रमक रहे बल्कि अन्नाद्रमुक और भाजपा को भी उन्होंने खूब खरी खोटी सुनाई। वे यह स्थापित करने में कामयाब रहे कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक नहीं बल्कि वे ही सत्ता में आकर वहां के लोगों की तकदीर और तमिलनाडु की तस्वीर बदल सकते हैं। थलपति विजय ने 60 साल उम्र तक की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का वादा किया। कहा कि इस उम्र की ऐसी महिलाएं जो घर की मुखिया होंगी, उन्हें 2,500 रुपये प्रतिमाह देंगे। इसके साथ ही उन्होंने हर परिवार को छह एलपीजी गैस सिलिंडर फ्री में देने की बात कही थी। इसके साथ ही बहन-बेटियों के विवाह के लिए आठ ग्राम सोना देने का वादा किया। सिल्क साड़ी देने की उनकी योजना ने भी मतदाताओं का ध्यान खींचा। सोने की बढ़ती कीमतों के बीच आठ ग्राम सोना फ्री मिलने की बात हर मतदाता को अच्छी लगी। कक्षा 1 से 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए हर साल 15 हजार की मदद का एलान अभिभावकों को लुभा गया तो सरकारी बसों में महिलाओं के लिए फ्री का वादा भी काम कर गया। ग्रेजुएट्स को चार हजार रुपये और डिप्लोमा धारकों को ढाई हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने के वादे ने युवाओं को विजय के साथ आने पर मजबूर किया। 5 एकड़ तक जमीन वाले छोटे किसानों का पूरा कर्ज माफ करने और 5 एकड़ से ज्यादा जमीन वाले किसानों का 50 फीसदी कर्ज माफ करने के वादे ने किसानों को उनकी तरफ मोड़ा। अब देखना यह है कि सत्ता शीर्ष पर बैठने के बाद विजय इन वादों को कब और कैसे पूरा करते हैं।



पश्चिम एशिया संकट : बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी -12



चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा -12



जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिका ने होर्मुज में बनाया अलग मार्ग -13



घरेलू मैदान पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास करेगी दिल्ली कैपिटल्स -14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:54 उपरांत मूल विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 5 मई 2026, वर्ष 4, अंक 258, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये


# नई ट्रांसफर नीति लागू, तबादले आज से

## योगी कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों पर लगाई मुहर | अधिकतम 10% कर्मचारियों के होंगे तबादले

## विभागाध्यक्ष और संबंधित मंत्री मिलकर लेंगे निर्णय, कड़ाई से होगा पालन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में पेश किए गए 31 प्रस्तावों में से 29 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। सरकार ने वर्ष 2026-27 की ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है। अब 5 मई से 31 मई तक विभागाध्यक्ष और संबंधित मंत्री मिलकर तबादलों का निर्णय लेगें।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि 31 मई के बाद सामान्य परिस्थितियों में तबादलों पर रोक रहेगी। साथ ही, किसी भी विभाग में कुल स्वीकृत पदों के अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही स्थानांतरण किए जा सकेंगे। इससे मनमानी और अत्यधिक तबादलों पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है। लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों के स्थानांतरण को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे कार्य संस्कृति में सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। नीति के तहत समूह 'क' व 'ख' के ऐसे अधिकारी, जिन्होंने किसी जनपद में 3 वर्ष या मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं, उनका स्थानांतरण अनिवार्य होगा, जबकि विभागाध्यक्ष/मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अवधि इसमें शामिल नहीं होगी। मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अधिकतम अवधि 3 वर्ष होगी। समूह 'क' व 'ख' के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की संख्या के अधिकतम 20% और समूह 'ग' व 'घ' के कार्मिकों के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत कुल कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10% की सीमा तक किए जा सकेंगे। समूह 'ख' व 'ग' के ट्रांसफर यथासंभव मेरिट आधारित ऑनलाइन प्रणाली से होंगे तथा समूह 'ग' में पटल/क्षेत्र परिवर्तन के नियमों का कड़ाई से पालन होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सुविधा अनुसार तैनाती, आकांक्षी जनपदों में प्राथमिकता पोस्टिंग और स्थानांतरण सत्र के बाद समूह 'क' व 'ख' के ट्रांसफर हेतु मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य जैसे प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।



लखनऊ में कैबिनेट बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी।

### ऊर्जा क्षेत्र : किसानों को मुआवजा और सोलर प्लांट को मंजूरी

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि कैबिनेट ने ऊर्जा विभाग के तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। हाईटेंशन लाइनों के टावर से प्रभावित जमीन के लिए अब किसानों को मुआवजा मिलेगा। टावर के नीचे की जमीन और उसके एक मीटर क्षेत्र का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाले हिस्से का 30 प्रतिशत मुआवजा तय किया गया है। इसके अलावा जालौन में 500 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसे उत्तर प्रदेश उत्पादन निगम और कोल इंडिया मिलकर विकसित करेंगे। क्षेत्र में बढ़ती जरूरत को देखते हुए 653 करोड़ रुपये की लागत से 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन भी बनेगा।

### 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना को स्वीकृति

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने बताया कि 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना शुरू की जाएगी, जिसमें गुणवत्ता और पैकेजिंग सुधार पर जोर रहेगा। इसके तहत व्यंजन महासम्मेलन भी आयोजित होगा। संत कबीर टेक्सटाइल्स एंड अपेरल पार्क के तहत नगीना (बिजनौर), बहेड़ी (बरेली), अमरोहा और मगहर में पार्क विकसित किए जाएंगे, जिसके लिए भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है।

### अन्य अहम फैसले

- लखनऊ में 540 करोड़ से आउटर रिंग रोड से टेक्सटाइल पार्क तक 6-लेन सड़क
- लोनिवि में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने को नई व्यवस्था
- फिरोजाबाद में अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी
- एनटीपीसी की परियोजनाओं में फ्लाई ऐश आधारित ईंटों के उपयोग को बढ़ावा
- हाईकोर्ट में ई-सेवा केंद्रों के कर्मचारियों का कार्यकाल 2 से बढ़ाकर 3 वर्ष करने का निर्णय
- वाराणसी में बनेगा टेक्सटाइल पार्क, सहकारी कताई मिल की 251.805 एकड़ भूमि नि:शुल्क हस्तांतरित
- टाटा एंटरप्राइजेज के सहयोग से प्रदेश के 150 राजकीय विद्यालयों में बनेंगे ड्रीम स्किल लैब
- झांसी में 300 जल निगम (नगर) के देय जल मूल्य का भुगतान स्वीकृत
- डिजिटल कचरे के सुरक्षित निस्तारण को ई-वेस्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू
- कुशीनगर में नया नर्सिंग कॉलेज को 0.405 हेक्टेयर भूमि दी गई नि:शुल्क
- ग्रेटर नोएडा में बनेगा 400/220 केवी सबस्टेशन, 653 करोड़ की परियोजना
- बिटुमिन की कीमत बढ़ोतरी पर राहत, ठेकेदारों को मिलेगा समायोजन

### अद्भुत दृश्य



अयोध्या में सोमवार दोपहर आंधी-पानी के दौरान राम मंदिर परिसर से एक अद्भुत तस्वीर सामने आई है। कड़कती बिजली के प्रकाश के बीच मंदिर की निराली छटा बिखर गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस पल के साक्षी बने। ट्रस्ट पहले ही दावा कर चुका है कि राम मंदिर को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए मंदिर के शिखर पर तड़ित चालक यंत्र स्थापित किया गया है। यह तस्वीर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर साझा की है।

# यूपी में आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 10 लोगों की गई जान

- 22 जिलों में तूफानी बारिश कई जगह पेड़-पोल उखड़े, टंकी क्षतिग्रस्त, शादी के मंडप उड़े
- मौसम विभाग का अलर्ट, 64 जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं और बारिश होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को तेज आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। अयोध्या, सीतापुर व बाराबंकी में ओलावृष्टि हुई, जबकि वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर समेत 22 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश ने कहर बरपाया। इस दौरान नौ लोगों की मौत हुई। कई जगह पेड़-पोल व शादी मंडप उखड़ गए। सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी ढह गई। मौसम विभाग ने 64 जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ में सुबह अचानक मौसम बदला और दिन में अंधेरा छा गया। करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश और गरज-चमक का दौर चला, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और जलभराव की स्थिति बन गई। लखनऊ में मड़ियांव के भरत नगर में दीवार ढहने से अंकित शर्मा (34) की मौत हो गई और मिस्त्री चोटिल हो गया। वहीं बिजली गिरने से बहराइच में 52 वर्ष निवासी नत्थनपुर किसान के अलावा गोंडा में आंधी-पानी से तीन, अंबेडकरनगर में एक व बलरामपुर में ई-रिक्शा चालक तुलाराम (32) की मौत हो गई है। कासगंज में मकान गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि संभल में आकाशीय बिजली से एक बच्ची की जान चली गई। सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई और शादी के मंडप उड़ गए। बाराबंकी में 50 मिमी बारिश हुई। सुल्तानपुर में 35.3 मिमी और गोंडा में 31.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।

### प्रतिकूल मौसम में लोगों के बीच रहें अधिकारी : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में हुई आंधी-बारिश व विपरीत मौसम की स्थितियों को देखते आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। सीएम ने मौसम से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के बीच जाएं और उनसे सीधा संपर्क करें और राहत कार्यों के लिए समन्वय बनाएं।

### तूफान में फंसी केशव-ब्रजेश की फ्लाइट

दिल्ली से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 को खराब मौसम के कारण भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस विमान में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान ने तीन बार उतरने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं और कम दृश्यता के कारण सफल नहीं हो सका।

### न्यूज ब्रीफ

#### रुपया 39 पैसे टूटा, अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 पर

**मुंबई।** रुपया सोमवार को 39 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति और आर्थिक नरमी की आशंकाएं बढ़ने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 110 डॉलर के आसपास बनी हुई है जिससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं।

#### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 23.40 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सरकार का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 5.12 प्रतिशत बढ़कर 23.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। हालांकि यह मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए तय संशोधित बजट लक्ष्य से कम है। 2025-26 के संशोधित अनुमान में संग्रह 24.21 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया था। मूल बजट अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये था।

# सड़क हादसे में दो सगे भाईयों समेत 8 लोगों की मौत

- बाइकों की टक्कर के बाद बेकाबू कार ने सड़क पर लोगों को रौंदा, इलाके में मचा कोहराम

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात हुए भीषण सडक़ हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया है। अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर अशरफपुर भुवा स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के बाद अनियंत्रित कार ने कई लोगों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में कुल आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 11:30 बजे दो बाइक सवार आपस में टकराकर सडक़ पर गिर पड़े। इसी दौरान जलालपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिरे लोगों को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरी। अचानक हुए इस दूसरे हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जलालपुर और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सीएचसी नगपुर जलालपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां से उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। हादसे में मृतकों की पहचान कैफी उर्फ छोटू पुत्र हसल मोहसिन आयु 32 वर्ष, उत्तम कुमार पुत्र जगतपाल निषाद आयु 24 वर्ष, आदित्य कुमार पुत्र मायाराम आयु 24 वर्ष, लालचन्द्र पुत्र फेकूराम आयु 24 वर्ष, राजू गुप्ता पुत्र छेदी गुप्ता आयु 32 वर्ष, छोटू पुत्र मायाराम आयु 16 वर्ष, साहिल पुत्र सालिकराम आयु 35 वर्ष, इन्द्रेश पुत्र स्व. आलोक आयु 21 वर्ष के रूप में की गई है। आदित्य और छोटू सगे भाई थे। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तेजवीर सिंह ने सडक़ हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# होर्मुज से फंसे पोतों को सुरक्षित निकालने में करेंगे मदद : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज में फंसे अन्य देशों के पोतों को सुरक्षित निकालने में सोमवार से मदद करेगी।

इसके साथ ही ट्रंप ने साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया में किसी भी तरह के हस्तक्षेप से सख्ती से निपटा जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम का उद्देश्य उन विदेशी पोतों की मदद करना है जो प. एशिया में हो रहे घटनाक्रम से किसी भी तरह जुड़े नहीं हैं।

# पीएम मोदी के प्रति अटूट जनविश्वास का प्रतीक है जीत : योगी

- सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई, जनता का जताया आभार
- भाजपा मुख्यालय में मना जश्न ढोल-नगाड़ों पर नाचे डिप्टी सीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश 'नए भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि देश की जनता सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद के पक्ष में खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना जनता के इसी विश्वास का परिणाम है। यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री के 'नए भारत' के विजन को और गति देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनादेश देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों के साथ जीत का जश्न मनाया। भाजपा मुख्यालय में दोनों उपमुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य करने के साथ आतिशबाजी भी की।



भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाते सीएम योगी एवं भाजपा कार्यालय में जश्न मनाते दोनों उपमुख्यमंत्री।

# चार बच्चों व मां का हत्यारा मुठभेड़ में ढेर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



आमिर

- फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाई में दो पुलिसकर्मी भी घायल

**अमृत विचार।** चार मासूम बच्चों और उनकी मां की हत्या के आरोपी आमिर को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ सोमवार सुबह टांडा-बांदा हाईवे किनारे अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी विनोद यादव के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। पुलिसकर्मी जाकिर हुसैन और एसआई राजेश यादव भी घायल हुए हैं, जो जिला अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस के अनुसार आरोपी आमिर हत्या और दुष्कर्म के मामलों में जमानत पर है।

बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में बीते दो मई को चार मासूम भाई-बहनों की बेरहमी से ईंट से कूचकर हत्या की गई थी। घटना के बाद बच्चों की मां गासिया खातून संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी, जिससे पुलिस ने शुरुआत में उसी पर हत्या का शक जताया था। मगर तीन मई को गासिया का शव घर से करीब 100 मीटर दूर नाले के किनारे मिला था, उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे मामला और उलझ गया। सीओ नीतीश तिवारी ने बताया कि महिला का पति सऊदी अरब में है। परिवार वालों के मुताबिक उसने वहां पर पाकिस्तानी महिला से शादी कर ली है। इसलिए आरोपी आमिर महिला से शादी करके उसकी जमीन और अन्य संपत्ति हड़पना चाहता था, लेकिन उसने इंकार कर दिया। जिसके बाद उसने चार मासूम बच्चों और गासिया की निर्मम हत्या कर दी। जांच के दौरान सामने आए सुरागों के आधार पर पुलिस ने आमिर को मुख्य आरोपी माना। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। तभी नेवतरिया बाईपास के पास पुलिस टीम ने सूचना पर घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आमिर ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियां उसके सीने में जा लगीं। तीन गोलियां लगने से वह मौके पर ही ढेर हो गया।

पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग एसपी प्राची सिंह लगातार कर रही थीं और टीम को हर मूवमेंट पर निर्देश दे रही थीं। आमिर लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उसके खिलाफ हत्या, रेप और गोवध समेत कई गंभीर मुकदमें दर्ज थे। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी अमिर को गोली लगी है।

टिप्पणी | ईडी को नोटिस जारी नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही कार्यालय के अधिकारियों पर साधा निशाना

# रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारी खुद को समझते हैं सुपर सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- 37,000 करोड़ के निवेश धोखाधड़ी मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही रजिस्ट्री कार्यालय पर निशाना साधते हुए उसके रवैये को अनुचित करार दिया और कहा कि उसके अधिकारी खुद को सुपर सीजेआई समझते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 37,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश धोखाधड़ी के मामले में आरोपी आयुषी मित्तल उर्फ आयुषी अग्रवाल द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

सीजेआई ने याचिका पर 23 मार्च को पारित एक आदेश का हवाला दिया और आश्चर्य जताया कि रजिस्ट्री अधिकारियों ने यह कैसे समझा कि पीठ ने याचिका पर ईडी और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी नहीं किया। सीजेआई ने कहा, रजिस्ट्री ने बिल्कुल अनुचित व्यवहार किया है। रजिस्ट्री का यह रवैया बिल्कुल ठीक नहीं है। यहां बैठा हर व्यक्ति खुद को 'सुपर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया' समझता है। पीठ ने अपने नए आदेश में कहा, ईडी निदेशक को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है और कहा गया कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया था। (शीर्ष अदालत के) न्यायिक रजिस्ट्रार इस बात का तथ्यान्वेषण करें कि 23 मार्च के हमारे आदेश का अर्थ ईडी को नोटिस जारी न करना कैसे है। प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजा जाए। याचिकाकर्ता आयुषी मित्तल, उनके पति और उनकी कंपनी पर बड़े पैमाने पर निवेश संबंधी धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। बचाव पक्ष का दावा है कि निवेशकों को धनराशि का एक बड़ा हिस्सा लौटा दिया गया है, लेकिन फिलहाल ईडी द्वारा 'फ्रीज' किए गए बैंक खातों में कई सौ करोड़ रुपये फंसे हुए हैं।

### पीठ ने 23 मार्च को ईडी को कार्यवाही में पक्षकार बनाने का दिया था आदेश

पीठ ने 23 मार्च के अपने आदेश में मामले में पक्षकार राजस्थान सरकार के वकील द्वारा ईडी को कार्यवाही में पक्षकार बनाने के मौखिक अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। इसका उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि याचिकाकर्ता और उसके परिवार से संबंधित सभी चल और अचल संपत्ति को विधिवत कुर्क किया गया है या नहीं। पीठ ने दोहराया कि संपत्ति का ''विस्तृत विवरण'' प्रदान किए जाने तक वह जमानत याचिका के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी। अदालत ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए कानूनी प्रतिनिधि को याचिकाकर्ता, उसके पति, उनके बच्चों, माता-पिता, भाई-बहनों और सास-ससुर की अचल संपत्ति का विस्तृत ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था। अदालत ने कंपनी के निदेशकों, प्रबंधकों और प्रमुख कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण भी मांगा था। पीठ ने कहा था, जब तक ये संपूर्ण विवरण उपलब्ध नहीं कराए जाते, हम जमानत याचिका पर विचार नहीं करेंगे। न्यायिक रजिस्ट्रार को रजिस्ट्री के भीतर प्रशासनिक चूक की जांच करने का कार्य सौंपा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अदालत के पिछले निर्देशों की अनदेखी क्यों की गई। पीठ ने कहा कि वह याचिका को मई में किसी दिन सूचीबद्ध करेगी।

न्यूज ब्रीफ

### 15 जिलों में 30 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में 15 जनपदों में स्थापित 30 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का लोकार्पण किया। इस दौरान हरदोई में सर्वाधिक सात केंद्रों का उद्घाटन हुआ, जबकि अन्य जिलों में एक अथवा दो-दो केंद्र स्थापित किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण के लिए एक अरब रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके सापेक्ष 46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। **इन जिलों को मिले गो आश्रय केंद्र :** फर्रूखाबाद (1), गोरखपुर (2), सीतापुर (1), हमीरपुर (1), जालौन (2), जौनपुर (1), झांसी (1), हरदोई (7), बिजनौर (1), अलीगढ़ (2), फतेहपुर (1), बांदा (1), बस्ती (2) और हापुड़ (1) में वृहद गो संरक्षण केंद्रों का लोकार्पण किया गया।

### पीजीटी परीक्षा 9 और 10 मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) लिखित परीक्षा-2022 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों को परीक्षा नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पिछली कमियों को दोहराने की अनुमति नहीं होगी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित यह परीक्षा 9 और 10 मई को प्रदेश के 17 जिलों—आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी—में कराई जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी : सुबह 9 :30 से 11 :30 बजे और दोपहर 2 :30 से 4 :30 बजे तक। 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मुख्य सचिव ने नोडल अधिकारी, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती, कार्मिकों के प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम की स्थापना व सीसीटीवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# हाईटेंशन लाइन के खंभों के नीचे अब दोगुना मुआवजा

## कैबिनेट ने दी मंजूरी, किसानों को मिलेगा लाभ, टावर बेस पर 200 प्रतिशत और लाइन कॉरिडोर पर 30 प्रतिशत भुगतान का प्रावधान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हाईटेंशन बिजली लाइनों से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब 765, 400, 220 और 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों के टावर (खंभों) के नीचे आने वाली जमीन पर किसानों को 200 प्रतिशत यानी जमीन की कीमत का दोगुना मुआवजा मिलेगा। इसके साथ ही, जिन खेतों के ऊपर से बिजली की लाइनें गुजरती हैं (राइट ऑफ वे/कॉरिडोर), वहां जमीन की कीमत का 30 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। सरकार का अनुमान है कि इस नई व्यवस्था से किसानों को कुल मिलाकर 21 से 33 प्रतिशत तक अधिक लाभ मिलेगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 से पहले ऐसी जमीनों पर लगभग कोई मुआवजा नहीं मिलता था। बाद में टावर बेस पर करीब 85 प्रतिशत तक मुआवजा देने की व्यवस्था की गई, लेकिन लाइन कॉरिडोर के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं था। नई नीति इस कमी को दूर करती है। उन्होंने बताया कि मुआवजा जिलाधिकारी द्वारा तय सर्किल रेट के आधार पर दिया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी और किसानों को उचित मूल्य मिल सकेगा।

नई व्यवस्था से किसानों को पहले की तुलना में अधिक और न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा। इससे जहां किसानों की आय में वृद्धि होगी, वहीं बिजली परियोजनाओं को लेकर उनका सहयोग भी बढ़ेगा। सरकार का मानना है कि इससे विकास कार्यों और किसान हितों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित होगा।

### बिना बैंक कर्ज पूरी हुई गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना : योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के 371 तथा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के 129 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को अपने संसाधनों से पूरा करने में सक्षम हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना किसी बैंक कर्ज के 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से किया गया है। उन्होंने बताया कि नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश 'बीमारू' राज्य की श्रेणी से निकलकर रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना है, जहां बेहतर प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन से बजट और प्रति व्यक्ति आय में तीन गुना वृद्धि हुई है। गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे नौ इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित है तथा अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। एमएसएमई क्षेत्र से करीब 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

### हर जिले में दो फेलो की तैनाती

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित ओटीडी सेल को मजबूत करने के लिए दो विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे, एक आर्थिक विकास फेलो और एक डेटा विश्लेषक फेलो। ये दोनों मिलकर जिले की आर्थिक गतिविधियों की निगरानी और रणनीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। ये फेलो विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कृषि, उद्योग, निवेश, अवसंरचना, पर्यटन, रोजगार और जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नियमित समीक्षा करेंगे। नियोजन विभाग के डैशबोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्टिंग और केपीआई आधारित मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तथ्यपरक और परिणामोन्मुख बनेगी।

**पीडब्ल्यूडी में सख्ती, गुणवत्ता से समझौता नहीं :** कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग में निविदा प्रक्रिया को और सख्त और पारदर्शी बनाने का फैसला भी किया है। 5 करोड़ से अधिक के कार्यों के लिए एसबीडी और 5 करोड़ से कम के लिए टी-1/टी-2 प्रणाली लागू होगी। कम दर पर टेंडर लेने वालों से अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी ली जाएगी और 15 प्रतिशत से अधिक कम बोली पर गुणवत्ता की विशेष जांच होगी।

### डिजिटल सिस्टम से साक्ष्य होंगे सुरक्षित छोटे अपराधों में जेल के बजाय सेवा

योगी कैबिनेट ने नई न्याय संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन महत्वपूर्ण नियम लागू किए हैं, पहला ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम, दूसरा ई-समन (इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका) नियम और तीसरा सामुदायिक सेवा गाइडलाइंस 2026 है। ये नियम न्याय प्रक्रिया को आधुनिक, तेज और ज्यादा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। ई-साक्ष्य के तहत अब डिजिटल सबूत सुरक्षित और मजबूत होंगे। नए ई-साक्ष्य प्रबंधन नियमों के तहत डिजिटल सबूत (जैसे मोबाइल डेटा, वीडियो, ईमेल आदि) को एक वैज्ञानिक तरीके से इकट्ठा, सुरक्षित और अदालत में पेश किया जाएगा। इससे सबूत के साथ छेड़छाड़ की संभावना कम होगी। केस मजबूत होंगे और फैसले ज्यादा सटीक होंगे। वहीं, ई-समन नियम के तहत अब कोर्ट के समन और वारंट डिजिटल माध्यम से भेजे जा सकेंगे, जैसे ईमेल, मोबाइल मैसेज या अन्य ऐप्स के जरिए। इससे नोटिस जल्दी पहुंचेगा। साथ ही, प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक करने योग्य बनेगी तो वहीं महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में पहचान गोपनीय रहेगी। सामुदायिक सेवा की नई गाइडलाइंस के अनुसार छोटे अपराधों में अब जेल भेजने के बजाय 'सामुदायिक सेवा' कराई जा सकेगी। इससे अपराधियों को सुधार का मौका मिलेगा। जेलों पर बोझ कम होगा और समाज के लिए उपयोगी कार्य (जैसे सफाई, वृक्षारोपण, गो-सेवा, ट्रैफिक मैनेजमेंट) होंगे।

### लखनऊ में 546 करोड़ की सड़क परियोजना मंजूर

राजधानी में आउटर रिंग रोड के रैथा अंडरपास से पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 6-लेन सड़क निर्माण और आईआईएम मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 546 .51 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी।

**टेक्सटाइल पार्क से औद्योगिक विकास को मिलेगा बल :** संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना के तहत चार बंद कताई मिलों की 251.8 एकड़ भूमि उद्योग विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने को मंजूरी दी गई है। इससे रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### योगी ने जहां किया प्रचार स्ट्राइक रेट धुआंधार

**अमृत विचार, लखनऊः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में योगी आदित्यनाथ का चुनावी प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। जिन सीटों पर उन्होंने जनसभाएं और रोड शो किए, वहां भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 22 सीटों पर किए गए उनके प्रचार में से 18 पर भाजपा प्रत्याशी बढ़त में रहे, जबकि 3 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और 1 सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगे रही। चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी, नंदकुमार, कांथी दक्षिण, बाराबनी, रामपुरहाट, बोलपुर, माथाभांगा, धुपगुड़ी, पिंगला, जॉयपुर, गारबेटा, जोरासांको, चकदहा, नबद्वीप, कटवा, बागदा और राजारहाट गोपालपुर समेत कई सीटों पर जनसभाएं कीं। इसके अलावा बांकुड़ा, कल्याणी और दमदम में उनके रोड शो ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन क्षेत्रों में भाजपा की बढ़त को 'योगी फैक्टर' से जोड़कर देखा जा रहा है, जहां उनकी आक्रामक प्रचार शैली और स्पष्ट संदेश ने माहौल को प्रभावित किया।


राजनीतिक दृष्टि से जिन क्षेत्रों में योगी ने प्रचार किया, वहां भाजपा का बेहतर प्रदर्शन उत्तर प्रदेश 2027 की रणनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

# पश्चिम बंगाल में जीत के बाद अब यूपी में 'अश्वमेध' का शंखनाद

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर नई राजनीतिक ऊर्जा दी है। पार्टी के भीतर इन नतीजों को महज जीत नहीं, बल्कि 'अश्वमेध की शुरुआत' के रूप में देखा जा रहा है। यह एक ऐसा अभियान है, जिसमें विस्तार की रणनीति लगातार आगे बढ़ती है। इस 'सनातनी' राजनीतिक के आत्मविश्वास का असर अब उत्तर प्रदेश की 2027 की सियासत में भी दिखने लगा है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सामने नई चुनौती खड़ी होती नजर आ रही है।

प्राचीन भारतीय परंपरा में अश्वमेध यज्ञ सत्ता विस्तार और प्रभुत्व का प्रतीक माना जाता था- घोड़ा जहां-जहां जाता, वहां अधीनता या मुकाबला तय होता था। राजनीतिक विश्लेषक भाजपा की मौजूदा रणनीति को इसी रूपक से जोड़कर देखते हैं, जहां पार्टी



एक राज्य से दूसरे राज्य तक अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल में अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन ने इस रणनीति को मनोवैज्ञानिक बढ़त दी है, जिसे 2027 के यूपी चुनाव की तैयारी की पृष्ठभूमि के रूप में देखा जा रहा है। विपक्ष के लिए राह आसान नहीं दिख रही। सपा को अपने पारंपरिक वोट बैंक से बाहर विस्तार की चुनौती है, बसपा को अपने घटे जनाधार को फिर से मजबूत करना होगा, जबकि कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक उपस्थिति बढ़ानी होगी। पश्चिम बंगाल के नतीजों ने भाजपा को रणनीतिक बढ़त दी है। पार्टी इसे उत्तर प्रदेश 2027 की तैयारी का शुरुआती संकेत मान रही है, जबकि विपक्ष के सामने अपनी राजनीतिक जमीन को पुनर्गठित करने की चुनौती और कठिन होती नजर आ रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति का असर पिछले चुनावों में भी दिखता रहा है।

### मोदी-शाह के साथ 'योगी फैक्टर' की गूंज

भाजपा रणनीतिकारों के अनुसार, नरेंद्र मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की तिकड़ी पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनी हुई है। केंद्र की योजनाएं, संगठन की मजबूती और राज्य नेतृत्व का प्रभाव, इनका संयुक्त असर भाजपा को चुनावी बढ़त दिलाने वाला कारक माना जा रहा है। यूपी में आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को करीब 32% वोट शेयर के साथ 111 सीटें मिलीं, जबकि बहुजन समाज पार्टी का वोट शेयर घटकर लगभग 12-13% और सीट सिर्फ एक रह गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दो सीटें और करीब 2-3% वोट शेयर ही मिला।

### खाद्य तेल में लेड प्रकरण पर मांगी गई राहत

**लखनऊ, अमृत विचार :** खाद्य तेल में लेड की अधिक मात्रा पाए जाने के मामले में राहत व आदेश पर पुनर्विचार की मांग को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब से मुख्यालय में मिला। आयुक्त ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 23 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के कानपुर, आगरा, मेरठ, लखनऊ, हापुड़ और गोरखपुर समेत विभिन्न जनपदों में 14 तेल निर्माता कंपनियों के सरसों, साल्वेंट और पाम ऑयल के नमूने लिए गए थे।



ज्येष्ठ मास के
प्रथम मंगलवार
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# बिक गई सरकारी जमीन, कानों कान खबर नहीं

अयोध्या कार्यालय।

- खरीदारों का पैसा भी गया, पुलिसिया कार्रवाई अलग से

**अमृत विचार:** अयोध्या में जमीनों की ऐसी लूट मची है कि सरकारी जमीनें बेंच दी गईं और किसी को कानोकान खबर तक नहीं लगी या फिर मिली भगत रही है। यह सुनने में थोड़ा अटपटा लगता है लेकिन ऐसा ही हुआ। लेखपाल के निलंबन के बाद अंदरखाने में जांच का दायरा बढ़ने के आसार है। सबसे ज्यादा समस्या तो अब जमीन लेने वालों की है। पैसा भी चला गया और पुलिसिया कार्रवाई अलग से झेले। शहर में अभी और भी ऐसे मामले हो सकते हैं।

पराग डेयरी के पीछे परिक्रमा मार्ग स्थित लगभग छह बीघे जमीन पर भूमाफियाओं की नजर रही है, लेकिन ताज मोहम्मद ने इसे आनन-फानन बेंचना शुरू कर दिया। करोड़ों का खेल किया। लाभ के चक्कर में जमीन लेने वाले अब समस्या में फंस गए। चर्चा रही कि बिना लिखी पढ़ी के पैसे देकर जमीन लेने का खेल उनको महंगा पड़ गया। नजूल की जमीन पर अवैध कब्जे के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। अब पैसे के साथ मुकदमेबाजी में जमीन खरीदने वाले 22 लोग आ गए हैं। दो महीने से चल रहे इस खेल में विभाग के एक लेखपाल को निलंबित किया गया लेकिन सवाल यह है कि इतने दिनों तक यह खेल चलता रहा है और संबंधित को पता भी नहीं चला। कोशिश रही कि एक बार इस जमीन पर मकान खड़ा हो गया तो लंबी प्रक्रिया में फंस जाएगा और खेल सफल हो जाएगा लेकिन किसी तरह इसका खुलासा हो गया। अब जमीन बेंचने के आरोपी से खरीदारों के पैसे निकलवाने को लेकर कार्रवाई बताई जा रही है।

## 40 दिन की ट्रेनिंग पर गए एसडीएम सदर

**अयोध्या, अमृत विचार :** एसडीएम सदर आरपी त्रिपाठी 40 दिन की ट्रेनिंग पर लखनऊ चले गए। बताया गया है कि रविवार को नजूल की जमीन पर अवैध कब्जे को ढहवाने के बाद रात ही ट्रेनिंग का निर्देश आया। इसके बाद वह सोमवार सुबह ट्रेनिंग के लिए निकल गए।

## नजूल की भूमि बेचने के आरोप में केस

**अयोध्या। अमृत विचार :** नजूल की जमीन पर अवैध तरीके से प्लाटिंग कर बेचने के मामले में थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने सर्वे नायब तहसीलदार की तहरीर पर आरोपी ताज मोहम्मद निवासी बेनीगंज के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की धारा तीन के तहत केस दर्ज किया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्राम मांझा जमथरा परगना हवेली अवध तहसील सदर, अयोध्या के अभिलेख में भूमि गाटा संख्या-339 क्षेत्रफल 6-12-5 नजूल में दर्ज है। उक्त राजकीय संपत्ति पर 22 व्यक्तियों अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। जिसे तीन मई को पुलिस व प्रशासन की उपस्थिति में हटवाया गया है। अवैध अतिक्रमणियों ने अपने बयान में कहा गया कि ताज मोहम्मद द्वारा हम सभी लोगों से कहा गया है कि जमीन हमारी है, आप लोग निर्माण कीजिए, सम्पूर्ण जिम्मेदारी हमारी है। निर्माण पूर्ण होने पर कागज दिया जाएगा। अवैध कब्जेदारों के बयान से यह स्पष्ट होता है कि ताज मोहम्मद द्वारा नजूल सरकार की भूमि की खरीद फरोख्त करने व अवैध निर्माण कराने में संलिप्त है। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित धाराओं में केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

# बीईओ को मिले बिना मान्यता संचालित दो स्कूल, बंद कराये

शुजागंज अयोध्या।

- नोटिस के बाद भी नहीं जागे प्रबंधक, छात्रों को अन्य विद्यालयों में शिफ्ट करने के निर्देश

**अमृत विचार :** जांच अभियान के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी( बीईओ) रमाकांत राम को सोमवार को शिक्षा क्षेत्र रुदौली अंतर्गत फत्तापुर खुर्द में संचालित दो निजी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित मिले। दोनों विद्यालयों को तत्काल बंद कराया गया। एक विद्यालय खुला मिला, जहां पढ़ाई जारी थी, जबकि दूसरा विद्यालय बंद पाया गया।

निरीक्षण के दौरान पीडी पब्लिक स्कूल में शिक्षण कार्य संचालित हो रहा था, जबकि सियाराम एजुकेशनल एकेडमी में ताला लटका मिला। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों विद्यालयों को पहले ही पंजीकरण/मान्यता के लिए नोटिस जारी किया जा चुका था, लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिया कि जब तक विद्यालय अपनी मान्यता, रजिस्ट्रेशन पूर्ण नहीं कर लेते, तब तक उनका संचालन पूरी तरह बंद रखा जाए। साथ ही इन विद्यालयों में पढ़ रहे छात्रों को नजदीकी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। बताया कि बिना मान्यता स्कूल चलाना नियमों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने सुनी शिकायतें, दिए निर्देश

**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में राजस्व, पेंशन, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था, रसोई गैस, जमीनी विवाद सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरण आए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 25 तक करें माटीकला से संबंधित आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड से संचालित माटी कला टूल किट्स (विद्युत चालित कुम्हारी चाक) वितरण कार्यक्रम योजनान्तर्गत कुम्हार/प्रजापति समाज के माटी कला के परंपरागत कुशल कारीगर/शिल्पकार, शिक्षित बेरोजगार एवं राजस्व विभाग से मिट्टी निकालने के लिए प्राप्त पट्टाधारक शिल्पियों /कारीगरों के ऑनलाइन आवेदन पत्र 25 मई तक किए जा सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या कार्यालय की सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार विशेष जानकारी के लिए मो .नं.- 9580503164, 9956128787 पर संपर्क कर सकते हैं।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**रुदौली अयोध्या।** थाना पटरंगा के ग्राम सीवन बाजिदपुर गांव में सोमवार दोपहर शौच के लिए गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राम प्रकाश (28) पुत्र स्व मनीराम रावत के रूप में हुई है। पटरंगा पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव तालाब से बाहर निकाला। थाना प्रभारी शशिकांत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रोज जनता दर्शन का आयोजन, शिकायतों का निस्तारण

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रतिदिन (सोमवार से शुक्रवार) सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला, तहसील, ब्लॉक एवं नगर निकाय स्तर पर अधिकारी अनिवार्य रूप से अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर समस्याएं सुन रहे हैं। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि 27 अप्रैल को जनता दर्शन में सोहावल के ब्रह्मादीन से पेंशन व ग्रेच्युटी का आकलन कर लाभ दिलाए जाने का प्रार्थना पत्र दिया था। संबंधित विभाग से पेंशन संशोधन आदेश पारित किया गया। निर्मली कुंड के कृष्ण नंदन मिश्र ने बुकिंग किए गए सिलेंडर को न दिया जाने के संबंध में शिकायत की थी। इस पर जिला आपूर्ति अधिकारी से त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायत का निस्तारण कराया गया। ओम प्रकाश मिश्र ने पुलिस क्राइम ब्रांच से मांगी गई रिपोर्ट न दिए जाने को लेकर शिकायत की। डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बंदरों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को किया घायल, मौत

**अयोध्या।** बंदरों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को हमला करके घायल कर दिया। बाद में उसकी मौत हो गई। बारिश के बाद सोमवार दोपहर एक मोर उडता हुआ रीडगंज ओवरब्रिज के पास एक मकान के छज्जे आ बैठा। बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। वह घायल अवस्था में भागता रहा और बंदर दौड़ाते रहे। वह बगल की झाड़ी में पहुंच एक पेड़ से चिपक गया लेकिन बंदर उसका पीछा नहीं छोड़ रहे थे। बाद में समाचार पत्र के दो युवकों ने लाठी लेकर बंदरों को खदेड़ा। मोर को सुरक्षित लाए। डीएफओ को सूचना दी। वन विभाग के संतोष सिंह पहुंचे उन्होंने उसे देखा, तब तक उसकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मोर का अंतिम संस्कार बनबीरपुर नर्सरी में किया जाएगा।



रामपथ पर साहबगंज में बारिश में लाइट जलाकर गुजरते वाहन।



सोमवार सुबह घने बादलों से अंधेरा छाने पर रामपथ पर लाइट जलाकर गुजरते वाहन।



रामपथ पर राजसदन के सामने भरा पानी।

# दिन में अंधेरा, आंधी और बारिश से सड़कें बनीं नदियां

## मऊ शिवाला में गिरे ओले, 32 एमएम बारिश हुई रिकॉर्ड, मौसम हुआ ठंडा

## रामपथ समेत तमाम गलियों व घरों में भरा पानी, जनजीवन प्रभावित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** जिले में सोमवार को तेज आंधी के साथ भारी बारिश ने पूरे शहर को जलमग्न कर दिया। सुबह पौने 11 बजे के करीब एकाएक घने काले बादल छा गए और दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया। तेज हवा के साथ मूसलधार बारिश हुई। मऊ शिवाला समेत कई अन्य जगहों पर ओले गिरने की खबरें सामने आई हैं। करीब एक घंटे की बारिश के दौरान जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 32 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम ठंडा हो गया। बारिश का पानी रामपथ समेत तमाम प्रमुख गलियों और इलाकों में पानी भर गया। घरों और दुकानों में पानी घुसने की खबरें आईं। अंधेरा हो जाने के कारण लोगों को घरों के बाहर लाइटें जलानी पड़ीं, जबकि वाहन चालकों को भी दिन के समय हेडलाइट्स जलाकर चलना पड़ा।

रामपथ, हनुमान गढ़ी, भक्ति पथ मार्ग, अयोध्या धाम स्टेशन रोड, महाजनी टोला, जनाना अस्पताल रोड, पुष्पराज चौराहा, कौशलपुरी, निराला नगर, डाकखाना मार्ग, चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी सहित लगभग जगह सड़कों पर पानी भर गया। चौक घंटाघर से फतेहगंज रोड, गणेश नगर, देवकाली गांव, जनौरा, कंधारी बाजार, अश्विनीपुरम और आसपास के इलाकों में भी जलभराव देखा गया। कई जगहों पर निचली बस्तियों के घरों में पानी घुस गया, जिससे लोगों को सामान ऊपर उठाने की मजबूरी हो गई।

अस्पताल के जनरल वार्ड में पानी घुस गया, जहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नए अस्पताल भवन में भी पर्चा काउंटर के समीप पानी आ गया। चिकित्सा कर्मचारियों और डॉक्टरों ने मरीजों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने में मदद की। बारिश के कारण व्यापार दिन भर प्रभावित रहा। जगह-जगह जलभराव के कारण जाम की भी स्थिति बनी रही। नगर निगम की ओर से राहत कार्य शुरू कराते हुए मोटर लगवाए गए हैं। इस संबंध में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया, लेकिन रिसीव नहीं हो पाया। अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ ने बताया कि वह असम में मतगणना कराने पहुंचे हैं।




महिला अस्पताल के सामने हुआ जलभराव, गुजरते लोग। अमृत विचार

### बिजली गिरने से मवेशी की मौत

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत खजुरी मिर्जापुर में सोमवार दोपहर तेज आंधी और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंसे की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जिस पेड़ पर बिजली गिरी, उसके नीचे गांव के दीपक कुमार नट पुत्र राजकुमार नट का भैंसा बंधा हुआ था। पीड़ित राज कुमार के अनुसार उसके भैंसे की कीमत 80 हजार रुपये थी।



सिविल लाइन में स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय में भरा पानी। अमृत विचार

### शाम को मौसम बदलते ही हुई बूंदाबांदी

स्थानीय लोगों ने कहा कि कई दिनों से गर्मी बढ़ रही थी, लेकिन इस अचानक आए मौसम परिवर्तन ने राहत तो दी, पर नुकसान भी पहुंचाया। कई जगहों पर बिजली की आपूर्ति भी बाधित रही। हालांकि दोपहर एक बजे के बाद धूप निकलते ही आपूर्ति बहाल हो गई। शाम को पांच बजे के करीब एक बार फिर से मौसम ने करवट ली और बूंदाबांदी शुरू हो गई।



गणेश नगर में हुआ जलभराव।

### नालियां भटी, जलवानपुरावासियों की धड़कनें बढ़ीं

बारिश के दौरान शहर की तमाम नालियां भट गई। अयोध्या धाम में श्रद्धालु गंदे पानी के बीच चलते दिखाई पड़े। अयोध्या धाम स्टेशन रोड पर सीवर उफना गया। वहीं तेज बारिश देखकर जलवानपुरावासियों की धड़कनें बढ़ गईं।



बरसात के बाद ऋषि टोला की सड़क पर बह रहा गंदा पानी।

### इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों में घुसा बारिश का पानी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में सोमवार को हुई तेज बारिश से औद्योगिक क्षेत्र मुमताजनगर में फैक्ट्रियों में पानी घुस गया। काम बंद करने तक की नौबत बताई गई। सफाई न होने से यहां की नालियां उफना गई। जगह-जगह जलभराव हो गया। आईआईए के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुमताजनगर इंडस्ट्रियल एरिया में बारिश का पानी फैक्ट्रियों में घुस गया। कई के दरवाजे तक पहुंच गया। इसका कारण पानी निकासी की व्यवस्था न होना हैं। बताया कि पहले उन्होंने सफाई कराई थी लेकिन इसके बाद न तो सफाई हुई और न ही पानी निकासी की व्यवस्था ढंग से हो पाई। जिससे ये समस्या खड़ी हुई।



इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में भरा पानी।

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, आज भी बारिश के आसार

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र बताते हैं कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बरसात हो रही है। हफ्ते भर तक मौसम में ठंडक रहेगी। अधिकतम पारा 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

## पांच दिन बाद भी दूबे पुरवा में नहीं बहाल हुई आपूर्ति

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार:** पांच दिनों से दूबे का पुरवा अंधेरे में है। उपभोक्ताओं ने लाइनमैन से लेकर जेई तक का फोन घन किया लेकिन फिर भी खराब विद्युत लाइन नहीं बनाई गई। विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के नरायनपुर फीडर के तहत स्थित ग्राम पंचायत कछौली के दुबे का पूरवा में बुधवार को आई तेज आंधी पानी से ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई बंद हो गई। गांव के विनीत कुमार पांडे गोलू, विजय शुक्ला, सत्य प्रकाश दुबे, बालमुकुंद शुक्ला, प्रमोद पांडे, प्रदीप दुबे, पारस पांडे ने बताया कि जब से बिजली खराब हुई लाइन मैन से लेकर यही तक को कई बार बताया गया, लेकिन अभी तक कोई भी विद्युत कर्मी बिजली ठीक करने नहीं आया। गांव में पांच दिनों से अंधेरा है। अवर अभियंता अरविंद प्रजापति ने बताया कि लाइनमैन को भेजा जा रहा है खराबी को ठीक कर विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय | सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की हुई बैठक

# तीन पांडुलिपियों को संरक्षित करने पर बनी सहमति

अयोध्या कार्यालय।

- पहले चरण में कुमारगंज, लखनऊ और बुंदेलखंड से प्राप्त पांडुलिपि का परीक्षण कर मानकों को परखा गया

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में रामायण के तीन पांडुलिपियों को संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की सोमवार को ऑनलाइन बैठक हुई। जिसमें तीनों पांडुलिपियों पर संग्रहालय में रखे जाने की सहमति बनी है।



सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में दुनिया भर की विभिन्न भाषाओं में रचित रामायण की प्राचीन पांडुलिपियों को संरक्षित-संवर्धित किया जाएगा। पहले चरण में तीन स्थान कुमारगंज, लखनऊ और बुंदेलखंड से प्राप्त पांडुलिपि का परीक्षण कर मानकों को परखा गया। ऑन लाइन बैठक में शामिल हुए अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के निदेशक डॉ. संजीव सिंह ने बताया कि विशेषज्ञों ने इन पांडुलिपि पर अध्ययन किया। संग्रहित करने का निर्णय लिया गया है। जल्द ही इन लिपियों को सुरक्षित लाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कुमारगंज से प्राप्त लिपि लगभग 250 वर्ष पुरानी है। इसके अलावा लखनऊ प्राप्त हुई पांडुलिपि 200 वर्ष और बुंदेलखंड में 150 वर्ष पुरानी पांडुलिपि है। बताया कि गठित कमेटी में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, वर्ष 2007 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत संस्कृत विद्वान डॉ. सत्यव्रत शास्त्री, वडोदरा स्थित ओरियंटल इंस्टीट्यूट के वर्तमान प्रभारी निदेशक डॉ. श्वेता प्रजापति, डॉ. श्रीनंद बापट, भंडारकर प्राच्य संस्थान में सहायक क्यूरेटर और पांडुलिपि संरक्षण प्रभारी हैं। कमेटी में इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड से सम्मानित डॉ. अनंब, संग्रहालय के निदेशक संजीव सिंह समेत अन्य लोग शामिल है।

## बाढ़ से निपटने की तैयारी की डीएम ने की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों की तहसीलवार समीक्षा की। निर्देश दिया कि संबंधित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी क्षेत्र में जाकर जमीनी स्थिति का आकलन करें। स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझें। उन्होंने सरयू, तमसा, गोमती एवं बिसुही नदी के कटान प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि सभी नालों एवं ड्रेनेज की समय से साफ-सफाई कराई जाए, जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। बाढ़ चौकियों, राहत केंद्रों एवं राहत शिविरों को पूरी तरह क्रियाशील रखने, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत, चिकित्सा सुविधा, लाइफ जैकेट, गोताखोरों एवं नाविकों की सूची, आवश्यक वाहन और राहत किट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम अमित कुमार भट्ट, सीएमओ, संबंधित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिलेंडर उपभोक्ताओं का बंटवारा, रोष

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई क्षेत्र में कृष्णा इंडेन गैस सर्विस से जुड़े करीब 4300 उपभोक्ताओं को इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा अचानक अन्य एजेंसियों में ट्रांसफर कर दिया गया है। इसमें लगभग 1700 उपभोक्ताओं को मखदूमपुर इंडेन गैस एजेंसी और 2600 उपभोक्ताओं को सुशीला गैस एजेंसी सिठौली से संबद्ध कर दिया गया है। अचानक हुए इस बदलाव से उपभोक्ता इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के किए गए इस ट्रांसफर से उनकी परेशानी बढ़ गई है। लोगों में इस व्यवस्था को लेकर भारी रोष व्याप्त है। वहीं एजेंसी के मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया इंडियन ऑयल कंपनी के निर्देश पर की गई है।

### मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जाना बाजार स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीएचओ ममता वर्मा व नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. शैलेंद्र चौरसिया ने किया। दोपहर तक चले कैंप में कुल 40 मरीजों ने पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में एक्स-रे टेक्निशियन रेनू वर्मा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगिनी मिथिलेश पांडेय, आशा लालमनि, किरन श्रीवास्तव, कुसुम देवी सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### आग से घर का सामान जला

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र के बड़ागांव में खरौआ मुहल्ल्ले के रहने वाले मो. तसौवर छप्पर के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घर में रखा खाद्यान्न, कपड़ा, अनाज, व नगदी जलकर खाक हो गया। वह फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। प्रधान नदीम मलिक ने बताया लेखपाल ने मौका मुआइना कर किया। हल्का लेखपाल विश्वनाथ प्रताप ने बताया लगी आग में हुए नुकसान का मौका मुआयना कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।

### अज्ञात ट्रक चालक पर केस

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कस्बा बीकापुर में चार दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना के मामले में कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना करने वाले अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपुर निवासी रामरती पत्नी शिवनाथ ने बताया कि उनके पति शिवनाथ 30 अप्रैल को भरतकुण्ड जा रहे थे। बीकापुर कस्बा के शराब ठेका के पास अयोध्या से प्रयागराज की तरफ जा रहे ट्रक ने विपरीत दिशा में आकर पति की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पति शिवनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी कोतवाल विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

### खड़े वाहन से टकराई बस, सात यात्री घायल

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र स्थित तहसीनपुर टोल प्लाजा के पास सोमवार सुबह एक बस ढाबे पर खड़े दूध वाहन से टकरा गई। अचानक हुई दुर्घटना से सो रहे यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बस में सवार घायलों को सीएचसी सोहावल भेजवाया। सूचना पर एसडीएम सोहावल सविता देवी के निर्देश पर नायब तहसीलदार रेशू जैन ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। चिकित्सक डॉ. संग्राम सिंह ने बताया कि सभी यात्रियों को मामूली चोटें आई थी, प्राथमिक इलाज के बाद भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी को बस में बिठाकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### किन्नरों की पहचान के लिए मांगे पीले रंग का पहचान पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार।** शादी समारोहों के दौरान नेग लेने के नाम पर फर्जी किन्नर बनकर धोखाधड़ी करने वालों की संख्या बढ़ रही है। हाल ही में शहर की एक कॉलोनी में शादी समारोह के दौरान नकली किन्नरों 21 हजार रुपये व सोने की चेन लूट ली थी। यह आरोप सोमवार को किन्नर समाज की मुखिया पिंकी मिश्रा ने लगाए। उन्होंने कहा कि इससे पूरा किन्नर समाज बदनाम हो रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर कोई भी व्यक्ति किन्नरों के वेश में शादी समारोह में पहुंचकर नेग मांगता है, तो उससे पीले रंग का पहचान कार्ड जरूर मांगें। उसमें समाज के लोगों का मोबाइल नंबर भी लिखा है, जिससे आप संपर्क कर सकते हैं। बताया कि यह कार्ड असली किन्नर समाज के सदस्यों की पहचान के लिए जारी किया गया है।

# बंगाल और असम में भाजपा की प्रचंड जीत, लगे जयश्रीराम के नारे

## आतिशबाजी, बांटा लड्डू, ढोल नगाड़ों के बीच मनाया जश्न

अयोध्या कार्यालय



बंगाल की जीत पर भाजपा कार्यालय में मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य।

**अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत सहित अन्य प्रांतों में पार्टी के प्रदर्शन से खुश भाजपाईयों ने सोमवार को परिणामों की घोषणा होने के बाद सहादतगंज स्थित कार्यालय में जश्न मनाया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी के बीच जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। जीत की खुशी मनाई।जश्न काफी देर तक चला। श्री राम , भारत माता की जय, वंदे मातरम् के जय घोष गूंजे।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कैंप कार्यालय में जीत का जश्न मनाया। उन्होंने मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर बधाई दी। जीत के लिए पीएम मोदी, अमित शाह सहित अन्य नेताओं की नीति और नीयत का परिणाम बताया। कहा कि संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने बंगाल में फूल खिलाया और असम सहित अन्य प्रदेशों में कमल की आभा को बढ़ाया।

पार्टी कार्यालय पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह विजय केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश में राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास मॉडल की स्वीकार्यता का प्रमाण है। जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अब स्थिर, पारदर्शी और विकासोन्मुखी सरकार चाहती है। बंगाल की जनता ने वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारते हुए भाजपा के सुशासन को स्वीकार किया है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल और असम की जीत पीएम मोदी के नेतृत्व और जनता के विश्वास की जीत है। बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने जा रही है, जो सुशासन और विकास की नई दिशा तय करेगी।

जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती का परिणाम है कि भाजपा को ऐतिहासिक सफलता मिली है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अखंड सिंह डिंपल, जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय, करुणाकर पाण्डेय, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।



बंगाल की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।



राम मंदिर के गेट पर फूल उड़ाते व लड्डू बांटते हनुमानगढ़ी के संत-महंत।

## संतों ने भी मनाया पश्चिम बंगाल के जीत का जश्न



हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने झालमुडी बांटते हुए पुजारी राजू दास। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के चुनाव में पहली बार भाजपा को मिली भारी जीत पर अयोध्या में भी संतों ने खुशी का इजहार किया। राम मंदिर व हनुमान गढ़ी मंदिर पर साधु-संतों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए पटाखे जलाए, श्रद्धालु पर फूलों की वर्षा करते हुए लड्डू बांटकर खुशी मनाई। पुजारी राजू दास ने हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने झालमुडी भी बांटे। कहा कि बंगाल में भगवा परचम लहरा रहा है। वहां के लोगों ने चिकित्सा, शिक्षा, रोजी रोजगार, और राष्ट्रवाद को चुना है। वहीं पुजारी रमेश दास ने कहा कि जैसे अयोध्या में बाबरी मस्जिद को मिटाया गया। उसी तरह पश्चिम बंगाल में वर्षों से चल रहे ममता सरकार को भी मोदी-योगी ने मिटा दिया गया।

### भाजपा की जीत पर विधायक ने बांटी मिठाई

**रुदौली, अयोध्या।अमृत विचार :** तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर विधायक राम चंद्र यादव के नेतृत्व में जोरदार जश्न मनाया गया। विधायक यादव ने मां कामाख्या धाम मंदिर व हनुमान किला मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना की। कार्यकर्ताओं को लड्डू बांटकर जीत की खुशी साझा की। मंदिर परिसर "जय श्री राम" और "भारत माता की जय" के नारों से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों व जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। जश्न में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अबीर गुलाल उड़ाते दिखे। इस मौके पर मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल, सभासद आशीष वैश्य, भाजपा नगर अध्यक्ष राम राज लोधी, भाजपा शुजागंज मंडल अध्यक्ष माधुरी सिंह, आशीष शर्मा, श्याम नारायण गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



केरल की जीत पर कांग्रेस कार्यालय में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते कार्यकर्ता।

## केरल की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**अयोध्या, अमृत विचार :** केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि यह जीत आम जनता के विश्वास और कांग्रेस की नीतियों की जीत है। केरल की जनता ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास और जनकल्याण के पक्ष में मतदान किया है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती का परिणाम है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केरल की जनता ने विकास, भाईचारे और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देकर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जश्न में पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, पीसीसी उग्रसेन मिश्रा, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार पांडे, कविंद्र साहनी, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा आदि थे।

# निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराएं : डीएम

अयोध्या कार्यालय।



राम कथा पार्क में निर्माणाधीन वीवीआईपी गेस्ट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी।

**अमृत विचार:** निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराएं। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। जिन ब्लॉकों में किसी प्रकार की बाधा या तकनीकि अड़चन है, उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। ये निर्देश सोमवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को दिये। वे राम कथा पार्क में निर्माणाधीन अति विशिष्ट अतिथि गृह (वीवीआईपी गेस्ट हाउस) के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। डीएम ने परियोजना के विभिन्न ब्लॉकों, मुख्यमंत्री ब्लॉक, रेजिडेंशियल ब्लॉक, डारमेट्री ब्लॉक, सर्विस ब्लॉक और गार्ड रूम आदि को देखकर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, एडीएम सिटी योगानंद पांडे, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पीड़िता के अंकपत्र के संशोधन में फंसा आईजीआरएस, लगेगा समय

अयोध्या कार्यालय।

- बीएसए ने विद्यालय प्रबंधतंत्र को जारी की नोटिस
- अनाधिकृत तरीके से कैसे कार्य कर रहा था आरोपी प्रधानाध्यापक
- आजाद हिंद इंटर कॉलेज के 10वीं की छात्रा को प्रैक्टिकल में कम नंबर देकर फेल करने का मामला

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** आजाद हिंद इंटर कॉलेज कुचेरा के 10वीं की छात्रा को प्रैक्टिकल में कम नंबर देकर फेल करने के मामले में अब नया पेंच फंस गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय वाराणसी द्वारा उसके अंकपत्र में संशोधन की तैयारी कर ली थी, लेकिन सोमवार को ही छात्रा द्वारा आईजीआरएस के तहत की गई शिकायत बोर्ड को पहुंच गई। फिलहाल अब इस शिकायत का जवाब देने की तैयारी है। वहीं, मामले में जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर बीएसए लालचंद ने सोमवार को विद्यालय प्रबंधतंत्र को नोटिस जारी की है, उसमें पूछा गया है कि आरोपी प्रधानाध्यापक अनाधिकृत तरीके से कैसे काम कर रहा है। इसका जवाब मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनाथ ने 28 अप्रैल को डीआईओएस कार्यालय को पत्र लिखकर बताया था कि प्रयोगात्मक परीक्षा में त्रुटिवश गलत अंक चढ़ गए थे। साथ सभी विषयों में 28 से 30 अंक देने का निवेदन किया था। दो मई को डीआईओएस कार्यालय द्वारा इस पत्र को सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद वाराणसी को भेज भी दिया गया था। सूत्र बताते हैं कि सोमवार को कार्यालय खुलने पर अंकपत्र में संशोधन का आश्वासन भी मिला था। वहीं सोमवार को ही पीड़िता द्वारा आईजीआरएस की की गई शिकायत सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय को मिली। इसके बाद अंकपत्र संशोधन में पेंच फंस गया। बताया जा रहा है कि अब पहले इसका जवाब दिया जाएगा, जांच समिति भी बनाई जा सकती है। उसकी रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई होगी। इस प्रक्रिया में माह भर से ज्यादा का समय लग सकता है।

### नोटिस के खेल में टली आरोपी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई

आजाद इंटर कॉलेज पलिया जगमोहन सिंह कुचेरा की हाईस्कूल की एक छात्रा ने स्कूल के प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाया था कि उसे साजिश के तहत प्रयोगात्मक परीक्षा में काफी कम अंक दिए गए, जिससे चलते वह फेल हो गई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी को दी शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि प्रधानाध्यापक उस पर गलत नजर रखता था, विरोध करने पर उसने पहले ही उसे फेल करने की धमकी दी थी। आरोप के आधार पर डीआईओएस ने सह विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाई थी। वहीं, रविवार को अवकाश के बाद भी जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जांच समिति की रिपोर्ट तलब की थी। इसके कुछ ही देर बाद प्रभारी डीआईओएस ओंकार पाल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनाथ का पदभार समाप्त करते हुए प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बीएसए को संस्तुति की थी। बीएसए लालचंद ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन तंत्र को नोटिस जारी कर पूछा गया है कि आखिर अनाधिकृत तरीके से प्रधानाध्यापक कैसे कार्य कर रहा है। बताया कि दो दिन में जवाब मांगा गया है, इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# स्त्री को पीड़िता या अबला की तरह नहीं देखा जाना चाहिए : एड. ऋतु

अयोध्या कार्यालय।

- जनवादी लेखक संघ ने किया 'स्त्री-स्वर' कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** जनवादी लेखक संघ के तत्वावधान में सोमवार को स्त्री रचनाधर्मिता पर केन्द्रित 'स्त्री-स्वर' कार्यक्रम का आयोजन नाका स्थित एक सभागार में किया गया। स्त्री लेखन विषयक वैचारिक चर्चा व रचनापाठ पर केन्द्रित गोष्ठी की मुख्य अतिथि एडवोकेट ऋतु राठौर ने कहा कि आज के स्त्री लेखन को यह प्रयास करना चाहिए कि वह एक लैंगिक बराबरी से समृद्ध समाज का निर्माण कर सके।

सामान्यीकृत रूप में अब उसे पीड़िता या अबला की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। समाजसेवी डॉ. अलका सिंह ने कहा कि स्त्री रचनाकारों को नये समय के साथ चलकर नये विचारों को आत्मसात करना चाहिए। शिक्षिका अर्चना सिंह ने कहा कि आज स्त्रियों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की आवश्यकता है। संयोजक विनीता कुशवाहा ने अपनी गजलों व कविताओं से आज के आधुनिक समय में भी स्त्रियों के समक्ष कई तरह की चुनौतियों को बताने का प्रयास किया। अध्यक्षता करते हुए जिला इकाई के अध्यक्ष व उर्दू आलोचक मो. जफर ने कहा कि वर्षों से स्त्री-लेखन ने साहित्य की मुख्यधारा पर अपना प्रभाव डाला है। कवि-प्राध्यापक डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि साहित्य की मुख्यधारा के आलोचकों की यह सीमा रही कि लम्बे समय तक साहित्य के स्त्री-स्वरों को पर्याप्त महत्व के साथ रेखांकित नहीं किया जा सका। आलोचक-कवि डॉ. आरडी आनंद ने कहा कि स्त्री विमर्श के नये संदर्भों के आईने में स्त्री रचनाकारों के लेखन को देखने की ज़रूरत है। जलेस कोषाध्यक्ष व शायर मुज़म्मिल फिदा ने कहा कि यह आयोजन एक मिसाल है कि स्त्रियां अब नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी सामने आने लगी हैं। शायर रामजीत यादव 'बेदार' ने कहा कि एक पुरुष के रूप में यह विचार आता है कि कई ऐसे उदात्त भाव हैं जो केवल स्त्रियों के हिस्से में आए हैं और उनसे प्रेरित-ऊर्जस्वित होने की इच्छा मन में आती है। कवयित्री और गोष्ठी की संयोजक पूजा श्रीवास्तव ने अपने कुशल संचालन और कविता पाठ के माध्यम से स्त्री जीवन की पीड़ाओं को सामने रखा। पत्रकार व कवयित्री कुमकुम भाग्या ने अपनी कविताओं के माध्यम से ग्रामीण स्त्री के जीवन की चुनौतियों को साहित्य के बरअक्स रखने की कोशिश की। जलेस सदस्य बृजेश श्रीवास्तव ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कहा कि मौजूदा समय में स्त्री ने अपनी एक मज़बूत पहचान अर्जित की है। युवा कवि राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आज का स्त्री-लेखन विविध आयामी है। गिरीश तिवारी ने कार्यक्रम को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों को निरंतरता से आयोजित करने की ज़रूरत है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से साहित्य की परंपरा में स्त्री लेखन की उपस्थिति को बल मिलेगा। प्रेरणा, डॉ. संदीपा दीक्षित, डॉ. पूनम यादव आदि रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। गोष्ठी में जलेस के सदस्य व युवा शायर रवीन्द्र कबीर, संतोष अकेला, चन्द्रगत भारती, महावीर पाल, आरती सिंह चौहान, ग्राम विकास अधिकारी निहा सिंह, मालती, शिवांगी नंदा, गरिमा, सहित दर्जनों रचनाकार व साहित्य-संस्कृति कर्मी उपस्थित रहे।

# मार्ग के लिए एडीएम ने की जमीन मालिकों के साथ बैठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पॉलिटेक्निक से बनबीरपुर होते हुए नए मार्ग की जमीन के लिए एडीएम अमित कुमार भट्ट ने सोमवार को जमीन मालिकों के साथ बैठक की। सहमित के आधार पर जमीन लेने को लेकर चर्चा की।

इस मार्ग के निर्माण में मंदिर, स्कूल-कॉलेज के साथ व्यक्तिगत जमीन और मकान की जमीन आ रही है। इसी को लेने के लिए यह बैठक आयोजित की गई। अफसरों के मुताबिक बैठक में मंदिर की जमीन लेने के लिए चाहरदीवारी सहित अन्य निर्माण करवाने का आश्वासन एडीएम ने दिया लेकिन दूसरी जमीनों के लिए यह लागू नहीं होगा। उन्होंने स्कूल कॉलेज की जमीन को लेकर भी यह देखने के लिए कहा कि जमीन लेने के बाद स्कूल की जमीन मानक से कम तो नहीं हो रही है। फिलहाल सड़क के लिए ली जाने वाली जमीनों के सर्किल रेट से लेकर दूसरी जानकारियां बैठक में साझा की गई।जमीन मालिकों ने भी अपने सावल पूछे और अफसरों ने इसके जवाब दिए। बैठक में तहसीलदार सोहावल प्रदीप सिंह, उप निबंधक सोहावल राहुल सिंह, लोक निर्माण विभाग के अफसरों के साथ धर्मेंद्र सिंह, अमर सूद, जीवानी, दीपक सावलानी, लल्लन सिंह, दस्तगीर, जीनत सहित अन्य लोग थे।

### विद्यार्थियों को किया जागरूक, एक्स-रे भी कराया

**अयोध्या, अमृत विचार:** राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कालिका प्रसाद नारायण दास महाविद्यालय, ड्योढ़ी बाजार सोहावल में सोमवार को '100 दिन टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बच्चों को टीबी रोग के लक्षणों, जांच प्रक्रिया तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान टीबी स्क्रीनिंग अभियान भी चलाया गया, जिसमें बच्चों का एक्स-रे करवाया गया ताकि संभावित मामलों का शीघ्र पता लगाया जा सके। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने डेंगू, मलेरिया और हीट वेव से बचाव पर विशेष जागरूकता सत्र संचालित किया। उन्होंने बच्चों को इन मौसमी बीमारियों के लक्षण, घरेलू बचाव के उपाय तथा समय पर चिकित्सा सुविधा लेने के महत्व के बारे में बताया।एसटीएलएस राकेश, एसटीएस आदित्य मसौधा, प्रधानाचार्य, शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।

# पिता के रुपये वापस पाने के लिए युवती ने दुष्कर्म में फंसाया

अयोध्या कार्यालय।

- असलियत खुलने पर कोर्ट ने किया दोषमुक्त, सालों से जेल में बंद था आरोपी

**अमृत विचार :** पिता से लिए गए रुपये वापस न करने पर युवती ने युवक को दुष्कर्म में फंसा दिया। असलियत कोर्ट में खुली तो कोर्ट ने उसे दोष मुक्त कर रिहाई आदेश अविलंब भेजने का आदेश दे दिया। फैसला अपर जिला जज हरेंद्र नाथ की अदालत से सोमवार को हुआ।

अधिवक्ता इंद्रदेव पांडे ने बताया कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली फैजाबाद में कपड़े की दुकान पर काम करती थी। उसने अनिरुद्ध शर्मा उर्फ राहुल तिवारी निवासी लाल कुर्ती थाना कैंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई की राहुल ने आर्मी का जवान बता पीड़िता से दोस्ती की और उसके साथ शादी करने का वादा करके कई बार शारीरिक संबंध बनाया। तहरीर पर राहुल के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस के सामने उसने दुष्कर्म करने की बात की पुष्टि की। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। कोर्ट में गवाही के दौरान पीड़िता ने अपनी मुख्य परीक्षा में अभियोजन कथानक का समर्थन किया, लेकिन जिरह में पीड़िता ने स्वयं बताया कि आरोपी ने उसके पिता से कुछ धनराशि ली थी, जिसे वह वापस नहीं कर पा रहा था। उक्त धनराशि की वसूली के लिए अपने पिता के कहने पर आरोपी पर दबाव बनाने हेतु झूठ अभियोग पंजीकृत कराया है। इसी विरोधाभास के कारण कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया और उसकी रिहाई आदेश अविलंब जिला कारागार भेजने का आदेश दिया।



पीड़ित परिवार से बातचीत करते चाणक्य परिषद के पदाधिकारी।

### ब्राह्मणों का उत्पीड़न करने का आरोप

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के बेनीपुर खिदिरपुर गांव में 14 अप्रैल की रात हुई संदिग्ध आगजनी की घटना में तीन दलितों के छप्पर व गृहस्थी का सामान जल गया था। पुलिस ने दलित पक्ष की तहरीर पर गांव के ही निवासी निवासी करीब 12 ब्राह्मण समुदाय के लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को बेनीपुर गांव पहुंचा। परिषद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मदत्त पाठक ने ब्राह्मण समुदाय के लोगों को फर्जी मुकदमे में फसाने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय महामंत्री जयप्रकाश तिवारी ने कहा कि पीड़ित परिवार को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कथा व्यास पंडित अमरेश्वरनंद, कुलदीप मिश्रा, अर्श दुबे, संतोष तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### फसल बीमा के लाभार्थियों को वितरित किए गए चेक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 10लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बताया गया कि खरीफ मौसम में जिले के 2016 कृषकों को कुल 18 .03 लाख रुपये की बीमा धनराशि से लाभान्वित किया गया है। रबी सीजन में 293 कृषकों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 30 कृषकों को 1.43 लाख रुपये की बीमा धनराशि प्रदान की जा रही है। खरीफ मौसम के तहत बीकापुर के अरविंद कुमार यादव को 51,934 रुपये, रुदौली की मधुबाला को 59,919 रुपये, अमानीगंज के चंद्रकेतु मिश्रा को 36,584 रुपये, राधेश्याम यादव को 41,564 रुपये और सूर्यभान सिंह को 52,598 रुपये की धनराशि प्रदान की गई। रबी सीजन में सोहावल के संतोष कुमार पाण्डेय को 2,442 रुपये, राम कुमार को 7,341 रुपये, शोभनाथ शुक्ला को 23,127रुपये, शुभांशु पाण्डेय को 10,736 रुपये और चंद्रप्रकाश पाण्डेय को 9,214 रुपये के चेक वितरित किए गए। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य कार्यकारी मत्स्य अधिकारी, जिला सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आंधी-बारिश से लोग बेहाल, एक की मौत

## सड़क पर छाया अंधेरा, वाहन चालकों ने गाड़ियों की जलाईं लाइटें

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सोमवार दोपहर अचानक मौसम में आए तेज बदलाव ने लोगों को हैरान कर दिया। देखते ही देखते आसमान में काले घने बादल छा गए और दिन में ही अंधेरा सा माहौल हो गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सड़कों पर चल रहे वाहन चालकों को अपनी गाडियों की लाइट जलानी पड़ी। कुछ ही देर बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। वहीं, सम्मनपुर थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई।

आंधी की रफ्तार भी काफी तेज रही, जिससे कई स्थानों पर धूल का गुबार उड़ता नजर आया और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक आए इस बदलाव के कारण बाजारों में भीड़ कम हो गई और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते दिखे। तेज हवा और बारिश के चलते कुछ देर के लिए जनजीवन प्रभावित रहा। सडकों पर यातायात की रफ्तार धीमी हो गई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को कामकाज रोकना पड़ा। हालांकि इस मौसम परिवर्तन का सकारात्मक पहलू यह रहा कि भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली।


मौसम में बदलाव से सोमवार को दोपहर में छाया अंधेरा। अमृत विचार

### बारिश से जलभराव सड़कें बनीं तालाब

झमाझम बारिश ने अकबरपुर नगर पालिका परिषद के दावों की पोल खोल दी है। शहर की सडकें तालाब में तब्दील हो गईं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहजादपुर, बस स्टेशन, उसरांव गली, फ्लाईओवर के नीचे, पटेल नगर और फैजाबाद रोड सहित कई प्रमुख इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। जिससे दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, बाजार जाने वाले लोगों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर जलभराव इतना अधिक था कि वाहन चालकों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इसके अलावा कई दोपहिया वाहन पानी में फंसकर बीच रास्ते में ही बंद हो गए, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना संजरपुर ग्राम सभा में हुई, जब वह खेत से घर लौट रहा था। मृतक की पहचान 45 वर्षीय सुरेश कुमार के रूप में हुई है। बता दें कि दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने के कारण वह बिजली की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सुरेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालांकि डॉक्टरों ने उन्हें वहां मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। राजस्व विभाग की टीम भी घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ले रही है।

# परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**हादसे में आठ लोगों की मौत का मामला**

**अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर अशरफपुर भुवा स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के बाद अनियंत्रित कार की चपेट में आने से आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बता दें कि कार के चालक द्वारा अत्यधिक गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाए जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी, जिससे यह भीषण दुर्घटना घटित हुई। सड़क हादसे की जानकारी होने के बाद परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विश्वजीत प्रताप सिंह, एआरटीओ सतेंद्र सिंह यादव तथा यात्रीकर अधिकारी सुल्तानपुर द्वारा संयुक्त रूप से दुर्घटना स्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना के कारणों, सडक़ की स्थिति तथा यातायात व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया।


भीषण सड़क हादसे के बाद वाहन की जांच करते परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह व साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# नैक के लिए अपडेटेड व प्रमाणित डेटा करें तैयार: डॉ. बिजेंद्र


अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में नैक मूल्यांकन की समीक्षा बैठक करते कुलपति।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : सभी संयोजक मानकों के अनुसार डेटा तैयार कर उन्हें प्रमाणित प्रपत्रों के साथ संलग्न करें और 10 मई तक फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करें। ये निर्देश सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दिये। वे विवि के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में नैक मूल्यांकन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि उच्चतम स्कोर के लिए नैक मूल्यांकन के सभी मानदंडों का सघन परीक्षण एवं निरीक्षण आवश्यक है। परिसर को क्लीन एवं ग्रीन कैंपस के लिए संबंधित को निर्देशित किया। कुलपति ने नैक मूल्यांकन को लेकर चल रही तैयारी की प्रगति पर एट्रीब्यूट (मानदंड) एक से लेकर एट्रीब्यूट 11 तक के विभिन्न बिन्दुओं का परीक्षण किया। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सीके मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, डॉ. विनोद कुमार चौधरी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

## एनकाउंटर में मारे गए आमिर का शव लेने से परिजनों ने किया इंकार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में पांच हत्याओं के आरोपी आमिर के एनकाउंटर के बाद नया मोड़ सामने आया है। मुठभेड़ में मारे गए आमिर का शव लेने से उसके परिजनों ने साफ इंकार कर दिया है। परिजनों का कहना है कि आमिर के आपराधिक कृत्यों से उनका कोई लेना-देना नहीं है और वह उससे किसी भी तरह का संबंध नहीं रखना चाहते। परिवार के इस रुख से प्रशासन भी असमंजस की स्थिति में नजर आया। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडे ने परिजनों को समझाने और शव लेने के लिए मनाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपने फैसले पर अड़े रहे। इतना ही नहीं, स्थानीय स्तर पर सामाजिक दूरी भी देखने को मिली। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के पेश इमाम ने भी आमिर के जनाजे में फातिहा पढ़ने से इंकार कर दिया। फिलहाल पुलिस प्रशासन आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है।

# मत्स्य पालन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान : डॉ. प्रमाणिक

- बोले, कुलपति, कहा- राज्य में नदी, झील व तालाब के रूप में पर्याप्त जलीय संसाधन उपलब्ध
- कृषि विवि में एकीकृत एवं विविधापूर्ण जलजीव पालन तकनीकी एवं प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार** : मत्स्य पालन में हमारा देश दूसरे स्थान पर है। राज्य में नदी, झील और तालाब के रूप में पर्याप्त जलीय संसाधन उपलब्ध हैं। इसका समुचित उपयोग करके हम मछली के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। ये बातें सोमवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कहीं। वे हाईटेक हाल में 'एकीकृत एवं विविधापूर्ण जलजीव पालन तकनीकी एवं प्रबंधन' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मत्स्य पालकों को नवीनतम तकनीकियों को अपनाना होगा। मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार, विश्वविद्यालय मत्स्य पालकों के साथ मिलकर समन्वय के साथ कार्य कर रही है। इससे पूर्व कुलपति, समस्त अधिष्ठाता व निदेशक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मात्सियकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सीपी सिंह ने कहा कि मत्स्य पालकों को मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग करना होगा। इसके साथ-साथ मत्स्य पालक धान की खेती, मुर्गी व बत्तख पालन करें तो वे अपनी आय को दोगुणी कर सकते हैं। देश की अर्थव्यवस्था में मात्स्यिकी क्षेत्र का योगदान 1.1 प्रतिशत तथा कृषि में मात्सियकी का योगदान आठ प्रतिशत है। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज्योति व संचालन डॉ. आर्या सिंह ने किया। डॉ. एसके वर्मा व डॉ. सुमन डे के संयोजन में आयोजित प्रशिक्षण के पहले दिन बस्ती, विध्यांचल व आजमगढ़ के लगभग 50 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. शशांक सिंह, डॉ. प्रदीप मौर्या, डॉ. ज्योति सरोज, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. अजय कुमार यादव सहित छात्र-छात्राएं एवं किसान मौजूद रहे।


पुस्तक का विमोचन करते कुलपति, अधिष्टागण, निदेशक व वैज्ञानिक।

## शिक्षामित्र सम्मान कार्यक्रम आज, बढ़े हुए मानदेय का होगा वितरण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि 05 मई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित शिशक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षामित्रों के योगदान का सम्मान करना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

# खरीफ के लिए अनुदानित बीज उपलब्ध, करें ऑनलाइन बुकिंग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि खरीफ के तहत सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर अनुदान पर वितरण के लिए कैंचा बीज की 310 कुंतल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसान ऐट सोर्स अनुदान के अंतर्गत ऑनलाइन बुकिंग के बाद 77.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से अपने विकास खंड के बीज भंडार से बीज प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त धान, अरहर, उड़द, मूंग के बीज मिनीकिट, श्रीअन्न मिलेट्स जैसे ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, रागी, तिलहनी मिनीकिट तथा संकर धान, ज्वार और मक्का के बीज भी विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्ध कराए जाएंगे। इन सभी बीजों के लिए विभागीय पोर्टल कृषि दर्शन पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। किसान स्वयं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो पात्र किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। चयनित किसान अपने विकास खंड के राजकीय बीज भंडार से पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर बीज प्राप्त कर सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। मई माह तक यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी एवं एमओपी उर्वरकों का लक्ष्य से अधिक भंडारण किया गया है और वितरण के बाद भी पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है।


अतरौलिया थाने में मृतक के परिजनों से वार्ता करते क्षेत्राधिकारी कौस्तुभ त्रिपाठी।

## चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर दिया धरना

**संवाददाता, आजमगढ़।** जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के पकड़डीहा निवासी में कक्षा 9 के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद आरोपी चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने भारी बारिश के दौरान पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव कर धरने पर बैठ गए । क्षेत्र के पकरडीहा गांव निवासी आनंद राजभर (14) पुत्र फिरतू राजभर की बीते बुधवार को स्कूल जाते समय गोरहरपुर के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। घटना के पांच दिन बाद भी आरोपी स्कूल बस चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन और ग्रामीण सोमवार को गांव से पैदल मार्च करते हुए थाने पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मृतक के पिता फिरतू राजभर ने बताया कि उनका परिवार बेहद गरीब है और उनका बेटा पढ़ाई में तेज व होनहार था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उपजिलाधिकारी बुढ़नपुर अभय राज पांडे और क्षेत्राधिकारी कौस्तुभ त्रिपाठी के मौके पर पहुंचकर परिजनों से वार्ता कर धरना समाप्त कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले में विधिक कार्रवाई जारी है और हर संभव सहायता दी जाएगी।

## टीबी मुक्त अभियान के तहत अल्ट्राटेक फैक्ट्री में श्रमिक आरोग्य शिविर आयोजित

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत सोमवार को टांडा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में श्रमिक आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फैक्ट्री के श्रमिकों एवं कर्मचारियों का हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से चेस्ट एक्स-रे किया गया। इसके साथ ही सभी की ब्लड प्रेशर बीपी और शुगर की जांच भी की गई तथा टीबी की स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान जिन श्रमिकों में टीबी के लक्षण संदिग्ध पाए गए, उन्हें फाल्कन ट्यूब उपलब्ध कराकर आगे की सीबीएनएएटी जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा भेजा गया। यह शिविर टांडा सीएचसी की स्वास्थ्य टीम, एसटीएस एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जनपद को टीबी मुक्त बनाना और अधिक से अधिक लोगों की समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना है।



अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में श्रमिक आरोग्य शिविर में मरीजों का इलाज करते डॉक्टर।

## पश्चिम बंगाल व असम में मिली जीत से भाजपाई गदगद


एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव मे मिली ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं संग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि पश्चिमी बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की देन है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के गुन्डाराज व आतंक का अन्त हुआ है। हम सभी प्रसन्न हैं और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हैं । इस अवसर पर श्रीकृष्ण पाल, प्रेम प्रकाश राय, सतेन्द्र राय ऋषिकेश दूबे, पवन सिंह मुन्ना, मनोज गिरी, अवनीश मिश्रा, मृगांक शेखर सिन्हा, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# सार्वजनिक रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण, एक गिरफ्तार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत राजेसुल्तानपुर के ग्राम कोहड़ा भांट में सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए हटवा दिया है। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी आलापुर के निर्देश पर पुलिस और प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में की गई।

बताया गया कि गांव के कुछ दबंगों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर मोरंग और ईंट रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया था, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में भारी दिक्कत हो रही थी। इस संबंध में गांव निवासी संग्राम शर्मा ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पहले स्थानीय पुलिस ने अतिक्रमण हटवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों द्वारा इसे नजरअंदाज किया गया। इसके बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए एक अतिक्रमणकारी को गिरफ्तार कर लिया और उसे उपजिलाधिकारी आलापुर की अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सोमवार को उपजिलाधिकारी के आदेश पर खंड विकास अधिकारी रविंद्र कुमार चक्रवर्ती और पुलिस बल की मौजूदगी में सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण पूरी तरह हटवा दिया गया।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर जनपद में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय अटल भवन पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और पटाखे छोडक़र खुशी मनाई।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने पश्चिम बंगाल में पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने तथा असम और पुडुचेरी में भाजपा की सत्ता वापसी पर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनावों में लगातार मिल रही सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता पूर्व सरकार से असंतुष्ट थी और स्वच्छ शासन एवं विकास की राजनीति के लिए भाजपा को समर्थन दिया। उन्होंने इस जीत का श्रेय पार्टी की नीतियों, कार्यकर्ताओं की मेहनत और रणनीति को दिया। जिला कार्यालय पर आयोजित जश्न में विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री विनय पांडेय, राजकुमार सेठ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और जश्न का माहौल बना रहा।


जिला कार्यालय अटल भवन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाजपा की जीत पर मनाया जश्न। अमृत विचार

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति राशि वितरित


लाभार्थी को फसल बीमा का चेक देतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया व साथ में एमएसली डॉ. हरिओम पांडेय व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग की ओर से सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा तथा जिलाधिकारी ईशा प्रिया उपस्थित रहीं। जनप्रतिनिधियों 10 किसानों को चेक के माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरित किया। लाभार्थियों में ओम आनंद त्रिपाठी को 38 हजार 927 रुपए, नृपेन्द्र बहादुर सिंह को 26 हजार 111 रुपए, रमाशंकर गौड़ को 18 हजार 827 रुपए, ओमप्रकाश उपाध्याय को 19 हजार 989 रुपए तथा भीम सिंह को 40 हजार 388 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अन्य किसानों को भी उनकी बीमित राशि के अनुसार चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह एवं जिला प्रबंधक फसल बीमा मनोज कुमार शुक्ला की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि विभाग के प्रधान सहायक संजीव कुमार राय, विमलेश मौर्य, विकास सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों को योजना के लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों से फसल बीमा कराने की अपील किया।

**तैयारी** | जिलाधिकारी ने मांगी समयबद्ध कार्ययोजना, 31 मई तक गड्ढा खोदाई पूरी करने का दिया आदेश

# 37 लाख पौधरोपण का लक्ष्य, तीन दिन में प्लान सौंपने के निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोधरोपण समिति, जिला गंगा संरक्षण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आद्र्र भूमि समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इस वर्ष जनपद को 37 लाख 530 पौधरोपण का लक्ष्य दिए जाने की जानकारी दी गई, जिसे 24 विभागों में विभाजित किया गया है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वह तीन दिवस के भीतर नोडल अधिकारियों के नाम सहित विस्तृत कार्ययोजना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। साथ ही 31 मई तक रोपण स्थलों का चयन कर गड्ढा खुदाई का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला को ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की अलग से समीक्षा कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार कराने तथा पौधों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कम से कम दो मियांवाकी कपि वन विकसित करने के लिए स्थल चयन और विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोधरोपण समिति की बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

### नौ को ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का आयोजन

जिलाधिकारी ने आगामी 9 मई को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर सभी ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल आयोजित कर जनभागीदारी बढ़ाने और पौधरोपण के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला गंगा संरक्षण समिति की समीक्षा के दौरान तमसा नदी के पुनरुद्धार कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। नगरीय क्षेत्रों में चल रहे कार्यों, मनरेगा के तहत सूखे हिस्सों में कार्य तथा लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम निर्माण के लिए स्थलों के चयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार पाल का निधन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में एक सडक़ हादसे के बाद कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष और अधिवक्ता रामकुमार पाल का लखनऊ में निधन हो गया। उनके निधन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार रामकुमार पाल तीन मई को टांडा क्षेत्र के पुनथर के पास एक बाइक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज सदरपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। ट्रॉमा सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। हादसे में उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को शुरू से ही चिंताजनक बताया था। तमाम प्रयासों के बावजूद सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन पर कांग्रेस नेताओं, अधिवक्ताओं और सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।


राम कुमार पाल (फाइल फोटो)।

# आंधी-बारिश का कहर, ई-रिक्शा पर गिरा पेड़, चालक की मौत

## हुई मूसलाधार बरसात, दर्जनों स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे हुए धराशायी, घंटों ठप रही बिजली आपूर्ति

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। सुबह तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जिले का मौसम पूरी तरह पलट दिया। आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर पड़े। आंधी-बारिश के दौरान उतरौला इलाके में विशालकाय पेड़ एक ई-रिक्शा पर गिर पड़ा जिससे उसके चालक की मौत हो गयी।
बारिश से भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को राहत तो मिली, लेकिन तूफानी हवा ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सुबह आसमान में घने बादल छाने से दिन में ही अंधेरा हो गया और देखते ही देखते तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।

आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि जिले के कई हिस्सों में विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ गए। तुलसीपुर-बलरामपुर मार्ग, उतरौला रोड और पचपेड़वा-रेहरा मार्ग पर जगह-जगह पेड़ गिरने से घंटों आवागमन बाधित रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में आम, महुआ और शीशम के दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए। वन विभाग और नगर पालिका की टीमें जेसीबी से रास्ते साफ कराने में जुटी रहीं। उतरौला नगर मे आंधी के बीच सड़क से गुजर रही एंबुलेंस पर आम का पेड़ गिरा। इस घटना में चालक व स्टाफ बाल-बाल बच गए। तेज हवा ने बिजली व्यवस्था की भी कमर तोड़ दी। तूफान से 33 केवीए और 11 केवीए लाइन के दर्जनों खंभे टूटकर गिर गए। शहर के सिविल लाइंस, भगवतीगंज, पुरैनिया तालाब के साथ पचपेड़वा, गैसड़ी, श्रीदत्तगंज और हरैया इलाकों में सुबह से ही बिजली गुल हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और खराब रहे। कई गांवों में 12 घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति ठप रही। बिजली विभाग के जेई ने बताया कि तेज हवा से तार टूटने और खंभे गिरने से फाल्ट अधिक हैं। टीमें मरम्मत में लगी हैं। वहीं बारिश का सबसे अधिक सकारात्मक असर खेती-किसानी पर दिखा। लंबे समय से पानी को तरस रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। खेतों में पर्याप्त नमी आने से जुताई और धान की नर्सरी का काम तेज हो गया है। गन्ना किसानों को सबसे ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद है। नमी से गन्ने की बढ़वार तेज होगी। दलहन, तिलहन और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई के लिए भी यह बारिश संजीवनी साबित हो रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह के अनुसार, अगले 48 घंटे मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट आ सकती है। अगर समय-समय पर बारिश होती रही तो इस बार खरीफ सीजन में बंपर उत्पादन की उम्मीद है। कुल मिलाकर तूफान ने भले ही कुछ घंटे के लिए मुश्किलें बढ़ाईं, लेकिन बारिश आमजन को गर्मी से राहत और किसानों को नई उम्मीद दे गई। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम में पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने की अपील की है।


बलरामपुर के भगवती गंज मे तूफान के बीच गिरा पेड़ और टूटा खंभा। ● अमृत विचार


भारी बारिश के बीच एम्बुलेंस पर गिरा आम का पेड़। ● अमृत विचार


आंधी और तूफान के बीच बलुआ मोड़ के पास गिरा बरगद का पेड़। ● अमृत विचार

### आंधी-बारिश ने छीन लीं एक परिवार से खुशियां


पेड़ के नीचे दबने से क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** सोमवार दोपहर तेज बारिश और आंधी ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बदलपुर-धुसवा मार्ग पर फायर स्टेशन के सामने सड़क किनारे लगा विशाल पेड़ एक ई-रिक्शा पर आ गिरा। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बढ़या पकड़ी निवासी तुलाराम (32) पुत्र बेकारू के रूप में हुई है। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। तुलाराम ई-रिक्शा लेकर बदलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज हवा और बारिश के बीच पेड़ जड़ से उखड़कर ई-रिक्शा पर गिर पड़ा। तुलाराम पेड़ के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की खबर मिलते ही बढ़या पकड़ी गांव में कोहराम मच गया। तुलाराम अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसकी मौत से पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उतरौला कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चंदनपुर रोड पर गिरे दो विशालकाय पेड़, घंटों ठप रहा आवागमन


पेड़ गिरने से पर बाधित हुआ आवागमन।

**पचपेड़वा, बलरामपुर अमृत विचार :** रविवार को अचानक बदले मौसम ने पचपेड़वा क्षेत्र में लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के चलते पचपेड़वा रेलवे क्रॉसिंग से उत्तर चंदनपुर रोड पर दो विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर आ गिरे। इससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। दोपहर बाद अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई। कुछ ही मिनटों में आंधी इतनी तेज हो गई कि सड़क किनारे खड़े दो बड़े पेड़ धराशायी हो गए। पेड़ गिरते ही बिजली के तार भी चपेट में आ गए, जिससे आपूर्ति ठप हो गई। कई लोग घंटों जाम में फंसे रहे तो कुछ वैकल्पिक रास्तों की तलाश में भटकते नजर आए। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी बीरपुर-सेमरा को अवगत कराया गया। उन्होंने तत्काल वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा। वनकर्मियों ने लोगों की मदद से पेड़ों की डालियां काटकर हटाने का काम शुरू किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद एक लेन से आवागमन शुरू कराया जा सका। पचपेड़वा पुलिस भी मौके पर पहुंची अधिकारियों ने बताया कि मार्ग को पूरी तरह बहाल करने का काम जारी है।

### बड़ा मंगल आज से, इस बार पड़ेंगे 8 मंगलवार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर बड़ा मंगल की शुरुआत आज से हो गई है। इस माह में पड़ने वाले प्रत्येक मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है जिसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है। इस वर्ष अधिक ज्येष्ठ मास होने के कारण बड़ा मंगल की संख्या बढ़कर 8 हो गई है जो भक्तों के लिए एक दुर्लभ और खास संयोग माना जा रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओं को हनुमान भक्ति और पूजा-अर्चना के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। बड़ा मंगल केवल एक पर्व नहीं बल्कि यह आस्था, शक्ति और सेवा का प्रतीक है। इस दिन भगवान हनुमान की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई उपासना से बजरंगबली की कृपा प्राप्त होती है और जीवन के संकट दूर होते हैं।

### जीपीएस आधारित गन्ना सर्वे शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पेराई सत्र 2026-27 को ध्यान में रखते हुए जनपद में गन्ना सर्वेक्षण कार्य एक मई से शुरू हो गया है, जो 30 जून तक चलेगा। जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस बार सर्वे पूरी तरह जीपीएस आधारित होगा, जिससे खेतों की सटीक पैमाइश सुनिश्चित की जा सकेगी। गन्ना विकास समिति बलरामपुर, तुलसीपुर और उतरौला क्षेत्रों में कुल 138 टीमें लगाई गई हैं, जो तय कार्यक्रम के अनुसार गांव-गांव जाकर सर्वे करेंगी। पारदर्शिता के लिए किसानों के राजस्व अभिलेखों का सत्यापन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। सर्वे का उद्देश्य गन्ना उत्पादन का सही आंकलन कर चीनी मिलों की आपूर्ति योजना और पर्ची निर्गमन प्रक्रिया को सुचारु बनाना है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे सर्वे के दौरान खेतों पर मौजूद रहकर सही जानकारी दें, ताकि भविष्य में भुगतान या आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या न हो। सूचना विभाग ने इसे किसानों के हित में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

### गोआश्रय केंद्रों में हरे चारे की अनदेखी

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिले के गोआश्रय केंद्रों में संरक्षित पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिए गए बजट के उपयोग में अनियमितता सामने आई है। पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक चिन्हित गौशाला को एक हेक्टेयर में हरा चारा बोने के लिए 22 हजार रुपये आवंटित किए गए थे लेकिन कई स्थानों पर इसका पालन अधूरा पाया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश शर्मा के निरीक्षण के दौरान विकास खंड पचपेड़वा स्थित भगवानपुर गोशाला में निर्धारित क्षेत्रफल से कम भूमि पर चारा बोने का मामला उजागर हुआ। जांच में पाया गया कि जहां एक हेक्टेयर में बोआई होनी थी वहां केवल लगभग दो बीघा में ही हरा चारा लगाया गया है। निरीक्षण के बाद संबंधित गोशाला संचालक को निर्देश दिए गए हैं कि तय मानक के अनुसार एक हेक्टेयर क्षेत्र में चारे की बोआई सुनिश्चित की जाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भीषण गर्मी से पशुओं को बचाने के लिए टीन शेड पर पराली बिछाने के निर्देश पहले ही जारी किए गए थे लेकिन मौके पर इसका भी अनुपालन नहीं मिला। अधिकारियों के अनुसार गोशाला में 116 पशु संरक्षित पाए गए। उनके भोजन के लिए 15 क्विंटल भूसा दान से तथा 270 क्विंटल खरीदकर भंडारित किया गया है। इसके अलावा चार क्विंटल कपिला पशु आहार भी उपलब्ध मिला। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गोआश्रय केंद्रों में पशुओं के पोषण और संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित मानकों का पालन न करने वाले संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गैंगस्टर एक्ट के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना मोतीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। पुलिस के अनुसार थाना धानेपुर में पंजीकृत मुकदमा उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त सन्तराम यादव पुत्र जमुना यादव निवासी जमुना गंज हाड़ा पुरवा थाना धानेपुर तथा अजीत सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह निवासी हाड़ापुरवा थाना धानेपुर को सोमवार को आनंद नगर चौराहे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई एक संगठित गिरोह के खिलाफ की गई है, जो गोवंश पकड़कर उनका वध करने और मांस की तस्करी कर अवैध धनार्जन करने में संलिप्त रहा है। मामले की जांच के दौरान गिरोह के सरगना रफीक बंजारा समेत अन्य सदस्यों के खिलाफ गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इससे पहले 10 जनवरी 2026 को गिरोह के मुख्य सदस्य रफीक बंजारा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।मोतीगंज पुलिस टीम ने गिरोह के दो अन्य सक्रिय सदस्यों को दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में अतिरिक्त निरीक्षक यशवंत सिंह, उप निरीक्षक मानिक राज यादव, कांस्टेबल गगन चन्द्र यादव, राहुल पटेल तथा रिक्रूट कांस्टेबल अभिनय पाण्डेय शामिल रहे।

### संदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत, हत्या का आरोप


**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के धोड़वापुर मजरे शुम्भा में सोमवार को एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में मृतक के छोटे भाई ने जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। शव की पहचान 55 वर्षीय रामकिशुन के रूप में हुई। अविवाहित रामकिशुन गांव के बाहर स्थित पंचायत भवन में रहते थे। बताया जा रहा कि वह काफी समय से बीमार थे और उनका इलाज भी जारी था। आरोपी पक्ष का कहना है कि बीमारी से मौत हुई है। मृतक के छोटे भाई राम रतन ने आरोप लगाया कि उनके बड़े भाई राम सुंदर ने जमीन हड़पने के लिए रामकिशुन की हत्या की है। उनका कहना है कि बुढनापुर मजरे जलालपुर में स्थित कीमती जमीन को अपने नाम कराने के लिए आरोपी ने जबरन अंगूठा लगवाया और बाद में हत्या कर दी। परिजनों ने मृतक के अंगूठे पर स्याही के निशान मिलने की बात कही है, थानाध्यक्ष अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध कब्जे का विरोध करने पर मारपीट

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र के महानगर मजरे शरीफाबाद गांव में जमीन पर कब्जे के विरोध को लेकर मारपीट हो गई। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव की शैलेश तिवारी पत्नी राधाकृष्ण ने तहरीर में बताया कि 3 मई की शाम गांव के ही कुछ लोग उनकी बांस की कोठी काटकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, मारपीट भी की। पीड़िता के अनुसार, बचाव के लिए आई उनकी देवरानी कविता पत्नी बलराम तिवारी को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे दोनों को चोटें आईं। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## खूंटा लगाने के विवाद में मां-बेटे की पिटाई

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** घर के सामने खूंटा लगाने को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी ने मां-बेटे की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
रामापुर निवासिनी शांति देवी ने बताया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे शिव नारायण वर्मा उनके घर के दरवाजे के सामने खूंटा लगा रहे थे। विरोध करने पर शिव नारायण व उनकी पत्नी सुशीला देवी भड़क उठे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटे निहाल को भी आरोपियों ने पीटा। मारपीट में शांति देवी के हाथ और सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि निहाल के सिर से खून बहने लगा। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


टैबलेट देकर मेधावी छात्रा का सम्मान करते प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार

### टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित, टैबलेट और साइकिल पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरदौरी (श्रीदत्तगंज) में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा मोहिनी उपाध्याय को विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश कुमार सिंह ने टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कृष्णा कश्यप को प्रधानाचार्य विकास सिंह ने साइकिल देकर प्रोत्साहित किया। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका वंदना वर्मा, माहेश्वरी पांडे, मीना यादव तथा शिक्षक धर्मेंद्र पांडे, सुभाष चंद्र वर्मा और सुनील कुमार सिंह ने टॉपर छात्रों के अभिभावकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सिंह ने किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश कुमार सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## रास्ते के विवाद में जान से मारने की दी धमकी

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना कटरा बाजार क्षेत्र के बमडेरा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अवधेश तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार, अवधेश तिवारी ने बताया कि गांव के ही निवासी जटाशंकर चौबे ने बीते 1 तारीख को उन्हें फोन किया। बातचीत के दौरान दोनों के बीच काफी समय से चल रहे रास्ते के विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि कुछ ही देर में जटाशंकर चौबे गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी ने हाल ही में गांव में हुई अन्नू चौबे की हत्या का जिक्र करते हुए उसी तरह की घटना दोहराने की धमकी दी, जिससे वह और उनका परिवार दहशत में है। घटना को लेकर कटरा बाजार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## अवैध पैथोलॉजी पर चला चाबुक, तीन सेंटर सील

**कार्रवाई**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में अवैध पैथोलॉजी सेंटरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव व पटल प्रभारी राजेश हंस की टीम ने सादुल्लानगर क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान तीन पैथोलॉजी सेंटरों को सील कर दिया गया, जबकि एक सेंटर को नोटिस जारी किया गया।

जांच में सामने आया कि ये सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित हो रहे थे। कई जगह बिना योग्यता के सैंपल लिए जा रहे थे और जांच रिपोर्ट पर फर्जी हस्ताक्षर किए जा रहे थे। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई की।
सील किए गए सेंटरों में मददो भट्ठा स्थित अर्पित पैथोलॉजी के संचालक नरेश कुमार वर्मा, सादुल्लानगर की राज पैथोलॉजी के संचालक उबेदुल्लाह हाशमी तथा कृष्णा पैथोलॉजी के संचालक श्री चंद्र शर्मा का सेंटर शामिल है। इसके अलावा एसएस खून जांच/पथकिंड सादुल्लानगर को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।
एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों सील सेंटरों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में बिना पंजीकरण या नियमों के विरुद्ध चल रहे किसी भी पैथोलॉजी या अस्पताल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सभी संचालकों को शासन के मानकों का पालन करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्वास्थ्य विभाग की इस छापेमारी से अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी सेंटरों में हड़कंप मच गया है।

**छाया उत्साह** ढोल-नगाड़ों की थाप पर खूब थिरके कार्यकर्ता, खुशी में की आतिशबाजी, बांटीं मिठाइयां

# बंगाल, असम व पांडिचेरी में भाजपा की जीत पर जश्न

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर मंगलवार को अटल भवन भाजपा कार्यालय समेत पूरे जिले में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की थाप, आतिशबाजी और मिठाई बांटकर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। सुबह से ही पार्टी कार्यालय पर समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक 'भारत माता की जय' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारों से गूंजता रहा।

भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत का नतीजा है। जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर मुहर लगाई है।

पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता साबित करती है कि देश स्थिर और मजबूत नेतृत्व चाहता है। यह जीत आने वाले बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत है।

विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया, जिसका असर इन राज्यों के नतीजों में दिखा। पार्टी का लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, जनता के भरोसे पर खरा उतरना है।

नगर चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिला है, इसलिए लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताया है। जश्न के मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, ब्लाक प्रमुख राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह, बृजेन्द्र तिवारी, वरूण सिंह मोनू, संजय शुक्ला, वंदना पासवान, जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह पिंकू, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, जिला मंत्री ललिता तिवारी, अवधेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, संजय शर्मा, अमरनाथ शुक्ला, संदीप उपाध्याय, साधना पांडे, नंदनी शुक्ला, आलोक रंजन, सौरभ पाण्डेय, अक्षय शुक्ला, सौरभ तुलस्यान, अभिषेक सिंह, आनंद श्रीवास्तव, शुभेन्द्र गौरव, शिवम् मिश्रा समेत सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेताओं ने कहा कि पार्टी जनता की सेवा के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करती रहेगी। पूरे दिन जिले भर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।


भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी मनाते विधायक, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# पीपा पुल पर भारी वाहनों की एंट्री बंद

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद के नवाबगंज से होकर अयोध्या के सोहावल और लखनऊ राजमार्ग को जोड़ने वाले ढेमवा घाट मार्ग पर बने पीपा पुल पर प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। रविवार से इस पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जबकि मोटरसाइकिल, कार और छोटे यात्री वाहनों को आवागमन की अनुमति दी गई है। ढेमवा घाट पर सरयू नदी के ऊपर 114 पीपों के सहारे बनाए गए इस अस्थायी पुल की भार क्षमता सीमित है। प्रशासन का मानना है कि भारी वाहनों के दबाव से पुल को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी को देखते हुए एहतियातन यह प्रतिबंध लागू किया गया है।

इस बीच बारिश ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बाढ़ और नदी का पानी के सूखने के बाद भारी वाहन पास के अस्थायी मिट्टी के रास्ते से आ-जा रहे थे, लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश ने इस मार्ग को पूरी तरह कीचड़ और दलदल में बदल दिया है। कई वाहन इस रास्ते में फंस गए हैं और स्थानीय लोग ट्रैक्टर की मदद से उन्हें बाहर निकालने में जुटे हुए हैं। फिलहाल भारी वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर मौसम साफ रहा और धूप निकली तो कम से कम तीन दिन बाद ही इस अस्थायी मार्ग से भारी वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकेगी। गोंडा से लखनऊ तक जाने के लिए यह मार्ग लंबे समय से महत्वपूर्ण रहा है और इसके बाधित होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान यहां करीब सवा सौ करोड़ रुपये की लागत से एक स्थायी पुल का निर्माण कराया गया था, जिससे नवाबगंज, तरबगंज, वजीरगंज और उमरी बेगमगंज समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिली थी। हालांकि वर्ष 2022 में सरयू नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण पुल के पास लगभग 150 मीटर सड़क कटकर नदी में समा गई, जिससे यह मार्ग बाधित हो गया। इसके बाद कई बार सड़क के पुनर्निर्माण की कोशिशें की गईं, लेकिन नदी के बदलते रुख के कारण काम पूरा नहीं हो सका। अंततः स्थानीय लोगों की मांग पर कैसरगंज सांसद करन भूषण सिंह के प्रयास से इस मार्ग पर पीपा पुल का निर्माण कराया गया, जो अप्रैल में तैयार हुआ और इसके शुरू होते ही आवागमन फिर से बहाल हो सका। लोगों का कहना है कि इस मार्ग के चालू होने से यात्रा पहले की तुलना में काफी आसान हो गई है। हालांकि मौजूदा मौसम और प्रतिबंधों ने फिलहाल नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।



# आंधी-बारिश से गिरे पेड़ व बिजली के पोल, तीन की मौत

## सुबह करीब आठ बजे काली घटा घिरने के कारण लाइट जलाकर गुजरे वाहन, कई मोहल्लों में जलभराव, घंटों गुल रही बिजली

**मौसम का यू टर्न**

- आंधी के कारण गिरा पेड़, दबने से वृद्ध की गयी जान
- टूटकर गिरे तार की चपेट में आने से पलटा ऑटो, महिला की मौत
- टिनशेड के मकान पर गिरा विशालकाय पेड़, वृद्धा की मौत

गोंडा, कार्यालय


रामकरन (फाइल फोटो)


आंधी के कारण मार्ग पर गिरा पेड़। • अमृत विचार



जिला पूर्ति कार्यालय परिसर में बारिश के कारण हुआ जलभराव। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को सुबह हुई तूफानी बारिश व आकाशीय बिजली की गरज चमक के साथ मौसम खराब हो गया। सुबह आठ बजे ही काली घटा घिर आई और दिन में लोगों को वाहनों की बत्ती जलाकर चलना पड़ा। बेमौसम तेज बारिश से बिजली गुल हो गई। कई जगह पेड़ व पेड़ की डालियां धराशायी हो गई। पेड़ गिरने से मनकापुर क्षेत्र के बनकसिया शिवरतन गांव में एक बुजुर्ग की दबकर मौत हो गई। वहीं आंधी पानी से गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक आटो पलट गया जिसमें एक महिला की मौत हो गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के टिकरिया में तेज हवा के चलते एक विशाल पेड़ टिन शेड के मकान पर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वृद्धा की मौत हो गयी।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के दतौली चौकी अंतर्गत ग्राम बनकसिया शिवरतन सिंह के मजरा शीरपुरवा में ग्राम निवासी राम करन (61) सुबह के समय अपने पशुओं को सुरक्षित स्थान पर हटाने के लिए बाहर निकले थे। इसी दौरान अचानक तेज आंधी चली और पास में खड़ा भारी-भरकम पाकड़ का पेड़ टूटकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आकर करन दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पेड़ के नीचे दबे करन को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर गिलौली नवागांव के पास उस समय हुआ, जब आंधी पानी से सड़क पर टूटकर गिरे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में छह अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। बलरामपुर के महेश भारी गांव निवासी मनरू अपने परिवार के साथ गुजरात से ट्रेन द्वारा गोण्डा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। वहां से उन्होंने अपने घर जाने के लिए ऑटो-रिक्शा बुक किया था। रास्ते में गिलौली नव्वागांव के पास बिजली लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिरा पड़ा था। तेज रफ्तार ऑटो तार में फंस गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार शांति देवी (55) की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मनरू (58), उनके भाई चेतू तथा ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज गोण्डा भेजा गया। अन्य घायल मालती देवी, सुमन, राधिका, शिवानी, शिवम, प्रिंस और दर्शन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इटियाथोक थानाध्यक्ष कमलापति ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासिनी मैना देवी (70) टिनशेड के मकान में थीं। इसी दौरान आंधी-बारिश शुरू हो गयी। तेज हवा से घर के समीप खड़ा पेड़ जड़ से उखड़कर मकान पर जा गिरा। हादसे के समय महिला घर के भीतर थीं और मलबे के नीचे दब गयी। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मशक्कत के बाद महिला को मलबे से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजन उन्हें जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सालपुर चौकी प्रभारी सौरभ सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बिजली के दर्जनों खंभे धराशायी, तार टूटे

गोंडा शहर में अंबेडकर चौराहे से कचहरी चौराहे पर हाईटेंशन लाइन टूट गई। भाजपा कार्यालय के पास एक पेड़ झुक गया जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। अचानक बदले मौसम ने नगर की जल निकासी व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। बारिश के चलते शहर के कई प्रमुख मोहल्लों, गलियों और बाजारों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज बारिश से शहर की सड़कों पर पानी भर गया। कई निचले इलाकों में घरों और संस्थानों के परिसरों तक पानी पहुंच गया। बारिश के साथ चली तेज हवा ने बिजली व्यवस्था को प्रभावित किया। गोंडा-अयोध्या मार्ग पर कई जगह पेड़ गिर गए। बलरामपुर मार्ग के पास नाथ नगर गांव में पेड़ गिरने से एक महिला को चोट लगी है जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेमौसम बारिश ने एक बार फिर नगर पालिका की जल निकासी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बारिश से मंडी में खुले में रखा गेहूं भीगा


बारिश के कारण फिर भीग गया गेहूं। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** तेज बारिश ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं कृषि उत्पादन मंडी समिति में भी इसका बड़ा असर देखने को मिला। मंडी परिसर में किसानों से खरीदा गया बड़ी मात्रा में गेहूं खुले में रखा होने के कारण बारिश में भीग गया। अचानक मौसम बदलने और तेज बारिश शुरू होने से व्यापारियों को संभलने का मौका नहीं मिला, जिससे सैकड़ों क्विंटल गेहूं बारिश की चपेट में आ गया। व्यापारियों का कहना है कि किसानों से खरीद के बाद गेहूं को सुरक्षित स्थान पर रखने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण उन्हें मजबूरी में खुले में ही रखना पड़ता है। तेज बारिश के चलते गेहूं पूरी तरह भीग गया, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। यदि गेहूं में नमी की मात्रा अधिक पाई गई तो उसे बेचने में दिक्कतें आएंगी और व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। मंडी के व्यापारी पिंटू ने बताया कि अचानक तेज बरसात व आंधी के चलते गेहूं भीग गया है इससे नुकसान होने की आशंका है।

# ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**रफ्तार की मार**


राजू (फाइल फोटो)

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय ट्रैक्टर-चालक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने मामले में अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बस्ती जनपद के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के कंचनापुर गांव निवासी राम बाबू यादव ने बताया कि उनके बड़े भाई समयदीन का 18 वर्षीय बेटा राजू यादव ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर अयोध्या जा रहा था। जब वह नवाबगंज-बस्ती मार्ग पर इस्माइलपुर गांव के पास कंचनापुर मोड़ के निकट पहुंचा, तभी कंचनापुर की तरफ से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक हाईवे पर आ गया। इसी दौरान कटरा शिवदयाल गंज की दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रेलर की चपेट में आ गई और जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर चालक राजू यादव उछलकर सड़क पर जा गिरा। इसी बीच पीछे से आ रहे एक अन्य अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सरयूघाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रेलर को भी कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा राम बाबू यादव की तहरीर पर अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। मृतक राजू यादव दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। हादसे की सूचना मिलते ही पिता समयदीन, मां जानकी देवी, छोटा भाई अनुराज (9) और बहन अदिति (14) का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर फैल गई है।

### कार की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र के मनवर तिराहे पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने मजदूर को कुचल दिया। शव की पहचान सोनू निगम (35) पुत्र मुरलीलाल, निवासी सुभाषनगर, थाना सुपेला, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है, जो मनकापुर के मनवर तिराहे से कुछ दूरी पर मजदूरी करता था।

बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह चाय पीने के लिए तिराहे की ओर पैदल जा रहा था, तभी मनकापुर से रेहरा की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर उसे रौंदते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉ. आलोक चौधरी ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक फरार हो गया, पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# विकास में सड़क व सेतु की अहम भूमिका

**बैठक**

- जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बनी मार्गों एवं सेतुओं की कार्ययोजना


जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा हुई।

बैठक में विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से विधानसभा एवं लोकसभावार सड़कों तथा सेतुओं के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क निर्माण, सेतु निर्माण, जर्जर मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के सुझाव प्रस्तुत किए।

प्रस्तावों की व्यवहारिकता, प्राथमिकता एवं बजट संबंधी बिंदुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त प्रस्तावों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के विकास में सड़क एवं सेतु निर्माण की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क भी बेहतर होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मन्जू सिंह, सांसद गोण्डा प्रतिनिधि राजेश सिंह, सांसद कैसरगंज एवं विधायक सदर गोंडा प्रतिनिधि संजीव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा एक्सईएन प्रांतीय खण्ड प्रमोद त्रिपाठी, एक्सईएन लोक निर्माण खंड-1 सुरेश राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | पैड़ी बरा कौड़िया में राजन जी महाराज ने कराया रसपान

# चार घाटों से प्रवाहित होती है रामकथा

संवाददाता गोंडा



श्री राम कथा सुनाते राजन जी महराज। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र के पैड़ी बरा गाव के सम्मय माता मंदिर परिसर में रविवार से शुरू हुई राम कथा का ऐसा प्रवाह हुआ कि लोग मंत्रमुग्ध हो गये। कथा वाचक राजन जी महाराज ने राम नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान राम के अवतरण से पहले ही राम कथा लिखी गई है और इस कथा को भगवान शंकर ने अपने मानस में प्रस्फुटित किया। इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने इसे लिपिबद्ध किया।

उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी कहते हैं कि राम कथा उन्होंने नहीं लिखी बल्कि भगवान शंकर ने लिखी है। राजन महाराज ने कहा कि राम कथा चार घाटों से होकर प्रवाहित होती है। पहला घाट काशी का अस्सी घाट है जहां गोस्वामी तुलसीदास जी रामकथा सुनाई और सुनने वाली मां गंगा हैं। लोगों ने कहा कि कथा सुनने के लिए कौन है तो तुलसीदास जी ने कहा कि स्वांतः सुखाय रघुनाथ गाथा। अर्थात वह अपने लिए कथा कहते हैं। अस्सी घाट शरणागत घाट है। गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान राम के प्रति समर्पित हो गये। इसके बाद तीर्थराज प्रयाग में गुरु याज्ञवल्क्य जी ने ऋषि भारद्वाज को कथा सुनाई जो कर्मकांड घाट है। तीसरा घाट ज्ञान घाट है। जहां स्वयं भगवान शंकर जी ने माता पार्वती जी को रामकथा सुनाई। चौथा घाट नीलगिरी है जहां काकभुशुण्डि जी ने पक्षियों के राजा गरुड़जी को कथा सुनाई जो भक्ति घाट है और पांचवां घाट यह कथा स्थल है जो प्रेम घाट है। शरणागति की व्याख्या करते हुए राजन जी ने कहा कि जिस तरह से एक साल के बच्चे को चिंता नहीं होती है क्योंकि वह माता के प्रति आश्रित है। इस दौरान कथा के आयोजक कटरा ब्लॉक के प्रमुख भवानी भीख शुक्ल, तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, लल्लू तिवारी, कृष्ण भगवान शुक्ल, शिव भगवान् शुक्ल, शंकर भगवान शुक्ल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आपसी विवाद में मारपीट, दो घायल

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र के जमथा गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है जिसमे दो महिलाएं घायल हुई हैं। एक की हालात गम्भीर बनी हुई है।

सुनील कुमार पाण्डेय ने थाने पर दी तहरीर में आरोप लगाया की आपसी विवाद को लेकर सोमवार की सुबह 8 बजे पड़ोसी सम्मय दीन पांडेय, अंकित पाण्डेय, रोहित पाण्डेय व शशी पाण्डेय एक राय होकर आये और घर में घुसकर पत्नी को मारने लगे जहां वो स्नान कर रही थी रोकने गये तो लाठी डंडे से मारने लगे व कुदाल से हमला कर दिया। बचाने दौड़ी मां सरोज को उठाकर ईट पर पटक दिया जिससे उनकी हालात गम्भीर बनी हुई है जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज में भर्ती कराया है जहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया गया है। इस संबंध में कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मारपीट की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# पैमाइश के बाद तुरंत होगा मिट्टी पटाई व खड़ंजा कार्य

**आयुक्त का बड़ा फैसला**

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन मण्डल की आयुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के आकस्मिक निरीक्षण के बाद चकमार्गों पर हो रहे अतिक्रमण और अवरुद्ध रास्तों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है।

तहसील करनैलगंज में जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे प्रार्थना-पत्र सामने आने पर आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मण्डल के सभी डीएम को निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि केवल पैमाइश कर देना पर्याप्त नहीं है। जब तक चकमार्गों पर मिट्टी पटाई या खड़ंजा निर्माण नहीं होगा, तब तक रास्ते स्थायी रूप से अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाएंगे। इसे देखते हुए राजस्व और विकास विभाग के बीच अनिवार्य समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है। लेखपाल द्वारा पैमाइश के बाद चकमार्गों की सूची ग्राम पंचायत अधिकारी व वीडीओ को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित कर शीघ्र निर्माण कार्य कराया जा सके। साथ ही, तहसील स्तर पर लेखपालों से प्राप्त सूची को तहसीलदार के माध्यम से एसडीएम और बीडीओ तक पहुंचाया जाएगा, जहां से वित्तीय प्रबंधन कराकर कार्य सुनिश्चित होगा। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र पंचायतवार चिह्नित चकमार्गों की सूची जिला स्तर पर सीडीओ और एडीएम को भेजी जाए, ताकि छूटे चकमार्गों पर भी कार्य हो सके। अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्य के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। आयुक्त ने कहा कि जहां चकमार्गों पर अस्थाई निर्माण हैं, उन्हें न्यायालय के माध्यम से न कराकर सीधे अतिक्रमण मुक्त कराया जाये। आयुक्त ने मण्डल के सभी डीएम से इस सम्बन्ध में 15 दिनों में सूचना मांगी है। साथ ही, अवशेष चकमार्गों का सीमांकन कराकर फोटो सहित संकलित आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अन्य प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन और जीत पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी के नेतृत्व में मंडल कार्यालय व भैरवनाथ मंदिर परिसर में पटाखे दागे गए और जश्न मनाया गया। इस दौरान मंदिर में भोग लगाकर कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। इस मौके पर कन्हैयालाल वर्मा, चंद्रशेखर गोस्वामी, लक्ष्मी नरायन खेतान, जोगेंद्र सिंह जानी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जेल में स्थापित होगी विधिक सहायता डेस्क

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा जेल में निरुद्ध अपने परिजनों से मुलाकात करने आने वाले मुलाकातियों के लिए विधिक सहायता डेस्क स्थापित करने जा रहा है। इसके माध्यम से मुलाकात करने वाले परिजनों को अपने बंदी के मुकदमों में हो रही कार्रवाई से अवगत कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने बताया कि विधिक सहायता डेस्क को स्थापित करने के पीछे मंशा ये है जेल में मुलाकात करने आने वाले मुलाकातियों को उनके परिजन जो जेल में हैं, उनके मामलों की प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें यदि किसी भी प्रकार की विधिक जानकारी या सहायता चाहिए तो वो भी उन्हें उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को तैनात किया जाएगा जो मुलाकातियों की मदद करेंगे। और लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता भी नियमित रूप से जेल भ्रमण कर कानूनी मदद उपलब्ध करायेंगे।

### निकाली जाएगी जागरूकता रैली

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचा- प्रसार के लिए जागरूकता रैली निकाली जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने बताया कि सुबह दस बजे जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली में प्रचार वाहन व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### संतुलित उर्वरक के प्रयोग की दी जानकारी

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार :** दीनदयाल शोध संस्थान, लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से संतुलित उर्वरकों का प्रयोग विषय पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। क्षेत्र के 40 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना रहा। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. त्रिपाठी ने किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए मृदा परीक्षण आधारित उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर बल दिया। कृषि अभियंता इंजीनियर मिथलेश कुमार झा ने किसानों को कृषि में आधुनिक तकनीकों, संसाधनों के कुशल प्रबंधन तथा उर्वरकों के वैज्ञानिक प्रयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को टिकाऊ खेती की दिशा में तकनीकी उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक मिश्रा ने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं उसके कृषि में उपयोग की जानकारी दी। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सुधांशु ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### दिव्यांगों के पंजीकरण के लिए लगा शिविर

**रुपईडीह, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक मुख्यालय पर पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि इस शिविर में विभाग के जिला समन्वयक धर्मपाल सिंह द्वारा शिविर में आए दिव्यांग जनों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गांवों को मिलाकर 18 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया। अवर अभियंता अंकेश कुमार, बेचू लाल दूबे, नरेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### कंपोजिट विद्यालय में चोरी

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मल्लापुर का रात में कुछ चोरों ने ताला तोड़कर तीन बैटरी, दो इनवर्टर व एक लकड़ी की कुर्सी चुरा लिया। घटना की सूचना विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम द्विवेदी द्वारा कौड़िया पुलिस को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी अजय कुमार सिंह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

### आदर्श नियमावली का पालन अनिवार्य

**बेलसर, गोंडा :** शिक्षा क्षेत्र के 219 विद्यालयों में 613 शिक्षक 170 शिक्षामित्र, अनुदेशक व 13 शिक्षणेतर कर्मचारियों की तैनाती है। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी के लिए आदर्श नियमावली का पालन अनिवार्य कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल ने बताया कि सरकार की मंशा है कि सरकारी स्कूलों की छवि सुधरे। इस बदलाव के लिए शिक्षकों के वेतन विद्यालय भवन व संसाधन पर बजट जारी कर रही है। लेकिन कुछ शिक्षक व अन्य कर्मचारी विद्यालय के समय में क्षेत्र के विभिन्न समारोह में शामिल होते हैं इससे स्कूली शिक्षा प्रभावित होती है। अब बिना अनुमति के किसी भी आयोजन में सम्मिलित होने पर कार्यवाही की जाएगी। शिक्षक नेता राजेश शुक्ल ने बताया कि जब भी कोई बड़ा आयोजन होता है तो शिक्षक संगठन के पदाधिकारी अनुमति पर ही जाते हैं। अन्य किसी भी आयोजन में यदि शिक्षक जाना चाहता है तो उसे नियमानुसार अनुमति लेकर ही जाना चाहिए।

### स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, कक्षा 6, 9 व 11 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**गोंडा, अमृत विचार :** सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से संचालित गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर तथा स्पोर्ट्स कॉलेज सहारनपुर में विभिन्न खेलों के लिए कक्षा 6, 9 और 11 में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट स्पोर्ट्स कालेज एलकेओ डाट इन या खेलसाथी डाट इन पर जाकर स्पोर्ट्स कालेज एडमिशन लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। आयु सीमा के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 9 से 12 वर्ष (01 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2017 के बीच जन्म), कक्षा 9 के लिए 12 से 15 वर्ष (01 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2014) तथा कक्षा 11 के लिए 15 से 17 वर्ष (01 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2011) निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु की गणना 1 अप्रैल 2026 के आधार पर की जाएगी। पंजीकरण के दौरान अभ्यर्थी को अपना नाम, जन्मतिथि, ईमेल आईडी और आधार संख्या दर्ज करनी होगी। इसके साथ ही आवेदन फार्म में यू-डायस पोर्टल द्वारा जारी परमानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) भरना अनिवार्य किया गया है। बिना पीईएन नंबर के आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के अंतिम सबमिशन के बाद 200 रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी संबंधित वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

### फतेहपुर कोटहना में चकबन्दी को लेकर विवाद

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर कोटहना में चकबन्दी प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आया है। मामले में डीएम ने चकबंदी अधिकारी से तीन दिन में कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम प्रधान रामनाथ ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने 12 जनवरी 2026 को चकबन्दी कराए जाने के लिए आवेदन किया था। इस पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा सहायक चकबन्दी अधिकारी से रिपोर्ट ली गई, जिसमें 23 जनवरी 2026 को ग्राम सभा की बैठक तय की गई थी। निर्धारित तिथि को हुई बैठक में लगभग 400 किसानों ने चकबन्दी के पक्ष में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई। इसके बावजूद आरोप है कि कुछ दबंग व भू-माफिया तत्व चकबन्दी अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर कार्य को आगे बढ़ने से रोक रहे हैं। प्रधान ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चकबन्दी अधिकारियों की एक समिति गठित कर जल्द से जल्द चकबन्दी प्रक्रिया शुरू कराई जाए, ताकि किसानों को न्याय मिल सके। साथ ही उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी की रिपोर्ट भी संलग्न किया है। डीएम प्रियंका निरंजन ने चकबंदी अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक को जांचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



दुखी मत हो, तुम जो भी खोते हो, वह
किसी और रूप में वापस आ जाता है।
-रूमी, सूफी



## परिवर्तन की नई बयार

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक उर्वर भूमि ने एक बार फिर इतिहास रचा है। चुनाव परिणामों ने न केवल सत्ता का केंद्र बदल दिया है, बल्कि पिछले डेढ़ दशक से चले आ रहे एकक्षत्र राजनीतिक विमर्श पर भी विराम लगा दिया है। पिछले 15 वर्षों से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के अभेद्य दुर्ग में 'कमल' का यह उदय भारतीय लोकतंत्र की उस अंतर्निहित शक्ति का प्रमाण है, जहां जनता की खामोशी बड़े-बड़े किलों को ढहाने का माद्दा रखती है। किसी भी लोकतंत्र में 15 साल का समय एक लंबा कालखंड होता है।

टीएमसी के शासनकाल के शुरुआती वर्षों में जो परिवर्तन' का उत्साह था, वह धीरे-धीरे 'सत्ता विरोधी लहर में तब्दील होता गया। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा के दावों पर सवाल खड़े किए, तो वहीं शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के मामलों ने राज्य के शिक्षित युवाओं और मध्यम वर्ग के भरोसे को हिलाकर रख दिया। भाजपा ने इन जख्मों को पहचानकर अपनी चुनावी रणनीति बुनी और भ्रष्टाचार मुक्त बंगाल के नारे को सीधे जन-जन तक पहुंचाया। इस जनादेश का एक महत्वपूर्ण पहलू मतों का ध्रुवीकरण और सामाजिक समीकरणों का बदलाव है। बंगाल की राजनीति पारंपरिक रूप से पहचान और अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। टीएमसी का मजबूत आधार माना जाने वाला मुस्लिम मतदाता वर्ग इस बार कुछ क्षेत्रों में बिखरे हुए नजर आए, वहीं दूसरी ओर मतुआ समुदाय और आदिवासी बेल्ट में भाजपा की पकड़ और अधिक मजबूत हुई। यह इस बात का संकेत है कि मतदाता अब केवल लोकलुभावन योजनाओं के सहारे नहीं, बल्कि स्थायी बुनियादी ढांचे और रोजगार के ठोस अवसरों की तलाश में हैं। बंगाल की राजनीति का एक काला पक्ष हमेशा चुनावी हिंसा रहा है। इस बार के चुनावों में भी हिंसा की खबरें सुर्खियों में रहीं, लेकिन जनता ने भारी मतदान के जरिए यह संदेश दे दिया कि वे भयमुक्त वातावरण चाहते हैं। ममता बनर्जी की हार के पीछे एक बड़ा कारण उनके कैडरों पर लगे दबंगई के आरोप भी रहे। भाजपा के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती इस राजनीतिक हिंसा के चक्र को तोड़कर एक शांतिपूर्ण शासन व्यवस्था स्थापित करना होगा। 15 साल बाद सत्ता में आए इस बदलाव को संभालना नई सरकार के लिए आसान नहीं होगा। बंगाल पर चढ़ा भारी कर्ज, औद्योगिक पिछड़ापन और केंद्र के साथ राज्य के रिश्तों को पटरी पर लाना प्राथमिकता होगी।

ममता बनर्जी ने विपक्ष में रहकर जिस आक्रामकता की राजनीति की है, वही आक्रामकता अब वे एक सशक्त विपक्षी नेता के तौर पर सदन में दिखाएंगी। ऐसे में नई सत्ता को सुशासन की कसौटी पर खुद को हर दिन साबित करना होगा। जनादेश से स्पष्ट है बंगाल विकास की एक नई पटकथा लिखना चाहता है। यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि उस आम बंगाली मानस की है, जिसने बदलाव के लिए अपना मत दिया। सत्ता का यह हस्तांतरण केवल कुर्सियों का बदलाव नहीं होना चाहिए, बल्कि यह बंगाल के गौरव और आर्थिक पुनरुद्धार की नई शुरुआत होनी चाहिए।

### प्रसंगवश

## रिश्तों के ताने-बाने में पनपती विकृतियां

हाल ही में कानपुर में एक पिता ने अपनी 11 साल की दो मासूम जुड़वां बेटियों की निर्मम हत्या कर दी। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन समाज में पनपती विकृतियां अब आपसी रिश्तों पर भी हावी होती प्रतीत हो रही हैं। यह बर्बादी की एक नई कहानी है, जो अब धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है। ये अपने-आप में पहली घटना नहीं है, बल्कि ऐसे सैकड़ों मामले दरकते रिश्तों की अपनी दास्तां बयान करते हैं। जिन रिश्तों और संबंधों को किसी समय प्रेम, विश्वास और सुरक्षा से बांधा जाता था, वही अब स्वार्थपरक अनैतिक आचरण में लिप्त हो, कलयुग कहे जाने वाले समय की कालिख बनने का काम कर रहे हैं। यह हमें सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि आखिर ये समाज कहा जा रहा है और हम कहां जा रहे हैं?




डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार


कानपुर घटनाक्रम में हत्या के पीछे तनाव और नशे को जांच का आधार बनाया गया है, लेकिन देश का कोई भी कोना ऐसे मामलों से शायद ही अब अछूता हो। इससे पहले दिल्ली के नोएडा में आरुषि तलवार और गुरुग्राम में राधिका यादव की अपने ही पिता द्वारा जघन्य हत्या जैसे मामले भरोसे के इन रिश्तों की कहानी बयां करते हैं। राजस्थान के अलवर और मेरठ में पत्नी के प्रेमी संग पति की हत्या, लखनऊ में बेटे द्वारा कारोबारी पिता की हत्या कर टुकड़े ड्रम में रखने जैसे दिल दहला देने वाले प्रकरणों ने जनमानस को हिला कर रख दिया है।

असल में अब समाज में रिश्तों का कत्ल एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिनके स्वरूप अलग-अलग देखे जा सकते हैं। जहां आपसी विवाद, प्रॉपर्टी और पैसा, अनैतिक संबंध, अहंकार और भरोसे की कमी के कारण भाई-भाई, बेटे-पिता, पिता-बेटी और पति-पत्नी के रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। पिछले सालों में बढ़ने वाला नशे का प्रचलन भी इसका एक बड़ा कारण बन रहा है, जिसमें व्यक्ति अपराध करने से पहले यह नहीं समझ पाता कि सामने सगे-संबंधी हैं या कोई और। ऐसा लगता है जैसे कि रिश्तों का कत्ल करने की होड़ मची हुई है। ऐसा करने में कोई भी रिश्ता किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं है।

इस तरह की अनैतिक घटनाएं जैसे सगे-संबंधियों को मार देना या संपत्ति के लिए अपनों की हत्या सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं। अत्यधिक स्वार्थ, लालच और अहंकार के कारण व्यक्ति अपनों के प्रति संवेदनहीन हो रहा है। रिश्तों में प्यार और भरोसे की कमी के कारण वे बोझ बन कर अंततः टूट जाते हैं। आपसी सम्मान और प्रेम में कमी आ रही है, जिससे रिश्तों की परिभाषा बदल रही है और सामाजिक सौहार्द खत्म हो रहा है। परिणाम स्वरूप परिवार तबाह हो रहे हैं और समाज शर्मसार हो रहा है। इस तरह के मामले बताते हैं कि भौतिक सुख-सुविधाओं की चाह में इंसानियत खत्म हो रही है।

देश में हर रोज कहीं न कहीं हो रही इस तरह की घटनाएं बता रही हैं कि परिवार और समाज में सुरक्षा का भाव दिनों-दिन कम हो रहा है। तनाव के चलते रिश्तों में खटास होने से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। मानवता पर सवाल उठने लगे हैं। प्यार और स्नेह की जगह अब नफरत ले रही है, जो समाज के लिए खतरनाक है। यह आवश्यक है कि हम अपने रिश्तों में आपसी विश्वास, समझ और प्रेम को बहाल करें, ताकि समाज में एक-दूसरे के प्रति सम्मान बना रहे।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## बीजेपी का विस्तार और क्षेत्रीय क्षत्रपों का नया स्वरूप







योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार


2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता वापसी की घटना मात्र नहीं हैं, बल्कि ये देश की राजनीतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं। इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या पारंपरिक वोट बैंक के गणित में उलझने वाला नहीं है, बल्कि वह शासन की जवाबदेही, नेतृत्व की विश्वसनीयता और विकास के ठोस धरातल पर अपना निर्णय सुना रहा है।

पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर दक्षिण के तटीय मैदानों तक फैली इस राजनीतिक हलचल का यदि सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए तो यह साफ दिखाई देता है कि 'भगवा' राजनीति का पूर्वी विस्तार अब अपने चरम पर है, जबकि दक्षिण में क्षेत्रीय अस्मिता और नए राजनीतिक विजन के बीच एक दिलचस्प संघर्ष छिड़ गया है। ये चुनाव परिणाम उन तमाम राजनीतिक पंडितों के लिए एक सबक हैं, जो केवल पुराने आंकड़ों के आधार पर भविष्यवाणियां करते थे, क्योंकि इस बार मतदाताओं ने एक ऐसी 'परिवर्तन की आंधी' का सूत्रपात किया है, जिसने कई दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आए 'महाभूकंप' को देखे बिना 2026 के इस जनादेश की व्याख्या अधूरी है। लगभग डेढ़ दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस का ढहना और भाजपा का 150 सीटों के पार जाना यह दर्शाता है कि बंगाल की जनता 'सिंडिकेट राज' और 'कट मनी' की संस्कृति से ऊब चुकी थी। बंगाल का यह परिणाम केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है, जहां मतदाताओं ने 'बंगाली अस्मिता' के साथ 'राष्ट्रीय विकास' के समन्वय को स्वीकार किया है।

संदेशखाली जैसी घटनाओं ने शासन के प्रति जो आक्रोश पैदा किया था, वह ईवीएम के माध्यम से ज्वालामुखी की तरह फटा। भाजपा ने यहां जिस प्रकार से हिंदू मतों का ध्रुवीकरण किया और साथ ही मतुआ एवं राजवंशी समुदायों को अपने पक्ष में संगठित किया, उसने टीएमसी के अभेद्य दुर्ग की ईंट से ईंट बजा दी। ग्रामीण बंगाल में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'जल जीवन मिशन' जैसी केंद्रीय योजनाओं ने एक नया 'लाभार्थी वर्ग' तैयार किया, जिसने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की पारदर्शिता को राज्य सरकार की भ्रष्टाचार युक्त मशीनरी से बेहतर पाया। यह चुनाव परिणाम ममता बनर्जी के उस करिश्मे के अंत का भी संकेत है, जो कभी अपराजेय माना जाता था और अब बंगाल की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां सुशासन और कानून-व्यवस्था ही सत्ता की एकमात्र कसौटी रह गई है।

असम की ओर रुख करें तो यहां की स्थिति बंगाल से बिल्कुल भिन्न, लेकिन उतनी ही प्रभावशाली है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा की 'हैट्रिक' ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब विकास को सांस्कृतिक अस्मिता के साथ जोड़ दिया जाता है, तो वह एक अजेय फॉर्मूला बन जाता है। असम में भाजपा की जीत केवल सत्ता की निरंतरता नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास की पुष्टि है, जो जनता ने सरमा के प्रभावी और साहसी नेतृत्व में दिखाया है। असम का जनादेश संदेश देता है कि यदि नेतृत्व के पास विजन हो और वह जमीनी मुद्दों पर आक्रामक तरीके से कार्य करे तो जनता उसे फिर सेवा का अवसर प्रदान करती है। यहां विपक्ष की बिखरी हुई ताकत और कांग्रेस की वैचारिक शून्यता ने भाजपा की राह को और भी आसान बना दिया।

दक्षिण भारत के राजनीतिक परिदृश्य में तमिलनाडु ने इस बार पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। थलपति विजय के रूप में एक नए राजनीतिक सूर्य का उदय यह बताता है कि तमिलनाडु की जनता अब डीएमके और एआईएडीएमके के दशकों पुराने द्वंद्व से मुक्ति चाहती थी। विजय की पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' द्वारा 100 सीटों का आंकड़ा पार करना एक राजनीतिक चमत्कार है, जिसने एमजीआर के उस दौर की याद ताजा कर दी, जब सिनेमा और राजनीति का संगम सत्ता की चाबी बन गया था। विजय ने खुद को केवल एक फिल्मी सितारे के रूप में नहीं, एक 'संकटमोचक' और 'युवा आइकन' के रूप में पेश किया। उन्होंने गठबंधन की राजनीति को ठेंगा दिखाते हुए 'अकेले शेर' की तरह चुनावी मैदान में उतरने का जो साहस दिखाया, उसने तमिल युवाओं के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया।

केरल का चुनाव परिणाम भी कम दिलचस्प नहीं रहा, जहां 'एक बार इधर, एक बार उधर' की पारंपरिक रीत ने पिनाराई विजयन की तमाम कोशिशों के बावजूद एलडीएफ को सत्ता से बाहर कर दिया। यूडीएफ की प्रचंड वापसी दर्शाती है कि केरल का शिक्षित मतदाता भ्रष्टाचार और राजकोषीय कुप्रबंधन को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं था। विभिन्न घोटालों ने एलडीएफ की साख को जो चोट पहुंचाई, उसकी भरपाई उसकी जनहितैषी योजनाओं से भी नहीं हो सकी। राहुल गांधी की वायनाड में सक्रियता और 'न्याय' जैसी योजनाओं के वादे ने कांग्रेस नीत यूडीएफ के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाइयों और मुस्लिमों के बीच उपजे असंतोष ने सत्ता के संतुलन को पूरी तरह बिगाड़ दिया।

पुडुचेरी जैसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश ने भी यह दिखाया कि राजनीति में स्थिरता और केंद्र के साथ तालमेल का कितना महत्व है। एन रंगासामी की सहज छवि और भाजपा के साथ उनके गठबंधन ने मतदाताओं को यह भरोसा दिलाया कि विकास के लिए केंद्र और स्थानीय सरकार का एक पटरी पर होना जरूरी है। नतीजों ने साबित किया कि छोटे क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपर्क और सामाजिक समीकरण ही हार-जीत की रेखा खींचते हैं। यहां का मतदाता प्रशासनिक गतिरोध के बजाय स्थिरता को अधिक महत्व देता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम देश की राजनीतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं।

### आमने-सामने




बंगाल और असम में जनादेश को प्रभावित किया गया है। ED, CBI, चुनाव आयोग, पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित किया गया। भारी संख्या में केंद्रीय बल तैनात कर पहली बार इस तरह जनादेश 'चुराया' गया है। चुनाव प्रक्रिया को बीजेपी के पक्ष में मोड़ा गया है।

-दीपक बैज
छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष

देश की नजर इन चुनाव परिणामों पर है। पश्चिम बंगाल की जनता ने बदलाव का संकेत दिया है। बंगाल में टीएमसी को जनता ने नकार दिया है। असम में कांग्रेस के तमाम प्रयासों के बावजूद बीजेपी सरकार बना रही है। साथ ही पुडुचेरी और तमिलनाडु में भी बीजेपी की स्थिति मजबूत हुई है।

-अरुण साव
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



## मौसम का दोष जलवायु परिवर्तन पर मत मढ़ो!




पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार


भारत में मौसम का बदलता मिजाज और बैसाख के महीने में जेठ जैसी तपिश का अहसास होना, अब केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि एक गहरे पारिस्थितिक संकट की चेतावनी है। अक्सर भीषण गर्मी और लू के लिए अल नीनो या वैश्विक जलवायु परिवर्तन को दोष देकर हम अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह संकट काफी हद तक मानव-निर्मित है। आज हम जिस भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं, वह वैश्विक वायुमंडलीय बदलावों और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति बरती गई नीतिगत लापरवाही का एक मिला-जुला परिणाम है।

जब हम अपनी विकास योजनाओं के नाम पर हज़ारों हेक्टेयर प्राथमिक जंगलों, पहाड़ियों और जल निकायों को नष्ट करते हैं, तो हम अनजाने में उन प्राकृतिक 'कूलिंग एजेंटों' को खत्म कर देते हैं, जो इस तपिश के खिलाफ हमारी एकमात्र सुरक्षा थे। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां तापमान अब नियमित रूप से 48C के स्तर को छूने लगा है, यह स्पष्ट है कि हमारी विकास की भूख ने धरती के प्राकृतिक थर्मोस्टेट को बिगाड़ दिया है।

इस मानव-निर्मित गर्मी की सबसे प्रत्यक्ष और क्रूर मार उन मजदूरों और सड़क किनारे काम करने वाले श्रमिकों पर पड़ती है, जो इस ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। भारत के करोड़ों निर्माण श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले और गिग-इकोनॉमी के कर्मचारी इस गर्मी को केवल एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि एक शारीरिक हमले के रूप में महसूस करते हैं। आंकड़ों के अनुसार, गर्मी के कारण भारत को 2030 तक अपने कुल कामकाजी घंटों का 5.8% हिस्सा खोना पड़ सकता है, जो लगभग 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर है।

बांदा जैसे शहरों में, कंक्रीट और कोलतार की सड़कें गर्मी को सोखकर रात में भी उसे वापस छोड़ती हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव पैदा होता है और स्थानीय तापमान ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 5C से 7C तक अधिक बना रहता है। नीतिगत स्तर पर मजदूरों के लिए 'छाया का अधिकार' या लू के दौरान काम के घंटों में बदलाव जैसे नियम केवल कागजों तक सीमित हैं, जो हमारे विकास के उस अंधेपन को दर्शाते हैं, जहां श्रम को एक जैविक इकाई के बजाय केवल एक मशीन समझा जाता है।

गर्मी का यह घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं, जिससे पैदावार में 15% से 25% तक की गिरावट दर्ज की जा रही है। मिट्टी की नमी खत्म होने से उपजाऊ जमीन अब मरुस्थल में बदल रही है, फिर भी हमारी नीतियां सूखे क्षेत्रों में अधिक पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा दे रही हैं। इसी तरह, जंगलों के विखंडन और अवैध खनन ने वन्यजीवों के लिए भोजन का संकट पैदा कर दिया है।

छतरपुर और पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास के इलाकों में, खनन के कारण प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप जंगली जानवरों का बस्तियों की ओर आना 40% तक बढ़ गया है। यह केवल मानव-पशु संघर्ष नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिक सुरक्षा चक्र का टूटना है, जो इंसानों और जानवरों को एक साथ सुरक्षित रखता था।

वर्तमान 'हीट एक्शन प्लान' (एचएपी) की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वे केवल शहरों में मौतों को रोकने पर केंद्रित हैं, जबकि जमीन, जल और मिट्टी के गिरते स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं। अब समय आ गया है कि नीतिगत स्तर पर 'वन हेल्थ' के दृष्टिकोण को अपनाया जाए, जहां मिट्टी की नमी, पशुधन का स्वास्थ्य और वन्यजीवों का संरक्षण एक ही इकाई के रूप में देखा जाए। हमें केवल वृक्षारोपण की रस्म अदायगी से ऊपर उठकर बुंदेलखंड के चंदेलकालीन तालाबों जैसे पारंपरिक जल-प्रबंधन तंत्र को पुनर्जीवित करना होगा। ये तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं थे, बल्कि वे स्थानीय पारिस्थितिकी को ठंडा रखने के विकेंद्रीकृत साधन थे। नीति निर्माताओं को यह समझना होगा कि राजमार्गों के लिए काटे गए पेड़ केवल लकड़ी नहीं थे, बल्कि वे उस सूक्ष्म-जलवायु का हिस्सा थे, जो फसलों को झुलसने से बचाती थी।

हमें विकास की अपनी परिभाषा को बदलना होगा। बुंदेलखंड में पत्थर खनन के लिए काटी गई हर पहाड़ी और उत्तराखंड में कंक्रीट के विस्तार के लिए नष्ट की गई हरियाली हमारे भविष्य की ठंडी हवाओं को रोक रही है। आर्थिक लाभ की तुलना में गर्मी के कारण होने वाला स्वास्थ्य और कृषि का नुकसान कहीं अधिक है। भविष्य की नीतियों की सफलता अब इस जवाबदेही पर टिकी है कि हम बुनियादी ढांचे के निर्माण में 'ग्रीन इंजीनियरिंग' को कितनी प्राथमिकता देते हैं और पर्यावरण नियमों की अनदेखी को कब बंद करते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

गर्मी का घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं।

### सोशल फोरम

## 'गोल्डन फ्यूचर' की ओर

जब कोई राष्ट्र भविष्य की तकनीक और विज्ञान के बजाय 'मिथकों' और 'विभाजन' की राजनीति में अपनी ऊर्जा झोंक देता है, तो वह आत्मघाती रास्ते पर होता है। क्या हम केवल अतीत के गौरव में ही जिंदा रहेंगे? टीके अरुण का हाल में छपा लेख 'Enough With Mythologies' हमारे गाल पर एक तमाचा है। वे सही कहते हैं कि भारत की युवा ऊर्जा आज 'सांप्रदायिक नफरत' और 'प्रतिगमन की विचारधारा' (Ideology of Regression) में बर्बाद की जा रही है। हम एक ऐसे 'स्वर्ण युग' की कल्पना में पीछे की ओर भाग रहे हैं, जिसका अस्तित्व ही संदिग्ध है, जबकि दुनिया 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और 'क्वांटम कंप्यूटिंग' के युद्ध जीत रही है।




ज्ञानेंद्र अवस्थी
डाटा एनालिस्ट


भारत के पास 24.5 करोड़ युवाओं (20-30 वर्ष) की वह शक्ति है, जो दुनिया में किसी के पास नहीं है, लेकिन हकीकत क्या है? हमारे बेहतरीन दिमाग या तो विदेशों में बस रहे हैं या फिर 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स' (GCCs) में विदेशी कंपनियों के लिए 'मजदूरी' कर रहे हैं। जो युवा हाथ तकनीक और नवाचार (Innovation) के लिए होने चाहिए थे, वे आज सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने और डिजिटल पहरों का हिस्सा बनने में खर्च हो रहे हैं।

एक लीटर एथेनॉल के लिए 10,000 लीटर पानी फूंकना विकास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के खिलाफ युद्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चा तेल तीन वर्षों के औसत 45/लीटर उपलब्ध रहा है, लेकिन 'सेठों' के मुनाफे के लिए हम रुपये -65/लीटर का एथेनॉल बना रहे हैं और वह भी अपने मुख्य भोजन (चावल) को जलाकर।

जहां हम 'मिथकों' की राजनीति में उलझे रहे, चीन ने अपनी नींव पत्थर की कर ली। चीन का रणनीतिक तेल भंडार 1,397 मिलियन बैरल पहुंच गया, जबकि भारत मात्र 21 मिलियन बैरल (0% वृद्धि) पर खड़ा है। हमारा चीन के साथ व्यापार घाटा 155% बढ़कर $112.1 बिलियन हो गया है। दुखद यह है कि हम चीन से खिलौने नहीं, बल्कि अपनी इंडस्ट्री के लिए 'ऑर्गेनिक केमिकल्स' और 'मशीनरी' मांग रहे हैं। हम उत्पादन के लिए पूरी तरह चीन के 'तकनीकी गुलाम' बन चुके हैं।

हमें तकनीक चाहिए, हमें पानी चाहिए और हमें वह 'विजन' चाहिए, जो हमें 21वीं सदी का नेतृत्व दिला सके, न कि वह विचारधारा जो हमें 11वीं सदी में वापस ले जाए।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## ग्रामीण स्वास्थ्य की चुनौतियां व जरूरत

उत्तराखंड के दूर-दराज़ पहाड़ी गांव दिखने में जितने सुंदर होते हैं, वहां का जीवन उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण होती है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और घुमावदार रास्तों के बीच सीमित संसाधनों के साथ यहां के लोगों का जीवन अपनी रफ्तार से चलता है। वैसे तो यहां के दूर-दराज गांवों में लगभग सभी बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिख जाता है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य सुविधाओं की आती है, तो यह मुश्किल पहाड़ जैसी बड़ी नजर आती है। खासकर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आज भी यहां के कई ग्रामीण क्षेत्रों में एक संघर्ष की तरह है, हालांकि बीते कुछ वर्षों में इस दिशा में काफी सुधार भी हुए हैं, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और किशोरियों पर पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच और प्रसव के लिए दूर जाना पड़ता है, जिससे उनका स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है।




कविता बिष्ट
एक्टिविस्ट


अगर पिछले पांच वर्षों पर नज़र डालें, तो उत्तराखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र में कुछ सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में लगभग 250 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। इसके अलावा उप-केंद्रों की संख्या भी हजारों में है, जो गांव-स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों में संस्थागत प्रसव दर में वृद्धि हुई है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेवाओं ने गांव-गांव तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाई है। टीकाकरण अभियान और पोषण कार्यक्रमों ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष 2026-27 के बजट में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 90,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है, जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं उत्तराखंड सरकार ने भी अपने बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करीब 4,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इसमें ग्रामीण अस्पतालों के उन्नयन, नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया है।

नई योजनाओं के तहत 'आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे गांव स्तर पर ही प्राथमिक उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स और डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी है। जब एक महिला को अपने स्वास्थ्य के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, तो यह केवल उसकी शारीरिक परेशानी नहीं होती, बल्कि यह उसके अधिकारों की भी अनदेखी होती है। एक सशक्त समाज वही होता है, जहां हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं समान रूप से उपलब्ध हों, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में क्यों न रहता हो।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# अंतस



सा धना का सार है समाधि। सर्वस्व है, उपसंहार है। निष्कर्ष है। फल है। प्रतिफल है। परिणाम है। समाधि दो शब्दों से मिलकर बना है– सम और धी। सम यानी सम्यक या एक जैसा होना। धी यानी बुद्धि या प्रज्ञा। इस प्रकार समाधि का अर्थ हुआ बुद्धि का एक समान स्तर पर होना। समत्व की स्थिति में होना। समदर्शी होना। समदृष्टि होना। स्थिर बुद्धि होना। इसका एक अर्थ है समय आधि अर्थात समय के पार जाना। योग–साधना की चरम अवस्था है समाधि, लेकिन ध्यान रहे समाधि मंजिल नहीं है, यह केवल एक पड़ाव है। आध्यात्म की असली यात्रा इसके बाद ही शुरू होती है।



आचार्य प्रदीप द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक

# योग–साधना की चरम अवस्था है समाधि

## त्रिगुणात्मक प्रकृति के प्रभाव से परे

यदि कोई साधक समाधि की अवस्था को उपलब्ध है, तो इसका अर्थ यह हुआ कि साधक सम अवस्था में है। वह सुख-दुख, हानि-लाभ, मान-अपमान आदि द्वंदों से मुक्त है, परे है। उस स्थिति में साधक का कोई पृथक अस्तित्व नहीं रहता। साधक का ब्रह्म में अवस्थान हो जाता है। भगवान की सत्ता, चैतन्य और आनंद अपने आप साधक की वाणी, भाव और कार्य के द्वारा पूर्ण रूप से प्रस्फुटित होने लगते हैं। समाधि की अवस्था में प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति आदि चित्तवृत्तियां मिट जाती हैं। समाधि की अवस्था को पा लेने पर साधक जीवमात्र को जीवन-मरण और संसारचक्र में घुमाने वाले दुःखदायक अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश आदि पंचक्लेशों से मुक्त हो जाता है, पर यह अवस्था पाना आसान नहीं है। कई पड़ाव पार करने होते हैं। एक लंबी अवधी की प्रक्रिया है। आत्मा के ऊपर से अविद्या, अज्ञान का आवरण हट जाता है। जिस प्रकार बादलों के आवरण से मुक्त होते ही सूर्य का तेज प्रकट हो जाता है, वैसे ही अविद्या, अज्ञान का आवरण हटते ही, मिटते ही आत्मा अपने यर्थास्वरूप को पहचानकर परमात्मा में स्थित हो जाती है। साधक सत, रज, तम आदि त्रिगुणात्मक प्रकृति के प्रभाव से परे हो जाता है। वह शब्द, रूप, रस, गंध आदि तन्मात्राओं के प्रभाव से भी परे हो जाता है।

## समाधि के चरण

- समाधि के दो चरण या स्तर बताए गए हैं– संप्रज्ञता व असंप्रज्ञता। संप्रज्ञता समाधि के 4 प्रकार हैं– पहला है सवितर्क समाधि। यह समाधि का वह रूप है, जिसमें स्थूल विषय पर ध्यान लगाया जाता है। उदाहरणस्वरूप मूर्ति पर ध्यान जमाने को सवितर्क समाधि कहा जाता है। दूसरी है सविचार समाधि। यह समाधि का वह रूप है, जिसमें सूक्ष्म विषय पर ध्यान लगाया जाता है। इस समाधि में कभी–कभी तन्मात्रा भी ध्यान का विषय होती है। तीसरी है सानंद समाधि। इस समाधि में ध्यान का विषय इंद्रियां रहती हैं। हमारी इंद्रियां 11 हैं– 5 ज्ञानेन्द्रियां, 5 कर्मेन्द्रियां और मन। इन्हीं पर ध्यान लगाया जाता है। चौथी है सस्मित समाधि। इस अवस्था में ध्यान का विषय अहंकार है। अहंकार को अस्मिता कहा जाता है। कुछ विद्वानों का कहना है कि संप्रज्ञता समाधि वैराग्य से धुले हुए निर्मल चित्त की परिणीति है। इस समाधि में चित्त शुद्ध तो होता है, पर चित्त में कर्मों के संस्कारों के बीज अभी भी शेष रहते हैं। इसलिए इसे सबीज समाधि भी कहते हैं। इसलिए इस सबीज को निर्बीज करने के लिए समाधि के अगले चरण में प्रवेश करना होता है, जिसे असंप्रज्ञता या निर्बीज समाधि कहते हैं। असंप्रज्ञता समाधि में सारी मानसिक क्रिया की समाप्ति हो जाती है। मन केवल अप्रकट संस्कारों को धारण किए रहता है।



- इस प्रकार समाधि का पहला चरण अर्थात संप्रज्ञता समाधि–शुचिता का है। समाधि का दूसरा चरण अर्थात असंप्रज्ञता समाधि–विलीनता का है। समाधि के प्रथम चरण अर्थात संप्रज्ञता समाधि में साधक के मन की सारी अशुद्धि तिरोहित हो जाती है। सभी विकार व बुराइयां मिट जाती हैं। पर चित्त में कर्म संस्कारों के बीज बने रहते हैं। समाधि के दूसरे चरण अर्थात असंप्रज्ञता समाधि में कर्म संस्कारों के बीज भी नष्ट हो जाते हैं और चित्तवृत्तियों का पूर्णतः निरोध हो जाता है। असंप्रज्ञता समाधि की अवस्था में बुराई भी गिर जाती है और अच्छाई भी। यहां तक कि अच्छाई या शुद्ध अवस्था को धारण करने वाला मन भी समाप्त हो जाता है। यह अ–मन की अवस्था है। मन की यह समाप्ति प्रकारांतर से देहबोध की समाप्ति है। इस अवस्था में देह के पृथक होने का एहसास होता है। इस अवस्था में आत्मा अपने यथार्थस्वरूप को पहचान लेती है और आत्मा का संपर्क विभिन्न विषयों से छूट जाता है। यही मोक्ष की अवस्था है। नियत समय, नियम स्थान, नियमित साधना व सात्विक आहार–विहार व संयम का पालन करते हुए कोई भी साधक इस परम आनंद, परम सुख की अवस्था को पा सकता है। बशर्ते उसे पूर्णगुरू का सानिध्य मिले तब। अन्यथा भटकाव निश्चित है।

पौराणिक कथा

# गांधारी को 100 पुत्रों का वरदान

हस्तिनापुर समय के साथ आगे बढ़ रहा था। माता सत्यवती और पितामह भीष्म अब अतीत की स्मृतियों को पीछे छोड़ वर्तमान में स्थिर हो चुके थे। भीष्म ने अपनी महान प्रतिज्ञा के अनुसार स्वयं को पूरी तरह हस्तिनापुर और उसके सिंहासन की रक्षा में समर्पित कर दिया था, वहीं सत्यवती भी इस गौरवशाली कुरुवंश की मर्यादा और सुरक्षा में तल्लीन थीं। धृतराष्ट्र और पांडु दोनों का विवाह संपन्न हो चुका था और अब राजवंश में नई पीढ़ी के आगमन की आशा जाग उठी थी।

वैशंपायन ने वर्णन किया कि महाराज पांडु ने अपनी पत्नियों कुंती और माद्री के साथ कुछ समय सुखपूर्वक व्यतीत किया, किंतु शीघ्र ही उन्होंने राज्य की बागडोर भीष्म के संरक्षण में सौंपकर दिग्विजय के लिए प्रस्थान किया। वे जिस दिशा में गए, वहां के अनेक राज्यों को अपने पराक्रम से जीत लिया। कहीं उन्होंने मैत्री संधियां स्थापित कीं, तो कहीं अन्यायी राजाओं को हटाकर न्यायपूर्ण शासन की स्थापना की। कई महीनों तक चले इस अभियान के बाद वे अपार धन-संपदा, स्वर्ण और रत्न लेकर हस्तिनापुर लौटे।

उनके लौटने पर नगर में उत्सव का वातावरण था। भीष्म ने उन्हें स्नेहपूर्वक आलिंगन किया, विदुर ने आशीर्वाद दिया और धृतराष्ट्र ने उनके पराक्रम की सराहना की। माताओं ने स्नेह बरसाया और कुंती-माद्री ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया। पांडु द्वारा लाया गया धन राजकोष को समृद्ध कर गया। उन्होंने बड़ों को आभूषण भेंट किए और प्रजा में भी उदारता से दान वितरित किया। इसके बाद पांडु अपनी पत्नियों के साथ वन की ओर चले गए, जहां वे सरल और शांत जीवन व्यतीत करने लगे। उन्हें शिकार का विशेष शौक था और जब वे धनुष-बाण तथा शस्त्रों से सुसज्जित होकर वन में निकलते, तो उनका तेज किसी देवता के समान प्रतीत होता। नगरवासी और वनवासी दोनों ही उनसे अत्यंत प्रेम और सम्मान करते थे। धृतराष्ट्र की अनुमति से उन्हें वन में सभी आवश्यक सुख-सुविधाएं भी भेजी जाती थीं।

इधर हस्तिनापुर में भी घटनाएं चलती रहीं। भीष्म ने एक सुशील कन्या से विदुर का विवाह कराया, जिनसे आगे चलकर बुद्धिमान संतानों का जन्म हुआ। उसी समय गांधारी भी गर्भवती हुईं। उनके विषय में कहा जाता है कि उन्हें शिव से सौ पुत्रों का वरदान प्राप्त था। एक दिन जब वे इस वरदान के विषय में चिंतन कर रही थीं, तभी महर्षि वेदव्यास महल में पधारे। थकान और कष्ट के बावजूद गांधारी ने उनकी अत्यंत श्रद्धा से सेवा की। प्रसन्न होकर व्यास ने उन्हें वर मांगने को कहा। तब गांधारी ने अपने पति के समान सौ पुत्रों की कामना व्यक्त की। व्यास के आशीर्वाद से उन्होंने गर्भ धारण किया और अपने सौ पुत्रों के जन्म की प्रतीक्षा करने लगीं।



# पीपल के नीचे दीपक जलाने से जीवन में आती है समृद्धि

पीपल के पेड़ के नीचे पांच मुखी (पंचमुखी) दीपक जलाना ज्योतिषीय और धार्मिक रूप से अत्यंत शुभ माना जाता है, जो मुख्य रूप से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैया के अशुभ प्रभावों को कम करता है। यह शनिवार को धन-समृद्धि, सुख-शांति और पितृ दोष से मुक्ति पाने का एक उपाय है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

**शनि दोष और साढ़ेसाती में राहत** – पीपल को शनिदेव का प्रतीक माना जाता है, इसलिए शनिवार को सरसों के तेल का दीपक जलाने से शनि के अशुभ प्रभाव कम होते हैं और मानसिक शांति मिलती है।

**धन और सुख-समृद्धि**– मान्यता है कि पीपल के पेड़ के नीचे नियमित या शनिवार को दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती। पितृ दोष से मुक्ति, पीपल के नीचे शाम के समय दीपक जलाने से पितर शांत होते हैं और पितृ दोष दूर हो सकता है।

**पंच तत्वों का संतुलन**– पंचमुखी दीपक (5 मुखी) पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) का प्रतीक माना जाता है, जो जीवन में संतुलन लाता है।



## दीपक जलाने के नियम

**समय**– शाम के समय (गोधूलि बेला) दीपक जलाना सबसे उत्तम है।
तेल– सरसों के तेल या घी का उपयोग करें।
**परिक्रमा**– दीपक जलाने के बाद पीपल के पेड़ की 7 बार परिक्रमा करना शुभ माना जाता है।
पीपल के पेड़ के नीचे पंचमुखी दीपक जलाना एक बेहद असरदार उपाय माना गया है, दीपक की लौ सिर्फ रौशनी नहीं देती, ये सूर्य तत्व का प्रतीक है। यही लौ जब पीपल के नीचे जलती है, तो ये सूर्य, शनि, राहु–केतु जैसे ग्रहों के बीच संतुलन बनाती है। इससे जीवन में स्थिरता और शांति आती है। हिंदू धर्म में पंचमुखी दीपक (पांच मुख वाला दीपक) का विशेष आध्यात्मिक और वास्तु महत्व है। यह पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) और दिशाओं का प्रतीक है। इसे जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, वास्तु दोष का निवारण, सुख–समृद्धि की वृद्धि और शत्रु–बाधा से मुक्ति मिलती है।

## पंचमुखी दीपक का महत्व और लाभ

- **लक्ष्मी और बरकत :** यह दीपक अष्ट लक्ष्मी (धन, समृद्धि आदि) को आकर्षित करता है, जिससे घर में धन–धान्य की कोई कमी नहीं रहती।
- **वास्तु दोष दूर करना :** घर के मुख्य द्वार पर या पूजा घर में इस दीपक को जलाने से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।
- **हनुमान जी की कृपा :** विशेष रूप से मंगलवार या शनिवार को हनुमान जी के सामने पंचमुखी दीपक जलाने से हनुमान जी के पंचमुखी अवतार की कृपा प्राप्त होती है, जिससे कष्ट दूर होते हैं और साहस व सुरक्षा मिलती है।
- **पांच दिशाओं की सुरक्षा :** यह दीपक पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और ईशान कोण, इन पांचों दिशाओं से आने वाली बाधाओं को दूर करता है।
- **प्रयोग विधि :** इसे आमतौर पर शाम के समय (प्रदोष काल) में गाय के शुद्ध घी या सरसों के तेल में जलाना सबसे उत्तम माना जाता है।
- **सावधानी :** पंचमुखी दीपक को जलाते समय ध्यान रखें कि सभी पांचों मुख अलग–अलग दिशाओं में हों।
- **सरसों का तेल :** पीपल की जड़ में या उसके नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना सबसे महत्वपूर्ण है, इसमें कुछ काले तिल भी डालें।
- **काला कपड़ा :** पीपल के पेड़ में काला कपड़ा या मौली (कलावा) बांधने से पितृ दोष, शनि और राहु–केतु के अशुभ प्रभाव कम होते हैं। काले तिल और उड़द की दाल : जल में काले तिल मिलाकर अर्पित करें।
- **गुड़ :** गुड़ मिला जल या गुड़ का भोग अर्पित करने से सूर्य–शनि का दोष कम होता है।

**कच्चा सूत :** पीपल के पेड़ के चारों ओर 5 या 7 बार कच्चा सूत लपेटें।
धूप/अगरबत्ती : सुगंधित धूप से नकारात्मकता दूर होती है।

बोध कथा

# पत्थर और बांसुरी

एक बहुत ही कुशल मूर्तिकार था, जो पहाड़ों से पत्थर चुनकर सुंदर मूर्तियां बनाया करता था। एक दिन वह जंगल में गया और उसे दो बड़े पत्थर मिले। उसने सोचा, इनसे मैं दो महान कलाकृतियां बनाऊंगा। उसने पहले पत्थर पर अपनी छेनी से वार करना शुरू किया। जैसे ही पहली चोट पड़ी, पत्थर के भीतर से एक दर्द भरी कराह निकली- "रुको! मुझे बहुत दर्द हो रहा है। कृपया मुझ पर वार मत करो, मुझे वैसे ही रहने दो जैसा मैं हूं।" मूर्तिकार दयालु था, उसने उस पत्थर को छोड़ दिया। वह दूसरे पत्थर के पास गया। जब उसने उस पर काम शुरू किया, तो वह पत्थर भी कांप रहा था, लेकिन उसने एक शब्द नहीं कहा। मूर्तिकार ने उसे तराशना जारी रखा। हफ्तों की कड़ी मेहनत, चोट और घर्षण के बाद, उस साधारण पत्थर ने एक अत्यंत सुंदर बांसुरी बजाते हुए बालक की मूर्ति का रूप ले लिया।

कुछ समय बाद, उस जंगल के पास एक भव्य मंदिर बना। मूर्तिकार ने वह 'बांसुरी बजाते बालक' की मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में स्थापित कर दी। लोग दूर-दूर से उस मूर्ति की सुंदरता देखने और दर्शन करने आने लगे। तभी मंदिर के कर्मचारियों को अहसास हुआ कि मंदिर के द्वार पर एक ऐसे पत्थर की जरूरत है, जिस पर लोग अपने जूते-चप्पल उतार सकें। मूर्तिकार को याद आया कि जंगल में एक पत्थर उसने बीच में ही छोड़ दिया था। वह उसे उठा लाया और मंदिर की सीढ़ियों के पास रख दिया।

एक रात, जब मंदिर के पट बंद हो गए, तो नीचे रखे उस पत्थर ने ऊपर विराजमान मूर्ति से पूछा-"यह कैसा अन्याय है? हम दोनों एक ही पहाड़ के टुकड़े थे, एक ही दिन यहां लाए गए, लेकिन आज लोग तुम्हारी पूजा कर रहे हैं, तुम्हें फूलों का हार पहना रहे हैं और मुझ पर धूल-मिट्टी झाड़कर निकल जाते हैं। ऐसा क्यों?"

मूर्ति ने बड़ी शालीनता से उत्तर दिया- "मित्र, याद करो वह दिन जब कलाकार ने पहली चोट तुम पर की थी। तुमने दर्द से बचने के लिए संघर्ष को ठुकरा दिया और उसी अवस्था में रहना चुना, जिसमें तुम थे। मैंने उस हर चोट को सहा, हर घाव को अपनी प्रगति माना और खुद को तराशने दिया। आज मैं इसलिए पूजा जा रहा हूं, क्योंकि मैंने 'चोट' सहने का साहस दिखाया और तुम इसलिए पैर रखने के काम आ रहे हो, क्योंकि तुमने आराम को विकास से ऊपर रखा।"



कथा से सीख मिलती है कि जीवन में आने वाली कठिनाइयां और संघर्ष वास्तव में ईश्वर की 'छेनी और हथौड़ी' हैं, जो हमें एक बेहतर इंसान के रूप में तराश रही होती हैं। यदि हम आज के संघर्ष से भागेंगे, तो हम कल की ऊंचाई कभी नहीं छू पाएंगे।

–प्रमोद श्रीवास्तव

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा एमएलसी के केस में 20 को तय होंगे आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के पुतला दहन प्रकरण में सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में आरोप तय नही हो सके। कोर्ट ने अब आरोप तय करने के लिए 20 .मई की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक अमेठी में दरोगा आनंद भूषण बेलदार द्वारा 25 फरवरी 2014 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल सहित सात आरोपियों रश्मि सिंह, काशी प्रसाद, सुधांशु शुक्ल, वेद प्रकाश पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह और सदाशिव पाण्डेय के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी।

### जितेन्द्र हत्याकांड में डॉक्टर की गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के सोनबरसा में धारदार हथियार और लाठी डंडा से मारकर जितेंद्र यादव की हत्या करने के मामले में जिला जज सुनील कुमार की अदालत में अभियोजन गवाह डॉक्टर राकेश सिब्बल गवाही देने हाजिर हुए। बचाव पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने डॉक्टर से जिरह की तथा बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 मई की अगली तारीख नियत की है। दो साल पूर्व सोनबरसा निवासी हृदय राम यादव ने पुत्र की हत्या के मामले में गांव के संदीप वर्मा, आलोक, अजय वर्मा, राम नरायन और जीतलाल पर केस दर्ज कराया था।

### बीएसए के मुकदमे में बहस 7 मई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा धमकी के मुकदमे में सोमवार को सुनवाई नही हो सकी। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने शेष बहस के लिए 7 मई की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को ये मुकदमा दर्ज हुआ था।

### सम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं कल से शुरू होंगी। बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम के द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम तथा एम.ए. व एमएससी. के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित होंगी। परीक्षा तीन पालियों में सुबह 08:30 से 10:30, 11:30 से 1:30 और 02:30 से शाम 04:30 बजे तक संपन्न कराई जाएंगी।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास में पिता पुत्र समेत 3 दोषियों को 7 साल कैद

## न्यायालय ने दोषियों पर 27 हजार छह सौ रुपये का अर्थदंड भी लगाया

- अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम घायल महेंद्र मौर्य को देने का आदेश



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खेत में पानी भरने के विवाद में फावड़े से गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने वाले पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत ने सोमवार को 7 साल कैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 9 हजार दो सौ रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ना चोटहिल महेंद्र मौर्य को देने का आदेश भी दिया है।

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर डींगुर में धान की रोपाई के लिए पंपिंग सेट से खेत में पानी भरने के विवाद में 27 जुलाई 2013 को राम अचल मौर्य, जितेंद्र और महेंद्र पर फावड़े और लाठी डंडे से हमला कर गैर इरादतन हत्या का प्रयास किया गया था। शासकीय अधिवक्ता पवन दूबे ने बताया कि वादी वंशराज मौर्य ने गांव के रमेश पुत्र चुन्नी, उसके पुत्र जितेंद्र तथा पट्टीदार लल्लू पुत्र श्यामलाल पर मुकदमा दर्ज कराया था। साक्ष्य और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने तीनों को दोषी मानते हुए शनिवार को जेल भेज दिया था जिन्हें सोमवार को जेल से तलब कर सजा सुना कर जेल भेज दिया गया।

### गैंगस्टर केस में इंस्पेक्टर की गवाही दर्ज

सर्राफा व्यवसायी की ज्वेलरी शोरूम से हुई करोड़ो के आभूषण की डकैती से जुड़े गैंगस्टर केस में सोमवार को कोतवाली देहात के निरीक्षक धर्मवीर सिंह गवाही के लिए स्पेशल जज गैंगस्टर कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में हाजिर हुए जिनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व अन्य अधिवक्ताओ ने बचाव पक्ष की ओर से जिरह की। विशेष लोक अभियोजक अलका सिंह के मुताबिक अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर के रहने वाले आरोपी विपिन सिंह व सह आरोपी सचिन सिंह,त्रिभुवन कोरी, पुष्पेंद्र सिंह, विनय शुक्ला, अरविंद यादव, दुर्गेश प्रताप सिंह, विवेक सिंह,अजय यादव, अंकित यादव, अरबाज, फुरकान के खिलाफ तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने कोतवाली नगर में गत एक मई को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था।

### दहेज हत्या में अभियोजन गवाह तलब

- करौंदीकला के अमरेमऊ में बीती 10 जनवरी को विवाहिता की मौत से जुड़ा मामला

दहेज हत्या के गंभीर मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश विजय कुमार गुप्ता की अदालत ने अभियोजन गवाह वादी मुकदमा मृतका की माता शशिकला को गवाही के लिए तलब कर सुनवाई के लिए 16 मई की तारीख नियत की है। सहायक शासकीय अधिवक्ता दान बहादुर वर्मा के अनुसार, नीरज गौतम की शादी 10 जून 2025 को जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव निवासी आकांक्षा गौतम से हुई थी। आरोप है कि विवाह में कम दहेज मिलने से नाराज ससुराल पक्ष द्वारा आकांक्षा को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने आकांक्षा की फांसी लगाकर बीती 10 जनवरी को हत्या कर दी। घटना के बाद मृतका की मां शशिकला ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तफ्तीश के बाद केवल पति के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

## दो लाख के कर्ज में फंसे किसान से करा लिया पूरी जमीन का बैनामा

- पुलिस से नहीं मिला न्याय तो कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ केस

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कोतवाली नगर क्षेत्र के अमिलियाखुर्द गांव में जमीन के नाम पर बड़े धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां दो लाख रुपये का कर्ज चुकाने के लिए जमीन बेचने निकले किसान को ठगों ने ही शिकार बना लिया। महादेव ने न्यायालय में वाद दायर कर आरोप लगाया है कि गांव के ही हरिकेश यादव समेत कई लोगों ने साजिश के तहत उसकी करीब 33 लाख रुपये की जमीन मात्र 3 लाख रुपये में बैनामा करा ली। महादेव के अनुसार, उन्होंने केनरा बैंक से लिया कर्ज चुकाने के लिए हरिकेश यादव से जमीन बेचने की बात कही थी। हरिकेश ने भरोसा दिलाया कि वह उनकी ही बिरादरी के खरीदार से सौदा कराएगा। आठ जनवरी को सदर तहसील ले जाकर पहले से तैयार दस्तावेजों पर अंगूठा लगवा लिया गया और रजिस्ट्री भी करा दी गई ।बदले में मिले एक लाख और दो लाख रुपये के दो चेक जब बैंक में जमा किए गए तो दोनों बाउंस हो गए। विरोध करने पर आरोपियों ने न केवल गालियां दीं, बल्कि जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। बाद में जांच में पता चला कि उनकी पूरी जमीन का बैनामा करा लिया गया है ।मामले में हरिकेश यादव, रंजीत कुमार, उमेश कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह सहित दस्तावेज लेखक अच्छेलाल यादव और विनोद प्रसाद पर धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। स्थानीय पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। नगर कोतवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पूर्व विधायक के मामलों में बहस 20 मई को

**संवाददाता, सुलतानपुरः** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में सोमवार को पूर्व विधायक संतोष पांडेय से जुड़े दो मामलों में बहस आगे नहीं बढ़ सकी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जानकारी दी कि निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश बहस नहीं हो पाई। इसके बाद अदालत ने दोनों वादों में बहस के लिए नई तिथि 20 मई तय की है। बताते चलें कि लंभुआ विधानसभा के तत्कालीन उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह की तहरीर पर वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक संतोष पांडेय व उनके समर्थकों के खिलाफ बिना अनुमति सरकारी विद्यालय में मीटिंग करने तथा बिना अनुमति रोड शो निकालने के आरोपों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।

# 24 घंटे में 5 शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस अलर्ट

- सोमवार को मिले तीन शवों में से एक की हुई है पहचान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद में नदियों और नहरों से लगातार शव मिलने की घटनाओं से पूरे जिले हड़कंप मचा हुआ है। महज 24 घंटे के भीतर पांच शव मिलने से सनसनी फैल गई है और लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस भी अब पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है और हर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है ।सोमवार को चांदा कोतवाली क्षेत्र के कोइरीपुर स्थित पीली नदी में एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी पहचान नन्हे बनरवाल ( 50 ) निवासी कंचन नगर कोइरीपुर के रूप में हुई। वह कबाड़ बीनकर जीवन यापन करते थे और मिर्गी के मरीज बताए जा रहे हैं। सोमवार को ही शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बेलाही नहर में एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। युवती काले कपड़ों में थी, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं लंभुआ क्षेत्र के सकवा गांव के पास चांदा रजबहा में भी एक अन्य अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। चौंकाने वाली बात यह है कि रविवार को भी दो शव मिले थे। लंभुआ क्षेत्र के मोहना तालाब में 14 वर्षीय अर्पित गुप्ता का शव मिला था, जिसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। वहीं धम्मौर क्षेत्र में नहर से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। लगातार मिल रहे शवों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं क्या ये महज हादसे हैं या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामलों का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पूरे जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# गौ संरक्षण पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर



ज्ञापन देने के बाद मौजूद गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी।

- गौ रक्षा वाहिनी ने जताई उम्मीद मांगों पर जल्द होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** गोवंश संरक्षण, पशु कल्याण और किसानों की सुरक्षा को लेकर सोमवार को गौ रक्षा वाहिनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने भीषण गर्मी में पशुओं के लिए पानी और छाया की समुचित व्यवस्था, आवारा गोवंश को गौशालाओं में भेजने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा गोकशी पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह और प्रदेश महामंत्री जय शंकर दूबे ने प्रशासन का ध्यान जमीनी समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, जिससे किसान आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। ज्ञापन में पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर कार्रवाई, बीमा घोटालों की जांच, पशु बाजार लाइसेंसधारकों की समीक्षा और आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए ठोस नीति बनाने की मांग भी शामिल रही। इस मौके पर संरक्षक राकेश सिंह दद्दू, जिला उपाध्यक्ष राजवीर श्रीवास्तव, जिला सचिव बजरंगी साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कसौधन, मुकेश कसौधन, अभय सोनी, नीरज अग्रहरी, आशीष कुमार द्विवेदी, सुभाष पाठक, बृजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## नवागत एसडीएम ने ग्रहण किया कार्यभार



मंजुल मयंक

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नवागत एसडीएम मंजुल मयंक ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करते ही जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शासन की प्राथमिकताएं ही उनकी प्राथमिकता होंगी। बताया गया कि पूर्व एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी के स्थानांतरण के बाद मंजुल मयंक ने सदर एसडीएम न्यायिक पद से यहां कार्यभार संभाला है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने तहसीलदार उमेश चंद्र के साथ तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने अंश निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री और आईजीआरएस जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा, तीन गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** फरवरी में हुई पटाखा घटना की जांच के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखा निर्माण करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम रामनगर बनकट में छापेमारी की गई, जहां जलील के घर से 8 बोरी अवैध पटाखा बारूद और निर्माण उपकरण बरामद हुए। जांच में सामने आया कि घटना में इस्तेमाल पटाखे यहीं से खरीदे गए थे। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और न्यायालय में पेश किया गया है। क्षेत्राधिकारी लम्भुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि अवैध पटाखा निर्माण व बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यकाल बढ़ाने को प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

लंभुआ, सुलतानपुर



एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

- चुनाव टलने की आशंका के बीच प्रशासक की बजाय प्रधानों को ही जिम्मेदारी देने की मांग

**अमृत विचारः** विकास खंड लंभुआ के ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग को लेकर सोमवार को बैठक कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत प्रदीप यादव को सौंपा। प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दूबे के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है।

प्रधानों ने आशंका जताई कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर न होकर लगभग एक वर्ष तक टल सकते हैं। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने के बजाय वर्तमान निर्वाचित प्रधानों को ही कार्य जारी रखने का अवसर दिया जाए। उनका कहना है कि पहले प्रशासकीय व्यवस्था अपेक्षाकृत कम प्रभावी रही है और भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आई हैं। प्रधानों ने तर्क दिया कि वे जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं और अपने गांव की समस्याओं व विकास कार्यों से भली-भांति परिचित हैं। उनके पास कार्य करने का अनुभव भी है, जिससे विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी। ज्ञापन में जनहित और गांवों के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए कार्यकाल बढ़ाने की मांग की गई है।

## भाजपा की बैठक में प्रशिक्षण वर्ग पर चर्चा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में बूथ सशक्तिकरण और मिशन-2027 को लेकर रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 29-30 मई को होने वाले दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग पर मंथन किया गया। पूर्व मंत्री सुरेश पासी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने नियमित बैठकों के जरिए संगठन विस्तार की बात कही। प्रशिक्षण वर्ग विश्वनाथ पीजी कॉलेज, कलान में 11 सत्रों में आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागियों का रात्रि प्रवास अनिवार्य रहेगा।

## फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मिली क्षतिपूर्ति

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर विकास भवन के प्रेरणा सभागार में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति वितरित की गई। कार्यक्रम में खरीफ 2025 व रबी 2025-26 के अंतर्गत बीमित किसानों को डमी चेक प्रदान किए गए, जबकि वास्तविक धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई। इस दौरान शिवपाल सिंह को 63,369 रुपये, उर्मिला देवी को 31,644 रुपये, हरीश चंद्र तिवारी को 58,600 रुपये व राम सिंह को 49,925 रुपये सहित कुल 10 किसानों को प्रतीकात्मक चेक दिए गए। जनपद के 147 किसानों को योजना का लाभ मिला।

# प्रेरणा कैंटीन खोलकर अनुपम ने बदली किस्मत

संवाददाता, सुलतानपुर



सीएचसी स्थित प्रेरणा कैंटीन पर अनुपम गुप्ता।

- अपने संघर्ष से बदली तस्वीर, महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणास्रोत

**अमृत विचारः** बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के दौर में जहां लोग हताश नजर आते हैं, वहीं धनपतगंज विकास खंड के मझवारा गांव की अनुपम गुप्ता ने अपने हौसले और मेहनत से एक मिसाल कायम की है। घर से करीब छह किलोमीटर दूर स्थित धनपतगंज सीएचसी पर 'प्रेरणा कैंटीन' शुरू कर न केवल आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई।

अनुपम गुप्ता वर्ष 2020 में पलक महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और समूह की अध्यक्ष चुनी गई। उनके पति आत्मा शंकर गुप्ता दूसरे प्रदेश में निजी नौकरी करते हैं, ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। दो छोटे बच्चों की परवरिश व परिवार के जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने कुछ करने की ठानी, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण बड़े व्यवसाय का विकल्प मुश्किल था।राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत उन्हें सीएचसी परिसर में कैंटीन के लिए स्थान मिला। इसके बाद उन्होंने समूह से 20 हजार रुपये का ऋण ओर घर से करीब 40 हजार लेकर अक्टूबर 2025 में 'प्रेरणा कैंटीन' की शुरुआत की। शुरुआत में चुनौतियां आई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। गुणवत्तापूर्ण चाय, पकौड़ी और नाश्ता उपलब्ध कराने से धीरे-धीरे उनकी कैंटीन चल निकली। आज स्थिति यह है कि अनुपम गुप्ता न केवल समूह का पूरा ऋण अदा कर चुकी हैं, बल्कि अपने परिवार का भरण-पोषण भी सम्मानपूर्वक कर रही हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद अनुपम रोज सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कैंटीन का संचालन करती हैं। अनुपम का मानना है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि मेहनत और ईमानदारी से किया गया हर काम सफलता दिलाता है। वे अन्य बेरोजगार महिलाओं को भी आगे बढ़कर कोई छोटा व्यवसाय शुरू करने की सलाह देती हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। अनुपम गुप्ता की यह कहानी न केवल संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल है, बल्कि यह भी बताती है कि सही अवसर और दृढ़ इच्छाशक्ति से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है।

# उर्स में विवाद ने लिया हिंसक रूप, आठ लोगों पर केस दर्ज

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** देहात कोतवाली क्षेत्र के करोमी गांव में शनिवार रात पठान बाबा के उर्स के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मामूली कहासुनी के बाद शुरू हुई मारपीट से कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।

जानकारी के अनुसार, उर्स में बड़ी संख्या में ग्रामीण और दुकानदार मौजूद थे। रात करीब 9 बजे समीर पुत्र सिराज अहमद और ग्राम प्रधान पक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। हालात बिगड़ने पर दुकानदार अपनी दुकानें छोड़कर भाग गए और मंच पर प्रस्तुति दे रहे कव्वालों को भी कार्यक्रम बीच में छोड़ना पड़ा। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति गंभीर होने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने टीम के साथ पहुंचकर काफी प्रयास के बाद हालात पर काबू पाया। पीड़ित समीर की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान महताब आलम व उनके भाई समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, उर्स आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति भी नहीं ली गई थी। मामले की जांच जारी है।


**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र अनुज कुमार गर्ग के गलत चाल–चलन से तंग होकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वंय जिम्मेदार होंगे न कि मै व मेरा परिवार जिम्मेदार होगा। **राजेश गर्ग पुत्र श्री राम स्वरूप गर्ग निवासी–275 स्वरूप निवास बडगांव थाना–कोतवाली नगर जनपद–गोण्डा।**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2009 रोल नंबर 1473 523 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2011 रोल नंबर 0884150 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं । **शिवप्रकाश पुत्र उमाशंकर तिवारी बेला रोड तिलक नगर बिधूना जनपद औरैया।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र दीपक के अनुचित आचरण के कारण उससे समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है तथा उसे अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसका मुझसे अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई संबंध नहीं है। भविष्य में वह कोई भी कार्य करता है, उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी। **बालक राम पुत्र धनीराम निवासी– ग्राम गपकापुर, मौजा लखनापुर, थाना दिबियापुर, जनपद औरैया**

**सूचना**

भवन संख्या 280/366, ब्लाक बी, ई.डब्लू–एस, स्कीम कानपुर नगर के स्वामी रघुराज द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फा. लि. में बंधक हेतु प्रस्तुत किया है। जिसका मूल आवंन्टन पत्र व नामान्तरण पत्र दिनांकित 11/08/2021 व 10/02/2022 घर मे कहीं खो गये है उक्त सम्पत्ती पर यदि किसी का कोई सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सर्म्पण करें अन्याथा उक्त सम्पत्ती को बंधक स्वीकार कर लिया जाएगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट) चेम्बर नं0 24 बाबूलाल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कानपुर मो0– 9335063025**

**NOTICE**

I, Sabrunnisha Begam, is legally wedded spouse of Kaleemullah Khan, residing at 1/9/29, Saadatganj, Faizabad, Ayodhya, have changed my name from Sabrunnisha Begam to Sabrunnisha vide affidavit dated 05-02-2026. Both names Sabrunnisha Begam and Sabrunnisha pertain to one person and same person.

**सूचना**

मेरी एल आई सी पॉलिसी 236 702 679 में मेरा घरेलू नाम अंजू गुप्ता पुत्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता लिखा है। अब आधार व अन्य अभिलेखों के अनुसार मेरा नाम बबली पत्नी शिव प्यारे निवासी गुरबक्श गंज ओनई पहाड़पुर रायबरेली हो गया है। दोनों नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड (231313239526) एवं पैन कार्ड ( BWLPA1711L) में मेरा नाम Zayed Ahmad S/O Niyaz Ahmad है जबकि मेरे मूल दस्तावेज में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7831 के पृष्ठ 175 से 190 तक क्रमांक 2830 पर दिनाँक 21/04/2023 को रजिस्ट्रीकृत किया गया। में Zaid Ahmad S/O Niyaj Ahmad दर्ज है, यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के हैं। ZAYED AHMAD S/O NIYAZ AHMED, निवासी–पुरैनिया तालाब, बलरामपुर। उत्तर प्रदेश Pin–271201

**सूचना**

मैने अपना नाम NU ULLAH से बदलकर NOOR ULLA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAMI AKHTAR ADD-411/82 HATA BHEEKHAM KHAN, SAHADAT NAGAR CHOWK DIST- LUCKNOW-226003(U.P.)


## उल्लास के पल

### तीन राज्यों में जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, नेताओं ने बताया ऐतिहासिक जनादेश

# बंगाल फतह के जश्न में डूबा जिला, भाजपाइयों ने मनाया विजय उत्सव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जिले में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिष्ठान वितरण कर जीत का जश्न मनाया। पूरे माहौल में उत्सव जैसी खुशी छाई रही।

पूर्व मंत्री व विधायक सुरेश पासी ने कहा कि बंगाल में मिली जीत अभूतपूर्व है और भाजपा ने सियासी इतिहास रच दिया है। उन्होंने इसे देश की राजनीति में बड़ा बदलाव बताते हुए कहा कि जनता ने विकास और सुशासन पर भरोसा जताया है। वहीं प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि यह जीत महिला सुरक्षा, विकास और विश्वास की जीत है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल में पहली बार भाजपा का परचम लहराना ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने इसे जनता द्वारा भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को खारिज करने का परिणाम बताया। साथ ही उन्होंने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड जीत का दावा किया। मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी के अनुसार, इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में पोस्ट ऑफिस चौराहे पर भी आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जाहिर की।



जीत के बाद पटाखे दगाकर खुशी मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

## बल्दीराय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बढ़त की खबर मिलते ही बल्दीराय क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। मुख्यालय चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर, मिठाई बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर जोरदार जश्न मनाया। इसौली विधानसभा के अंतर्गत बल्दीराय मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद जैसे नारों से पूरा बाजार गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजधर शुक्ल, मुकेश अग्रहरि, कैलाश नाथ दुबे, रोहित अग्रहरि, नरेंद्र अग्रहरि, घनश्याम तिवारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते भाजपाई।

न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बलहा / नानपारा (बहराइच) :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटहरनपुरवा दाखिला चंदनपुर में एक 30 वर्षीय युवक ने आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार सुबह लगभग 5 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा। मृतक की पहचान विनोद कुमार पुत्र जिलेराम के रूप में हुई है। विनोद बाराबंकी के एक भट्ठे पर मजदूरों को भेजने का काम करता था, जिसके बदले उसे भट्ठा मालिक से कमीशन मिलता था। परिजनों का आरोप है कि भट्ठा मालिक ने विनोद को उसका बकाया पैसा नहीं दिया था, जिसके कारण वह परेशान था। इसी परेशानी के चलते विनोद ने नरेंद्र वर्मा के खेत में लगे आम के पेड़ पर गमछा लगाकर जान दे दी। मृतक के भाई बृजेश ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

### साही मारकर भूनते दो शिकारी गिरफ्तार

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के केवटनपुरवा गांव निवासी बाबू, पृथीराम व गुड़ई अवसानकुंडी जंगल में जंगली साही का शिकार करके घर ले गए। रात में साही को घर पर आग में भून रहे थे। तभी किसी ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी। वन टीम ने छापेमारी कर बाबू व पृथीराम को हिरासत में ले लिया, जबकि तीसरा आरोपित गुड़ई मौका पाकर फरार हो गया। आरोपितों ने बताया कि अवसानकुंडी जंगल से जंगली साही का शिकार किया था। घर पर आग में भूनते समय वन टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। रेंजर हरिनरायन सिंह ने बताया कि आरोपितों को हिरासत में लिया गया है। आरोपितों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### सहफसली खेती कर किसान बढ़ायें आय

**बहराइच, अमृत विचार :** कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा नामित मंडलीय टास्क फोर्स अधिकारी और अपर कृषि निदेशक (चावल) एल.बी. यादव ने जनपद बहराइच के दो दिवसीय भ्रमण के दौरान विभिन्न कृषि योजनाओं का सघन निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। भ्रमण के पहले दिन उन्होंने विकासखंड जरवल की ग्राम पंचायत रिठौरा में प्रगतिशील किसान अजय वर्मा के खेत पर पहुंचकर उर्द और गन्ना की सहफसली खेती का जायजा लिया। उन्होंने जि किसानों से भी अपील की कि वे जायद के सीजन में खाली खेतों का उपयोग सहफसली खेती के लिए करें ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। इस दौरान अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव उपनिदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा सहित सभी जनपदों के जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बीमार महिला की मौत, चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

**जमुनहा (श्रावस्ती), अमृत विचार :** मल्हीपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत वीरपुर लौकिहा निवासी अजय कुमार पाठक पुत्र बाबूलाल पाठक ने डीएम व सीएमओ को शिकायती पत्र देकर मल्हीपुर सीएचसी में तैनात चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अजय कुमार पाठक ने शिकायती पत्र आरोप लगाया है कि 19 अप्रैल की रात करीब दो बजे उसकी मां की तबियत खराब थी। जिन्हें एंबुलेंस में ऑक्सीजन लगाकर वह उन्हें लेकर सीएचसी मल्हीपुर पहुंचा। जहां कोई चिकित्सक नहीं था। पता करके वह एम्बुलेंस में ही मां को लेकर चिकित्सक के कमरे पर पहुंचा। जबकि चिकित्सक कमरे से बाहर आए और एम्बुलेंस चालक व उन्हें गाली देने लगे। साथ ही एम्बुलेंस में इलाज न करने की बात कहते हुए आक्सीजन निकाल दिया। जिससे उनकी मां की मौत हो गई है।

# बारिश से हाईवे जाम, किसान की गई जान

## रूपईडीहा कस्बे में नेशनल हाईवे पर भीषण जलभराव से बढ़ीं मुश्किलें, वाहनों की लग गईं लंबी कतारें

**रूपईडीहा (बहराइच)**

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रूपईडीहा कस्बे में नेशनल हाईवे-927 पर जलभराव की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। हाईवे निर्माण के बाद से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में ही सड़कें पानी से भर जा रही हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद ही कस्बे के नेपालगंज से रूपईडीहा जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर जलभराव हो गया, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर हालात ऐसे बन गए कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नाले तो बनाए गए हैं, लेकिन उनकी नियमित सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। जलभराव के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों और स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। कई बार लोगों को बुजुर्गों को कंधे पर उठाकर सड़क पार करानी पड़ती है।

व्यापारियों और राहगीरों को भी इस समस्या के कारण आर्थिक व दैनिक कार्यों में बाधा झेलनी पड़ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

कस्बावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की नियमित सफाई कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि हर बारिश में होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके। कई बार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने का बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी मौन है कोई संज्ञान नहींले रहा है।



बारिश के बाद जलमग्न हाईवे। अमृत विचार

### बिजली गिरने से किसान की मौत

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्राम नत्थनपुर में जानवरों को बांधते समय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रुपनरायण उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी नत्थनपुर अपने जानवरों को खूंटे से बांध रहा था उसी समय अचानक बिजली गिरने से वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### भीषण आंधी-तूफान से हाईवे पर लगा जाम

**जरवलरोड (बहराइच)।** लखनऊ–बहराइच मार्ग पर रिठौरा गांव के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भीषण आंधी-तूफान के चलते एक विशाल पेड़ हाईवे पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही जरवलरोड पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सुचारू हो सका।

लोगों ने बताया है कि तेज आंधी और खराब मौसम के चलते पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, हालांकि राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### श्रावस्ती में बिजली गिरने से दो गोवंशों की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** तराई में सोमवार सुबह अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान पूरे दीननामगढ़ पासीपुरवा गांव में बिजली गिरने से दो गोवंशों की मौत हो गई। जिले में सोमवार सुबह नौ बजे के बाद मौसम ने अपनी करवट बदली। आसमान में अचानक घने बादल छा गए और आंधी चलने लगी। इस दौरान मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब तीन घंटे से बारिश हुई। इससे जहां भीषण गर्मी से राहत मिली तो वहीं किसानों को भी फायदा हुआ। लेकिन तेज आंधी के चलते जिले की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इकौना, जमुनहा, गिलौला, भंगहा, सिरसिया व कटरा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जो शाम तक बहाल नहीं हो पाई। इस दौरान इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे दीननामगढ़ के पासी पुरवा गांव में बिजली गिरने से दो गोवंशों की मौत हो गई। गांव निवासी लालू प्रसाद पुत्र रामलाल की गाय व एक बछिया दरवाजे के सामने खूंटे से बंधी हुई थी। सुबह करीब 11 बजे बारिश के दौरान अचानक आकाश में तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आकर दोनों गोवंश की झुलसकर मौत हो गई। लालू प्रसाद की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षति आंकलन किया। साथ ही पशु चिकित्सक ने शव का पोस्टमार्टम किया।



बरसात के बाद खेतों में भरा पानी।

# बारिश के चलते पयागपुर में लोगों के घरों में घुसा पानी

**पयागपुर (बहराइच)**

**अमृत विचार।** नगर पंचायत पयागपुर में मानसून की पहली भारी बारिश ने विकास के दावों की पोल खोल दी है। घंटों हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे कस्बे को जलमग्न कर दिया है। आलम यह है कि सड़कों का पानी अब लोगों के ड्राइंग रूम और किचन तक पहुंच गया है। सबसे बुरा हाल वार्ड संख्या 12, 2 और 7 का है, जहां जलभराव के कारण जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है।

**बारात आने वाले घर में भरा पानी:** बारिश ने वार्ड नंबर 12 स्थित भूपगंज बाजार निवासी लाल जी शर्मा के परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। लाल जी के घर में कल शादी का कार्यक्रम है। घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक घुसे बारिश के पानी ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। शादी के लिए जुटाया गया कीमती राशन और अन्य खाद्य सामग्रियां पानी में डूबकर बर्बाद हो गईं। परिजन बहुत परेशान है


**नई बस्ती बगिया में 'टापू' जैसे हालात:** कस्बे की नई बस्ती बगिया की स्थिति नारकीय बनी हुई है। यहाँ निकासी की व्यवस्था न होने से सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा है। लोग इसी दूषित पानी के बीच से होकर जरूरी सामान लेने बाहर निकल रहे हैं। बस स्टॉप के वार्ड नंबर 2 और 7 में भी मुख्य मार्ग से लेकर गलियों तक तथा लोगो के घरों में पानी भरा हुआ है चारो तरफ सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है कुछ लोगो के घरों में पानी भरा होने से अभी तक घरों का चूल्हा तक नही जला है। वहीं स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि नालियों की समय रहते सफाई नहीं कराई गई, जिसके चलते आज यह नौबत आई है।

समस्या



जलभराव के बीच से निकलते ग्रामीण।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



एक– दूसरे को मीठा खिलाकर खुशी मनाते भाजपाई। अमृत विचार

**जरवल रोड (बहराइच)**

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल सहित असम और पांडुचेरी में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में जरवल मंडल के जरवल रोड बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की गई।

कार्यक्रम में भाजपा नेता ओम प्रकाश अवस्थी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह, रामनेवाज वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विजय आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं संगठन की मजबूत कार्यशैली का परिणाम है।

# बंगाल जीत पर जलाए गए पटाखे

**पयागपुर (बहराइच)**

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल और असम के विधानसभा चुनावों में मिली शानदार जीत का जश्न आज पयागपुर के हुजूरपुर चौराहे पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस विजय उत्सव में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। विधायक ने स्वयं पटाखे जलाकर जीत की घोषणा की और उपस्थित जनसमूह का मुंह मीठा कराकर अपनी खुशी साझा की।

उत्सव के दौरान एक आत्मीय दृश्य तब देखने को मिला जब विधायक सुभाष त्रिपाठी ने विजय कुमार मौर्य की दुकान पर रुककर कार्यकर्ताओं के साथ प्रसिद्ध 'झालमूड़ी' का आनंद लिया। इस विजय बेला पर विधायक के साथ जिला मंत्री निशंक त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष हरेंद्र विक्रम सिंह, दुर्गेश सिंह, डॉ. महेंद्र पाठक, सत्य प्रकाश सिंह 'सत्या' और बृजेश सिंह सहित संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं के साथ बंगाल जीत का जश्न मनाते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

मनाया जश्न

**रूपईडीहा में कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी, रूपईडीहा:** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने की खबर के बाद भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रूपईडीहा में उत्साह का माहौल देखने को मिला। परिणाम घोषित होते ही भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में झालमुड़ी बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष डॉ.उमाशंकर वैश्य, रतन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, डॉ. अश्विनी वैश्य, दिनेश कनौजिया, विजय मित्तल, श्रवण शर्मा, संजय गुप्ता, अभय पाठक, अजय विश्वास, रजत गुप्ता, सचिन पाठक, उमेश वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, बलराम मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

### जनगणना समन्वय समिति की हुईं बैठक

श्रावस्ती, अमृत विचार : आगामी जनगणना–2027 को लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जनगणना में लगाए जाने वाले कार्मिकों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। जिसको लेकर डीएम ने जनगणना समन्वय समिति की बैठक की। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वगणना के कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना में लगे कर्मचारियों का प्रशिक्षण हो चुका है। दो चरणों में होने वाली इस प्रक्रिया में सबसे पहले सात से 21 मई तक स्वगणना होगी। इसके बाद जनगणना कर्मी घर–घर दस्तक देंगे। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना 22 मई से 20 जून तक की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ शाहिद अहमद, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम आशीष भारद्वाज, पीयूष जायसवाल, एसके राय, संजय कुमार आदि रहे।




जनगणना समन्वय समिति की बैठक करतीं डीएम।

### शिकायतों का निस्तारण कर दें रिपोर्ट

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की जनसुनवाई की। इस दौरान करीब 10 लोग अपनी फरियाद लेकर डीएम के पास पहुंचे। डीएम ने उनकी शिकायत सुनकर संबंधित को समय से निस्तारण करते हुए रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सभी अधिकारी अपने कार्यालय में सभी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई कर लोगों का शिकायत का समाधान करें।

### रुपईडीहा पत्रकार संघ की बैठक संपन्न

**रूपईडीहा (बहराइच)।** भारत–नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा के जमुना रोड पर, राम जानकी मंदिर के निकट पत्रकार संघ के संरक्षक शेर सिंह कसौधन के नवीन आवास पर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में सदस्यों ने संगठन की कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए प्रतिमाह आयोजित होने वाली बैठकों को नियमित रूप से संचालित करने का संकल्प लिया। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संरक्षक शेर सिंह कसौधन का आभार प्रकट किया। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता का प्राथमिक कर्तव्य समाज का आईना बनना और मजलूमों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करना है। संरक्षक शेर सिंह कसौधन ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक संजय कुमार गुप्ता, बनारस गिरि, अनिल कुमार वर्मा, सिद्धनाथ गुप्ता, महामंत्री मोहम्मद अरशद, उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, कोषाध्यक्ष अमित मधेसिया, प्रवक्ता रजा इमाम रिजवी, रईस अहमद, महबूब अहमद, रमेश सिंह, श्याम कुमार मिश्रा, रमेश मिश्रा, अजय मित्तल, संतोष शुक्ला, दीपेंद्र मिश्रा, मोहम्मद कौशर एवं भीमसेन मिश्रा आदि पत्रकार रहे। विशेष रूप से नानपारा से पधारे उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य, जिला उप सचिव विनोद कुशवाहा और संगठन मंत्री मोहसिन भाई सहित दर्जनों सम्मानित लोगों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



बैठक में मौजूद पत्रकार।

# फसल बीमा योजना का लाभ लें किसान

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित कृषकों को देय क्षतिपूर्ति के वितरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता एवं उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा के साथ संयुक्त रुप से 10 किसानों को फसल क्षतिपूर्ति के डेमोचेक का वितरण किया गया। इस दौरान सांसद ने कहा कि योजना के तहत जिले के किसान फसल बीमा योजना का लाभ लें।




किसानों को बीमा राशि की चेक प्रदान करते सांसद डॉ.आनंद गोंड। अमृत विचार

चेक वितरण में रिसिया के कृषक अली अहमद, तेजवापुर की केतकी देवी, शिवपुर के सत्य प्रकाश एवं पयागपुर की शान्ती, चित्तौरा के कृषक बाबादीन, मासाडीहा महसी के बांके लाल, हुजूरपुर के बृजेश कुमार सिंह, हुजूरपुर की लोचन सिंह, महसी के राजेन्द्र प्रसाद को डेमो चेक का वितरण सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ वर्मा, शिशिर कुमार वर्मा, अमन मौर्या, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सुधाकर शुक्ला, अरविन्द कुमार, कुलदीप वर्मा, प्रगतिशील कृषक जितेन्द्र कुमार, लालता प्रसाद गुप्ता, काशीराम वर्मा आदि रहे।

# युवती ने शादी का साझा देकर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**बदला चौराहा (श्रावस्ती)**

**अमृत विचार।** सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने सोनवा थाने में तहरीर देकर अपनी बहन के देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

युवती ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी बहन की शादी बहराइच जिले के नानपारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति से हुई थी। बहन का देवर उसके घर आता-जाता था। शादी करने की बात कहकर वह युवती से बात करने लगा। आरोप है कि 25 नवम्बर 2025 को उसने बहराइच में उसे मिलने के लिए बुलाया।

मुकदमा दर्ज

इसके बाद एक होटल में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह परदेश चला गया। लम्बे समय तक वापस नहीं आया तो पिता ने उसकी शादी दूसरी जगह कर दी। युवती का आरोप है कि बहन का देवर वापस आया तो उसने उसके पति से बात कर सारी बातें बता दी और अश्लील वीडियो भेजने को कहा। इस बात से नाराज पति ने युवती को तलाक दे दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शमशेर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध कब्जे पर हाईकोर्ट सख्त, प्रमुख सचिव राजस्व से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा

**पयागपुर (बहराइच)।** पयागपुर तहसील के सचौली क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने राजस्व अधिकारियों द्वारा पारित आदेशों को 'कार्यवाही का मजाक' बताते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर की है और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (राजस्व) को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कहा कि राजस्व अधिकारियों द्वारा बिना किसी ठोस कारण या आधार के संक्षिप्त और अस्पष्ट आदेश पारित किए जा रहे हैं। न्यायालय ने टिप्पणी की कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है उच्च न्यायालय ने अधिकारियों की कार्यशैली पर संदेह जताते कहा कि अधिकारियों को अर्ध–न्यायिक आदेश पारित करने का या तो ज्ञान नहीं है, या वे जानबूझकर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं आदेश संभवत किसी और द्वारा तैयार किए जाते हैं और अधिकारी बिना देखे उन पर हस्ताक्षर कर देते हैं। बाहरी लाभ के लिए अतिक्रमणकारियों की सहायता करने के उद्देश्य से जानबूझकर कमजोर आदेश पारित किए जाते हैं, ताकि उच्च न्यायालय या अपीलीय कोर्ट में वे टिक न सकें और अवैध कब्जा बना रहे न्यायालय ने इस भयावह स्थिति का स्वत : संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव (राजस्व) से पूछा है कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और इस तरह की त्रुटियों को रोकने के लिए सरकार क्या ठोस कदम उठा रही है।



सरकारी भूमि पर बने अवैध मकानों को चिह्नित करता राजस्वकर्मी।

आयोजन

## अधिकारियों ने सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने को प्रेरित किया

# मेधावी छात्र–छात्राओं को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त कराने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, ज्वाईण्ट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर आलोक प्रसाद, डीआईओएस सर्वदानन्द के साथ विभिन्न विद्यालयों के 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में हाईस्कूल परीक्षा में सफल बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. की सजल श्रीवास्तव को प्रथम, पं. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला इ.का. मटेरा कला की अनामिका वर्मा व अब्दुल कादिर इ.का. अलियाबुल-बुल की जरीना अनवार को द्वितीय, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा के सूर्याश शुक्ला व मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के सुधीर कुमार यादव को तृतीय, आर.डी. बाजपेयी इ.का. महसी की श्रेया बाजपेयी को चतुर्थ, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के विनायक शुक्ला व महिला इ.का. गोकुलपुर की रिद्धिमा सिंह को पंचम, मौलवी अयाज अहमद इ.का. भौखारामाफी के सदफ खान को छठा, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के आकाश पाल, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की आस्था मौर्या व कल्लूराम बाके बिहारी उ.मा. वि. बदरखा के किशन शुक्ला को सातंवा, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा की शिवानी, सिटी मा. इ.का. बहराइच की के अमित कुमार मौर्या आदि प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।



सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व सीडीओ सुनील कुमार धनवंता के संग सम्मान पत्र के साथ मेधावी। अमृत विचार

इसी प्रकार इण्टरमीडिएट परीक्षा में सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के हरीकेष शर्मा को प्रथम, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के आदेश श्रीवास्तव व किसान इ.का. कालेज लहडौरा के अरमान अली को द्वितीय, रामबिहारी शुक्ल इ.का. बनकटा के विकास यादव को तृतीय, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के सुमित श्रीवास्तव व आर.पी.एस. मार्डन पब्लिक इ.का. जरवलरोड के रतन को चतुर्थ, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इ.का. कैलाश नगर के धनीराम यादव व सम्राट अशोक महान के.पी. इ.का. पुरैना बाजार की सिद्धी शुक्ला को पंचम आदि को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डीएम व सीडीओ व ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्तागण ने कहा कि आज के कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। सभी छात्र-छात्राओं को सीख दी गई कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। वक्तागण ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### एचएफसीएल को मिला निजी कंपनी से 84 करोड़ रुपये का ठेका

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को एक प्रमुख घरेलू निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी से 84.23 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह ठेका 'ऑप्टिकल फाइबर केबल' की आपूर्ति के लिए है और इसे कंपनी की अनुषंगी एचटीएल लिमिटेड के साथ मिलकर प्राप्त किया गया है। हालांकि, कंपनी ने संबंधित दूरसंचार संचालक का नाम उजागर नहीं किया है। कंपनी के अनुसार इस घरेलू अनुबंध को अगस्त 2026 तक पूरा किए जाने की योजना है।

### बजाज ऑटो ने अप्रैल में बेचे 5,13,792 वाहन

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड की अप्रैल में कुल बिक्री 40 प्रतिशत बढ़कर 5,13,792 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के इसी महीने में 3,65,810 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 2,48,210 इकाई हो गई जबकि अप्रैल 2025 में यह 2,20,615 इकाई थी। निर्यात में 83 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज हुई और यह 2,65,582 इकाई रहा। अप्रैल 2025 में यह 1,45,195 इकाई रहा था। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 2,10,063 इकाई हो गई जबकि अप्रैल 2025 में यह 1,88,615 इकाई थी।

### बीएचईएल का शुद्ध लाभ ढाई गुना हुआ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ ढाई गुना से अधिक होकर 1,290.47 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 504.45 करोड़ रुपये रहा था। बीएचईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 12,553.50 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की इसी तिमाही में 9,142.64 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बिजली क्षेत्र से राजस्व 9,509.85 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी-मार्च 2025 में 6,192.41 करोड़ रुपये था।

### एक्साइड का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैटरी विनिर्माता कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15% बढ़कर 216.73 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 187.91 करोड़ रुपये रहा था। एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 4,735.13 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 4,335.42 करोड़ रुपये थी।

### अशोक लेलैंड की बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** अशोक लेलैंड की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 14,646 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष इसी महीने 13,421 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 14,242 इकाई रही जबकि अप्रैल 2025 में यह 12,509 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 7,977 इकाई रही जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 7,406 इकाई थी।

# चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा

## उम्मीदों के अनुरूप चुनाव परिणाम और कंपनियों के बेहतर नतीजों ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा

मुंबई, एजेंसी

प्रमुख कंपनियों में लिवाली आने और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 997.25 अंक उछलकर 77,910.75 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,119.30 अंक पर बंद हुआ।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े जोखिमों को नजरअंदाज करते हुए पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों के अनुकूल रुझान और चौथी तिमाही के बेहतर नतीजों से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए जबकि जापान में अवकाश के कारण कारोबार बंद रहा। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

घरेलू शेयर बाजार महाराष्ट्र दिवस पर शुक्रवार को बंद थे। गुरुवार को सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 और निफ्टी 180.10 घटकर 23,997.55 अंक पर बंद हुए थे।



### निफ्टी भी 122 अंक चढ़कर 24100 के पार

**बढ़त के साथ बंद हुए शेयर :** सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और मारुति सुजुकी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

**नुकसान में रहे शेयर :** भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे।

### स्मॉलकैप में 0.79, मिडकैप में 0.75 प्रतिशत की तेजी

बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.79 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.75 प्रतिशत की तेजी रही। रियल्टी खंड, सेवा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक खंड एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, आईटी और बैंक खंड में गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 2,607 शेयर बढ़कर बंद हुए जबकि 1,735 शेयरों में गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 % बढ़कर 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 8,047.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,487.10 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

### आगे भी बढ़त का रुख रहने की उम्मीद

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में आगे भी बढ़त का रुख बने रहने की उम्मीद है। यह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, मजबूत घरेलू आंकड़े और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक स्पष्टता पर आधारित रहेगा।

### चांदी 6,800 रुपये उछली, सोना 2,000 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। विदेशी बाजारों में कीमतों पर दबाव के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की तरफ से मजबूत खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में भाव में तेजी रही। हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। गुरुवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच सोमवार को कम कारोबार वाले सत्र में सोने की कीमत में गिरावट आई। तेल की बढ़ती कीमतों ने इस आशंका को और मजबूत किया है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं।



## निवेश की पाठशाला

### सावधान! आपका ATM कार्ड भी हो सकता है कॉपी

कारोबार डेस्क

डिजिटल दौर में बैंकिंग आसान है, लेकिन इसके खतरे भी उतने ही अधिक हैं। एटीएम से कैश निकालना हो, पेट्रोल पंप पर पेमेंट करनी हो या रेस्टोरेंट में बिल चुकाना हो, हम इस सबके लिए डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं। लेकिन इसी कार्ड को कॉपी करके अपराधी आपका बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। इसे कार्ड क्लोनिंग कहते हैं। जरा सी लापरवाही बड़ी चोट पहुंचा सकती है। ऐसे में जानते हैं बचाव के तरीके और जरूरी सावधानियां ...



#### क्यों बढ़ रहे मामले

ज्यादा ट्रांजैक्शन का अर्थ है अपराधियों के लिए ज्यादा मौके। साइबर ठग फ्रॉड के लिए नित नए तरीके ढूंढ रहे हैं। इसमें कार्ड क्लोनिंग से लेकर डार्क वेब पर आपका डेटा बेचा जाना तक शामिल है। वहां से इस डेटा का गलत इस्तेमाल करके ये अपराधी आपके अकाउंट में सेंधमारी करते हैं। आपकी सावधानी ही मुख्य बचाव है।

#### क्या है कार्ड क्लोनिंग?

- अंतरराष्ट्रीय असल में आप किसी भी स्वाइप मशीन या एटीएम मशीन में कार्ड यूज करते हैं तो कार्ड कापी हो जाता है। कार्ड क्लोनिंग में ठग एटीएम या स्वाइप मशीन पर छोटा डिवाइस लगा देते हैं। इसको ही डिवाइस को 'स्किमर' कहा जाता है।
- जब आप मशीन में कार्ड डालते या स्वाइप करते हैं, तो यह डेटा कॉपी कर लेता है। यह आपकी मैग्नेटिक स्ट्रिप की जानकारी चुरा लेता है। साथ में छिपा कैमरा या नकली कीपैड लगाया जाता है। इससे आपका एटीएम पिन भी रिकॉर्ड कर लिया जाता है।

#### कहां-कहां है जोखिम

- एटीएम मशीन
- पेट्रोल पंप
- रेस्टोरेंट
- पीओएस या स्वैप मशीन
- अनजान भीड़भाड़ वाले स्थान

#### इन संकेतों से पहचानें खतरा

- बिना ट्रांजेक्शन किए पैसे कटने का मैसेज
- खाते से अचानक बड़ी रकम निकलना
- एटीएम के कार्ड स्लॉट में ढीलापन
- मशीन के आसपास अजीब-सा छोटा डिवाइस या वायर
- कीपैड पर एक्स्ट्रा परत या चिपका हुआ हिस्सा
- मशीन देखकर जरा भी शक हो, तो इस्तेमाल न करें

#### कैसे बचें कार्ड क्लोनिंग से

- पिन डालते समय कीपैड हाथ से ढकें।
- अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर कार्ड डिटेल शेयर न करें।

3. बैंक की SMS और ईमेल अलर्ट सर्विस हमेशा एक्टिव रखें।
4. जरूरत न हो तो इंटरनेशनल और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद रखें।
5. अपना एटीएम पिन बदलते रहें।
6. मैग्नेटिक स्ट्रिप कार्ड हो तो बदलकर चिप कार्ड जारी करवा लें।

#### काम की बात

- अगर आपके खाते से बिना अनुमति पैसे निकल जाएं, तो घबराएं नहीं, तुरंत बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराएं।
- तत्काल नजदीकी ब्रांच में लिखित शिकायत दें।
- राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल ([www.cybercrime.gov.in](http://www.cybercrime.gov.in)) पर शिकायत दर्ज करें।
- ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट और मैसेज सुरक्षित रखें। रिपोर्ट जल्दी करने से पैसे वापस मिलने के चांस रहते हैं।

# कमोडिटी डेरिवेटिव्स में बैंकों, बीमा कंपनियों की एंट्री के पक्ष में नहीं सेबी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के नियामक अपने विनियमित संस्थानों को जिंस डेरिवेटिव खंड में निवेश की अनुमति देने के पक्ष में नहीं हैं।

श्री पांडेय ने यहां 'आईएमसी कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस 2026' में एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि संबंधित नियामक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) बैंकों और बीमा कंपनियों को जिंस डेरिवेटिव में निवेश की अनुमति देने को लेकर बहुत सकारात्मक नहीं हैं और इसके पीछे उनके पास ठोस कारण हैं।

सेबी प्रमुख ने कहा कि भारत में पेंशन कोष विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने भी पेंशन कोष को जिंस डेरिवेटिव में निवेश की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार किया है, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय का खुलासा नहीं किया है। जिंस डेरिवेटिव खंड वित्तीय बाजार का वह हिस्सा है जहां सोना, चांदी, कच्चा तेल या कृषि उत्पादों जैसी वस्तुओं की भविष्य की कीमतों पर आधारित वायदा एवं विकल्प अनुबंधों में कारोबार होता है। सेबी इस खंड का नियमन करता है।



सेबी चेयरमैन बोले- जल्दी ही एंथ्रोपिक माइथोस जैसे एआई टूल की वजह से उभर रहे जोखिमों को लेकर परामर्श जारी करेंगे

उन्होंने कहा कि सेबी जल्द ही बाजार मध्यस्थों के लिए एंथ्रोपिक माइथोस जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) टूल की वजह से उभर रहे जोखिमों को लेकर परामर्श जारी करेगा।

पांडेय ने कहा कि हमने इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों के साथ बातचीत की है और जल्द ही हम यह सलाह जारी करेंगे कि संभावित कमजोरियों के प्रति सतर्क रहने और सक्रिय रूप से जोखिम प्रबंधन करने की आवश्यकता है।

पूंजी बाजार विनियामक के मुखिया ने कहा कि भारत को दीर्घकालिक पूंजी की जरूरत है और बाजार-आधारित वित्त को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को बेहतर विकल्प देने के लिए बाजार के विकास और निवेशक संरक्षण को साथ-साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) उद्योग के लिए समयबद्ध तरीके से कोष जारी करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए हाल में बदलाव किए गए हैं, जिसमें पर्याप्त निगरानी भी सुनिश्चित की गई है।

# एनसीएलएटी ने जेपी मामले में खारिज की अदाणी के खिलाफ वेदांता की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने उद्योगपति अनिल अग्रवाल नीत वेदांता लिमिटेड की दो याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं।

कंपनी ने इनमें कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए गौतम अदाणी नीत अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बोली के चयन को चुनौती दी थी। एनसीएलएटी ने वेदांता द्वारा उठाए गए मुद्दों में कोई आधार नहीं पाया और उसकी दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। एनसीएलएटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने पाया कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने जेएएल के लिए वेदांता की समाधान योजना के मुकाबले अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को प्राथमिकता देकर सही फैसला किया था। इस फैसले को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंजूरी दे दी थी, जिसके खिलाफ वेदांता ने एनसीएलएटी में अपील दायर की थी।



एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता (वेदांता) द्वारा ऐसा कोई आधार नहीं बनाया गया है जिससे एनसीएलटी के निर्णय में हस्तक्षेप किया जा सके। अपील में कोई दम नहीं है। दोनों अपीलें खारिज की जाती हैं। कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है।

# टाटा समूह की कंपनियों के निदेशक करें टाटा संस की सूचीबद्धता की पहल

- संस्थागत निवेशकों को परामर्श देने वाली कंपनी इनगवर्न रिसर्च ने किया आग्रह
- कंपनी के निजी बने रहने पर जोखिम पैदा कर सकते हैं आरबीआई के नियामकीय बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संस्थागत निवेशकों को परामर्श देने वाली इनगवर्न रिसर्च सर्विसेज ने टाटा समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों से टाटा संस को सूचीबद्ध कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया है, ताकि शेयरधारकों के हितों की रक्षा हो सके।

इनगवर्न रिसर्च के प्रबंध निदेशक एवं संस्थापक श्रीराम सुब्रमण्यन ने टाटा समूह की सात कंपनियों के स्वतंत्र निदेशकों एवं बोर्ड सदस्यों को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के 2026 के नियामकीय बदलाव टाटा संस के निजी बने रहने पर प्रणालीगत जोखिम पैदा कर सकते हैं। यह पत्र टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा केमिकल्स, टाटा पावर, इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन को संबोधित है, जिनकी टाटा संस में संयुक्त हिस्सेदारी करीब 12 प्रतिशत है। पत्र में कहा गया है कि बोर्ड (निदेशक मंडल) का यह दायित्व है कि वह टाटा संस की सूचीबद्धता के लिए प्रयास करे और इस पर स्पष्ट रुख सार्वजनिक रूप से रखे। इनगवर्न ने तीन-स्तरीय रणनीति सुझाते हुए कहा कि कंपनियां सूचीबद्धता के लिए स्पष्ट रूपरेखा की मांग करें, टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का बाजार आधारित पुनर्मूल्यांकन कराएं और कंपनी संचालन सुधारों को आगे बढ़ाएं। टाटा संस को सूचीबद्ध करना न केवल नियामकीय जरूरत है, बल्कि समूह के विस्तार में निवेश करने वाले शेयरधारकों के प्रति जिम्मेदारी भी है।

इनगवर्न रिसर्च ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में रिजर्व बैंक से आग्रह किया था कि वह टाटा संस को उच्चस्तरीय एनबीएफसी के रूप में मार्च 2027 तक सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करे।

# भारत कमजोरियां पहचान कर जोखिम प्रबंधन करे: ईएसी-पीएम चेयरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने सोमवार को कहा कि देश को भविष्य में पश्चिम एशिया जैसे संकट का असर कम करने के लिए ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक, धातु एवं महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में अपनी आर्थिक कमजोरियों को चिह्नित कर उन पर निगाह रखनी चाहिए। देव ने बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने जोखिम प्रबंधन के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति बाधाओं और कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपनानी जरूरी है।

देव ने कहा कि इसके लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के विस्तार और आवश्यक वस्तुओं के भंडारण जैसी भौतिक सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करना होगा। केवल विदेशी मुद्रा भंडार और खाद्यान्न भंडार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत को ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक, धातु और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रमुख आर्थिक कमजोरियों की पहचान कर उनकी निगरानी करनी चाहिए और आपूर्ति में बाधाओं एवं कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रियता दिखाते हुए कदम उठाने चाहिए।

- आपूर्ति बाधाओं और कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपनानी जरूरी

ईएसी-पीएम के प्रमुख ने आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने पर जोर देते हुए कहा कि आपूर्ति स्रोतों और व्यापार मार्गों में विविधता लाने के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का प्रभावी उपयोग करना जरूरी है। दीर्घावधि में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना स्थायी समाधान होगा।

# यूपीआई के जरिए अप्रैल में हुए 22.35 अरब लेनदेन: डीएफएस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये लेनदेन इस साल अप्रैल सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 22.35 अरब रहा। वित्तीय सेवा विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्तीय सेवा विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अप्रैल 2026 में यूपीआई के जरिये 22.35 अरब लेनदेन हुए। यूपीआई के उपयोग में आसानी के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी है। इसके तहत आरबीआई के दो-स्तरीय प्रमाणीकरण नियम है। इसमें पहला स्तर उपयोगकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर और दूसरा यूपीआई पिन होता है, जिससे लेनदेन तेज और सुरक्षित बनते हैं। वर्तमान में भारत में कुल डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। इसका प्रभाव देश की सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय पर डिजिटल भुगतान में करीब 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यूपीआई संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ देशों में सक्रिय है, जिससे वहां रहने या यात्रा करने वाले भारतीयों को बिना किसी अतिरिक्त जटिलता के भुगतान करने की सुविधा मिलती है।




# भारत-कनाडा ने फिर शुरू की एफटीए पर दूसरे दौर की वार्ता, यात्रा पर जाएंगे गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता का दूसरा दौर सोमवार को शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते को आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस वार्ता में वस्तुओं, सेवाओं तथा अन्य पारस्परिक रूप से सहमत नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि पांच दिवसीय वार्ता चार मई से यहां शुरू हुई। वार्ता का पहला दौर



मार्च में आयोजित किया गया था। यह दौर महत्वपूर्ण है क्योंकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस माह के अंत तक वार्ता को गति देने के लिए कनाडा की यात्रा करेंगे। यह वार्ता प्रक्रिया फिर से शुरू होने का संकेत भी है क्योंकि कनाडा ने 2023 में वार्ता को रोक दिया था। हालांकि अब दोनों ने बातचीत को नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया है। यह

- मार्च में हुई थी पहले दौर की बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

भारत से कनाडा को प्रमुख निर्यात में दवाइयां, लोहा एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं प्रमुख आयात में दालें, मोती एवं अर्ध-कीमती पत्थर, कोयला, उर्वरक, कागज तथा कच्चा पेट्रोलियम शामिल हैं।

**पश्चिम एशिया संकट**

उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव ने अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में कहा

# बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण आयातित यूरिया और अन्य उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार का उर्वरक सब्सिडी खर्च 1.71 लाख करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन से अधिक होने का अनुमान है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही।

उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर एक अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि कीमतें



बढ़ी हैं। यूरिया और अन्य उर्वरकों दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा है...। निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। श्री शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों के बावजूद, खरीफ 2026 सत्र में उर्वरकों की उपलब्धता 'अच्छी' और स्थिर बनी हुई है।

मार्च-अप्रैल के लिए घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा। इसमें यूरिया (40.72 लाख टन), डाई अमोनियम फॉस्फेट (5.39 लाख टन), एनपीके (13.65 लाख टन) और एसएसपी (8 लाख टन) शामिल हैं। इसके अलावा 17 लाख टन का आयात भी किया गया। यह आयात बंदरगाह और विदेश मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से संभव हो पाया। विभाग ने मई महीने के लिए 22 लाख टन यूरिया, 4 लाख टन डीएपी और 8 लाख टन एनपीके के घरेलू उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि यूरिया के कुछ ऐसे संयंत्र जो अस्थायी रूप से बंद हो गए थे, वे अब फिर से चालू होने वाले हैं। उनके लिए गैस की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। यूरिया के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और मई-जून तक इसकी आपूर्ति होने की उम्मीद है। उर्वरकों की बढ़ती मांग पूरा करने के लिए 19 लाख टन एनपीके उर्वरकों के आयात हेतु एक अलग वैश्विक निविदा भी जारी किया गया है।

### खरीफ सत्र में 390 लाख टन उर्वरकों की जरूरत

कृषि विभाग ने खरीफ 2026 सत्र के लिए उर्वरकों की आवश्यकता 390.54 लाख टन रहने का अनुमान जताया है। इसके मुकाबले, राज्यों ने पहले ही 195.71 लाख टन उर्वरक का स्टॉक जमा कर लिया है। यह कुल आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत है। अधिकारियों के अनुसार यह 'बेहतर योजना और समय से पहले स्टॉक जमा करने' की रणनीति है। कृषि मंत्रालय के आकलन के आधार पर राज्यों के हिसाब से मांग का खाका तैयार कर लिया गया है और इसके लिए स्टॉक जमा करने तथा अग्रिम योजना बनाने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या में बाढ़ से 18 लोगों की मौत

**नैरोबी।** केन्या में लगातार जारी भारी बारिश के कारण हाल में आई बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत डूबने से हुई है। देश के गृह मंत्रालय के अनुसार, देशभर में बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हुई है और 54,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं जिनमें से 6,000 परिवार देश की राजधानी नैरोबी के हैं। देशभर में कई विद्यालयों और अस्पतालों में पानी भर गया है तथा 17 सड़कों पर आवागमन बाधित हो गया है। भूस्खलन के कारण पश्चिमी रिफ्ट वैली क्षेत्र में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। देश के जलविद्युत बांधों में जलस्तर बढ़ने के कारण ताना और अथी नदियों के किनारे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

### हंता वायरस से दंपति समेत तीन की मौत

**केपटाउन।** अटलांटिक महासागर में एक क्रूज जहाज पर संदिग्ध हंता वायरस के प्रकोप के कारण एक बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम तीन अन्य के बीमार होने की सूचना है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने दी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मामले की जांच जारी है और कम से कम एक मामले में हंता वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है, जबकि जहाज पर इसके लक्षण वाले दो अन्य मरीजों को वहां से निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ऑर्बिटल डेटा सेंटर उपग्रह को साझेदारी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी-भारतीय अंतरिक्ष कंपनी पिक्सल ने बेंगलुरु स्थित कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी सर्वम के साथ मिलकर एक ऑर्बिटल डेटा सेंटर सैटेलाइट बनाने के लिए साझेदारी की है। पिक्सल उपग्रह को डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालित करेगा, जबकि सर्वम कक्षा में सीधे प्रशिक्षण और इन्फरेंस दोनों संभालेगा। सोमवार को पिक्सल के सीईओ अवैस अहमद ने कहा कि जमीन पर आधारित डेटा सेंटर ऊर्जा, भूमि, विनियमन और पैमाने के संबंध में बढ़ती बाधाओं का सामना कर रहे हैं और वर्तमान मॉडल को पर्यावरण की दृष्टि से बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑर्बिटल डेटा सेंटर एक नया आयाम खोलते हैं।

# नेपाल ने लिपुलेख दर्रे पर अपना क्षेत्रीय दावा दोहराया

**काठमांडू, एजेंसी**

- नेपाल की सरकार ने की भारत से बातचीत करने की मांग

नेपाल ने लिपुलेख पर अपने क्षेत्रीय दावे को सोमवार को दोहराया और इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारत के साथ बातचीत की वकालत की। एक दिन पहले भारत ने इस क्षेत्र पर नेपाल के रुख को दृढ़ता से खारिज कर दिया था।

भारत ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से दशकों से आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को रविवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा एकतरफा कृत्रिम विस्तार अस्वीकार्य है। भारत की इस प्रतिक्रिया के पहले नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारत और चीन द्वारा लिपुलेख दर्रे के रास्ते आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा आयोजित करने की योजना पर आपत्ति जताई और दावा किया कि यह उसका क्षेत्र है। नेपाल सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने कहा कि नेपाल का अपनी सीमा बढ़ाने का इरादा नहीं है, यह क्षेत्र नेपाल का है।

# भारत-जमैका संबंधों में निरंतरता और परिवर्तन जैसी विशेषता

**किंग्सटन, एजेंसी**

- कैरिबियाई देश की पहली यात्रा पर बोले विदेशमंत्री जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और जमैका के बीच संबंध 'निरंतरता और बदलाव' से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यह संबंध साझा इतिहास पर आधारित हैं जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है।

जमैकन ग्लीनर अखबार में रविवार को प्रकाशित एक लेख में जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों को एक गहरी और अधिक लचीली साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए जो दोनों देशों के लोगों के लिए काम करे और एक अधिक न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे। भारत और जमैका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयशंकर शनिवार को कैरेबियाई देश की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का जमैका के साथ 180 वर्षों से संबंध है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का यही रिश्ता हमारे संबंधों को एक विशेष रंग प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कई भारतीयों के लिए जमैका का नाम सुनते ही माइकल होल्डिंग और क्रिस गेल का क्रिकेट, बॉब मार्ले और जिमी क्लिफ का संगीत, उसेन बोल्ट और एलेन थॉम्पसन-हेराह का एथलेटिक्स तथा सांस्कृतिक हस्ती मिस लू के लेखन की याद आ जाती है।

जयशंकर ने कहा कि ये संबंध दोनों देशों के बीच गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिसमें ग्लोबल साउथ और राष्ट्रमंडल की सदस्यता शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत और जमैका दोनों बहुलवादी समाज, राजनीतिक लोकतंत्र और बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता अंततः निरंतरता और परिवर्तन की एक कहानी है, जो एक साझा अतीत में निहित है, वर्तमान सहयोग से प्रगाढ़ हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर उन्मुख है। भारत और जमैका के संबंधों की कहानी 19वीं और 20वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों की इस भूमि की यात्रा से शुरू हुई। उन्होंने कहा कि 1845 में 'ब्लंडेल हंटर' जहाज पर सवार होकर भारतीयों का पहली बार 'ओल्ड हार्बर बे' में उतरना इस यात्रा की शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि आज, लगभग 70,000 भारतीय मूल के लोगों का एक समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय-जमैका समुदाय एक सक्रिय और गतिशील शक्ति है जो दोनों देशों के संबंधों को आधार प्रदान करती है और आगे बढ़ाती है। जब दोनों देशों के बीच 1962 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए तो हमने उस चीज को औपचारिक रूप दिया जिसकी नींव दोनों देशों के लोग पहले ही डाल चुके थे।

# जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिका ने होर्मुज में बनाया अलग मार्ग

## ईरान द्वारा समुद्र में बिछाए गए बारूदी सुरंगों के चलते जहाजों से मार्ग बदलने को कहा

**दुबई, एजेंसी**



अमेरिका ने सोमवार को ईरान के प्रभाव वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से फंसे हुए जहाजों को सुरक्षित रूप से मार्गदर्शन देने के प्रयास की शुरुआत की, ताकि क्षेत्र में जारी आर्थिक व्यवधान को कम किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक दिन पहले घोषित प्रोजेक्ट फ्रीडम के बाद ज्वाइंट मैरीटाइम इंफॉर्मेशन सेंटर ने बताया कि अमेरिका ने मुख्य शिपिंग मार्गों के दक्षिण में एक उन्नत सुरक्षा क्षेत्र स्थापित किया है और समुद्री यात्रियों से ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय करने को कहा है।

सेंटर ने चेतावनी दी कि सामान्य यातायात मार्ग के पास से गुजरना अत्यंत खतरनाक हो सकता है, क्योंकि वहां बारूदी सुरंगों की मौजूदगी की आशंका है। अमेरिका के नेतृत्व वाले समुद्री कार्य बल की यह घोषणा जलमार्ग पर वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही बहाल करने और विश्वास बहाल करने के प्रयास की शुरुआत मानी जा रही है। इस जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 फीसदी तेल का परिवहन होता है, लेकिन यह युद्ध के बाद गंभीर रूप से बाधित हुआ है। इस युद्ध की शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा की गई थी, जिसके बाद वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस अभियान को प्रोजेक्ट फ्रीडम बताते हुए कहा कि अमेरिका तटस्थ और बेकसूर देशों के जहाजों को सुरक्षित मार्ग देगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार इस अभियान में गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और लगभग 15,000 सैनिक शामिल होंगे। हालांकि पेंटागन ने तैनाती को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी। खबरों के अनुसार कई जहाज, विशेषकर तेल और गैस टैंकर, युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। चालक दल ने मिसाइलों और ड्रोन हमलों के बीच पानी, भोजन और अन्य आवश्यकताओं की कमी की स्थिति का सामना करने की बात कही है। ट्रंप ने इसे मानवीय पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ईरान सहित पश्चिम एशिया के देशों की मदद करना है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ईरान के सरकारी मीडिया ने ट्रंप की घोषणा को भ्रमपूर्ण बताया है। ईरान के संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने भी चेतावनी दी है कि जलडमरूमध्य में किसी भी हस्तक्षेप को संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा। वहीं, ईरान ने यह भी कहा है कि वह युद्ध समाप्त करने के उसके प्रस्ताव पर अमेरिका के जवाब की समीक्षा कर रहा है।

### होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर मिसाइल से हमला

**दुबई।** ब्रिटेन की सेना ने सोमवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया। ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव के बीच कुछ ही घंटों में इस तरह का यह दूसरा हमला है। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि रविवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर जलडमरूमध्य में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा के पास एक टैंकर को निशाना बनाया गया था। सेना ने कहा कि टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ है। सेना के केंद्र ने कहा कि चालक दल सुरक्षित हैं। पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ा है। रविवार को जलडमरूमध्य में एक अन्य जहाज पर भी हमला हुआ था।

### अमेरिकी पोत पर ईरानी हमले के दावे खारिज

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने सोमवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि ईरान ने उसके नौसैन्य पोत पर हमला किया है। अमेरिका फारस की खाड़ी के निकटवर्ती क्षेत्र में सक्रिय है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को रास्ता देने तथा ईरान द्वारा उन जहाजों पर नाकेबंदी को हटाने की पेशकश कर रहा है जिन्हें नौवहन की अनुमति प्राप्त नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण-पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एक पोत पर हमला किया, और उस पर समुद्री सुरक्षा और नौवहन मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

### अमेरिकी झंडे वाले दो जहाज होर्मुज से गुजरे

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के झंडे वाले दो वाणिज्यिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सफलतापूर्वक गुजरे हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई, जब होर्मुज से वाणिज्यिक जहाजों के सुरक्षित आवागमन को लेकर तनाव बढ़ गया है।

# जब्त ईरानी जहाज के चालक दल को पाकिस्तान पहुंचाया

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने अपने सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी जहाज पर हिरासत में रखे गए चालक दल के 22 सदस्यों को विश्वास-बहाली उपाय के तहत पाकिस्तान भेज दिया है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स समूह के जहाज एमवी टौस्का को 19 अप्रैल को ओमान की खाड़ी में ईरान के चाबहार बंदरगाह के तट पर अमेरिकी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इस जहाज पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा, अमेरिका द्वारा विश्वास बढ़ाने के उपाय के रूप में, जब्त किए गए ईरानी कंटेनर जहाज एमवी टौस्का पर बंधक बनाए गए चालक दल के 22 सदस्यों को पाकिस्तान लाया गया है।

# एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई छात्रों के परिवारों से लिए थे 20 से 30 लाख रुपये

दिल्ली पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर कथित रूप से ठगी करता था। इस बाबत संदिग्ध सरगना और एक डॉक्टर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि तीन मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2026 परीक्षा से पहले कुछ नाबालिग समेत 18 विद्यार्थियों को इन ठगों के चंगुल से बचाया। आरोपी उन्हें प्रश्न उपलब्ध कराने के बहाने अज्ञात स्थानों पर ले जा गए थे।

आरोप है कि फर्जी प्रश्न पत्र पिछले वर्षों की सामग्री और कोचिंग संस्थानों की सामग्री का उपयोग करके बनाए गए थे। आरोपियों ने छात्रों के परिवारों से कथित रूप से 20 से 30 लाख रुपये की मांग की और मेडिकल कॉलेजों में सीट दिलाने की गारंटी देते हुए कुछ पैसा ले भी लिया। अधिकारी ने बताया कि सूरत पुलिस से दो मई को सूचना मिली कि दिल्ली में एक संदिग्ध गिरोह नीट के माध्यम से मेडकिल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का दावा कर रहा है जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई और तकनीकी निगरानी के आधार पर जांचकर्ता महिपालपुर एक्सटेंशन के कई होटलों की तलाशी ली। होटल में ठहरे चार आरोपियों को पकड़ा।

# तेजाब हमले चिंता का विषय, सजा बढ़ाने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब पीड़िता की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार को दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने बर्बर तेजाब हमलों के मामलों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए सोमवार को केंद्र से ऐसे अपराधों के लिए सजा बढ़ाने पर विचार करने और बेगुनाही साबित करने का भार आरोपी पर डालने का सुझाव दिया। आपराधिक न्यायशास्त्र के तहत, जब तक कानून में अन्य प्रावधान नहीं हों, आरोपी के खिलाफ दोष साबित करने का भार अभियोजन पक्ष पर होता है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि उपयुक्त संशोधन होने तक, जिन लोगों को जबरन तेजाब पिलाया गया हो या जिन्हें बाहरी विकृति के बिना आंतरिक चोटें आई हों, वे दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत तेजाब हमलों के पीड़ितों के दायरे में आएंगे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह स्पष्टीकरण 2016 के अधिनियम के लागू होने के समय से ही शामिल माना जाएगा। पीठ ने कहा कि यदि संबंधित मंत्रालय औपचारिक रूप से इस संशोधन को अधिसूचित करता है तो इसका स्वागत किया जाएगा।

# अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे भारत-बांग्लादेश

- बांग्लादेश के विदेशमंत्री से मिले भारतीय उच्चायुक्त


**ढाका।** बांग्लादेश में भारत के निवर्तमान उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को यहां विदेश मंत्री कहलिलुर रहमान से भेंट की जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भविष्य में दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर बनाने की उम्मीद जतायी। भारतीय उच्चायोग के बयान का हवाला देते हुए सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने कहा है कि भारतीय उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से ढाका में विदेश मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भविष्य में दोनों देशों के बेहतर संबंधों को लेकर उम्मीद जतायी। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत करने और आगे बढ़ाने पर भरोसा जताया। वर्मा ने भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया कि वह बांग्लादेश की जनता और सरकार के साथ मिलकर काम करेगा ताकि दोनों देशों के विकास की प्राथमिकताओं और आपसी हित तथा लाभ के आधार पर सभी क्षेत्रों में जन केंद्रित सहयोग को और मजबूत किया जा सके। एजेंसी की खबरों में कहा गया है कि रहमान ने 21 सितंबर, 2022 को बांग्लादेश में उच्चायुक्त का पद संभालने वाले वर्मा का धन्यवाद किया और उनके कार्यकाल के दौरान दोनों पड़ोसी देशों के संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उनकी सराहना की।

# पक्षियों का जीपीएस

## क्रिप्टोक्रोम के सहारे करते मीलों का सटीक सफर




हर साल, करोड़ों पक्षी बिना नक्शे या स्मार्टफोन के हजारों मील का सफर तय करते हैं और ठीक उसी जगह पहुंचते हैं जहां उनके पूर्वज गए थे। वर्षों तक वैज्ञानिकों के लिए यह एक पहेली थी कि ये नन्हे जीव समुद्रों, पहाड़ों और घने जंगलों के ऊपर से उड़ते हुए अपना रास्ता कैसे खोज लेते हैं। हालिया शोधों ने एक क्रांतिकारी सच्चाई को उजागर किया है। पक्षी केवल दिशा का अनुमान नहीं लगाते, बल्कि वे पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को अपनी आंखों से देख सकते हैं। इस अद्भुत क्षमता के पीछे क्रिप्टोक्रोम नामक विशेष प्रोटीन है। यह प्रोटीन पक्षियों की रेटिना में पाया जाता है और नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होता है।



### नेविगेशन के अन्य सहयोगी कारक

- सौर और नक्षत्र नेविगेशन : दिन में सूरज और रात में तारों की स्थिति
- घ्राण शक्ति : कुछ पक्षी गंध के जरिए अपने घोंसले पहचानते हैं।
- चोंच में आयरन : कई पक्षियों की चोंच में मैग्नेटाइट के कण पाए जाते हैं, जो चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता मापने में मैग्नेटोमीटर की तरह काम करते हैं।

### यह कोई साधारण दृष्टि नहीं

यह क्वांटम भौतिकी के सिद्धांतों पर आधारित एक जटिल प्रक्रिया है। जब प्रकाश की किरणें पक्षी की आंख में प्रवेश करती हैं, तो क्रिप्टोक्रोम सक्रिय हो जाता है, जिससे उनके मस्तिष्क में एक दृश्य मानचित्र उभरता है। यह मानचित्र उन्हें उत्तर और दक्षिण दिशा के बीच के सूक्ष्म चुंबकीय अंतर को पहचानने में मदद करता है। कल्पना कीजिए कि आपके चश्मे पर एक ऐसी परत चढ़ी हो जो आपको हवा में तैरती अदृश्य रेखाएं दिखा दे, पक्षियों के लिए पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र ठीक वैसा ही है। यह क्षमता उन्हें घने कोहरे या अंधेरी रातों में भी रास्ता भटकने नहीं देती। पक्षियों का यह 'जैविक जीपीएस' न केवल जीव विज्ञान, बल्कि भविष्य की नेविगेशन तकनीक के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

### क्रिप्टोक्रोम क्या है

- क्रिप्टोक्रोम प्रोटीन का एक परिवार है जो पौधों से लेकर मनुष्यों तक लगभग सभी जीवित जीवों में पाया जाता है। पौधों में यह प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देता है, जबकि मनुष्यों में यह हमारी सर्कैडियन रिदम (सोने-जागने का चक्र) को नियंत्रित करता है। हालांकि पक्षियों (विशेषकर प्रवासी पक्षियों जैसे 'यूरोपीय रॉबिन') में क्रिप्टोक्रोम 4 नामक एक विशेष संस्करण विकसित हुआ है जो चुंबकीय संवेदनशीलता के लिए जिम्मेदार माना जाता है।

### यह कैसे काम करता है

- क्वांटम एंटैंगलमेंट का खेल पक्षियों की दृष्टि साधारण कैमरों जैसी नहीं होती। क्रिप्टोक्रोम के भीतर होने वाली प्रक्रिया को रैडिकल पेयर मैकेनिज्म कहा जाता है।
- प्रकाश का प्रभाव : जब नीली रोशनी पक्षी की आंख पर पड़ती है, तो वह क्रिप्टोक्रोम के एक इलेक्ट्रॉन को उत्तेजित कर देती है।
- रैडिकल पेयर का निर्माण : यह उत्तेजना दो अलग-अलग अणुओं के बीच एक क्वांटम संबंध बनाती है।
- चुंबकीय प्रतिक्रिया : ये अणु पृथ्वी के अत्यंत कमजोर चुंबकीय क्षेत्र के प्रति भी बहुत संवेदनशील होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र के कोण के आधार पर, इन अणुओं के रासायनिक गुणों में बदलाव आता है।
- दृश्य संकेत : मस्तिष्क इन रासायनिक परिवर्तनों को 'प्रकाश और छाया' के पैटर्न के रूप में पढ़ता है, जिससे पक्षी को दिशा का आभास होता है। है।

### पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र

- पृथ्वी के ध्रुवों से निकलने वाली चुंबकीय रेखाएं पूरे ग्रह को घेरे रहती हैं। पक्षी इन रेखाओं की 'तीव्रता' और 'झुकाव' दोनों को महसूस कर सकते हैं।
- इन्क्लिनेशन कंपास : पक्षी यह पहचान लेते हैं कि चुंबकीय रेखाएं सतह के सापेक्ष किस कोण पर हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। धन-संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे। रात के समय सड़क यात्रा करने से बचें।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र के विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मिथुन** – आज व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा। पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है।

**कर्क** – आज व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिए। शेयर और जोखिम भरे निवेशों से थोड़ी परेशानी होगी। यात्रा के कारण थकान रहेगी।

**सिंह** – आज व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – आज मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**तुला** – आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ाएंगे।

**वृश्चिक** – आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। संपत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है।

**धनु** – आज स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना बन रही है। नए दोस्तों पर अधिक विश्वास न करें। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।


**मकर** – आज नकदी की समस्या दूर होने की संभावना है। व्यवसाय में धन-लाभ प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण वस्तुओं को संभालकर रखें।

**कुंभ** – आज आपकी सलाह दूसरों के लिए हितकारी रहेगी। आपकी कलात्मक क्षमताओं का विकास होगा। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं।

**मीन** – आज नए कार्यों को आरंभ करने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 5 मई, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी पूर्ण रात्रि।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। **ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-ज्येष्ठा 12 .55 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 139 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 |

### सुडोकू -140

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | | 7 | 5 | | | | | 4 |
| | | 9 | | 2 | | 8 | | |
| 4 | | | | | | 7 | | 8 |
| | | | 3 | | 7 | | | |
| 5 | | 8 | | | | | | 2 |
| | | 4 | | 6 | | 3 | | |
| 8 | | 3 | | | 9 | 4 | | 6 |
| | 1 | | | | | 9 | 8 | |

## प्रतिरक्षा तैयारी

**प्रयागराज के न्यू कैंट क्षेत्र में नॉर्थ टेक सिंपोजियम के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह**

# ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखाईं भारत की सैन्य क्षमताएं

**नई दिल्ली/प्रयागराज, एजेंसी**



प्रयागराज में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोजियम के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तरी कमान के जेओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और अन्य।

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ से कुछ दिन पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अभियान को भारतीय सेना द्वारा उन्नत तकनीक का उपयोग करके आतंकी समूहों और उनके आकाओं पर निर्णायक प्रहार करने का एक अद्वितीय उदाहरण बताया।

प्रयागराज में न्यू कैंट क्षेत्र में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोजियम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने धैर्य दिखाते हुए आतंकी ढांचे को नष्ट करने में दक्षता दिखाई। इस अभियान ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की क्षमताओं का एहसास कराया। भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। इन हमलों के कारण चार दिन तक भीषण सैन्य संघर्ष हुआ और इसे 10 मई को रोकने पर सहमति बनी। सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को जो निर्णायक जवाब दिया, उससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ। अच्छी बात थी कि हमने धैर्य दिखाया और केवल आतंकवादियों को तबाह किया, अन्यथा, पूरी दुनिया जानती है कि हमारे सशस्त्र बल क्या करने में सक्षम हैं। रक्षा मंत्री ने इस अभियान को तकनीक के उपयोग का एक अनूठा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आकाश और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों के साथ-साथ कई नवीनतम उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। सिंह ने कहा कि इससे साबित होता है कि हमारी सेनाएं बदलावों को समझती हैं और आत्मविश्वास के साथ उनका उपयोग करती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में प्रौद्योगिकी जबरदस्त ढंग से बदल रही है और मानव इतिहास में शायद ही कभी इतनी अधिक तेजी से प्रौद्योगिकी बदली है।

# अमेरिका में पार्टी में हुई गोलीबारी 12 लोग घायल

**एडमंड।** अमेरिका के ओक्लाहोमा सिटी के पास एक झील पर आयोजित पार्टी में रविवार रात हुई गोलीबारी में कम से कम 12 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडमंड पुलिस की प्रवक्ता एमिली वार्ड ने बताया कि रात करीब नौ बजे आर्केडिया झील के पास युवाओं के एक जमावड़े में गोली चलने की सूचना मिली। उन्होंने रविवार देर रात बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह बेहद भयावह स्थिति है और हम जनता तथा प्रभावित लोगों की चिंता को समझते हैं।



“गुजरात टाइटंस ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है। –जेसन होल्डर


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 5 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

दिल्ली कैपिटल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# मार्श और पूरन की तूफानी पारियों से लखनऊ ने दिया 229 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए ‘ करो या मरो ’ का मुकाबला

**मुंबई, एजेंसी**

निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 228 रन बनाए। पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाइंट्स को ठोस मंच प्रदान किया।

हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे।

मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया।

उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे। मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे। बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को दोहरा झटका दिया। कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए। अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाने के बाद रघु सिंह की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 160 रन हो गया। हिम्मत सिंह ने धीमी शुरुआत के बाद गजनफर की गेंद पर लगातार गेंद पर छक्का और चौका जड़ा और फिर रघु पर चौके के साथ 17वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया।सुपर जाइंट्स की टीम अंतिम तीन ओवर में 22 रन ही जुटा सकी।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के मिचेल मार्श। एजेंसी

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**228/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का नमन बो बॉश | 44 |
| जोश इंग्लिस का सूर्यकुमार बो गजनफर | 13 |
| निकोलस पूरन का रिकेल्टन बो बॉश | 63 |
| ऋषभ पंत का रिकेल्टन बो जैक्स | 15 |
| एडेन मार्करम नाबाद | 31 |
| अक्षत रघुवंशी का एवं बो रघु | 11 |
| हिम्मत सिंह नाबाद | 40 |

**अतिरिक्त** : 11, **विकेट पतन** : 1-29, 1-123, 3-125, 4-148, 5-160, **गेंदबाजी** : चाहर 4-0-43-0, बुमराह 4-0-45-0, गजनफर 4-0-50-1, जैक्स 2-0-34-1, बॉश 2-0-20-2, रघु 4-0-36-1

### मुंबई इंडियंस ने बीच में बदला कप्तान रोहित की वापसी

**मुंबई।** खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या सोमवार को पीठ में जकड़न के कारण लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम से बाहर हो गए जबकि रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है। भारत के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए आए और बताया कि वह बीमार पंड्या की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। टीम के बयान में कहा गया हार्दिक पंड्या पीठ में खिंचाव के कारण अस्वस्थ हैं इसलिए आज के मैच के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर पंड्या के लिए आईपीएल 2026 भुला देने वाला रहा है।

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. पंजाब किंग्स | 9 | 6 | 2 | 1 | 13 | 0.855 |
| 2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | 0.005 |
| 7. दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 8. कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. मुंबई इंडियंस | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.803 |
| 10. लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद - 440 रन
- केएल राहुल दिल्ली- 433 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद- 425 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु- 17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई- 17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात- 16 विकेट

### धोनी के बारे में जानकारी देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर, वह लगातार कर रहे सुधार : सिमंस

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार को कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच के लिए टीम के साथ नहीं आए हैं, लेकिन उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। इस सत्र का आधे से अधिक हिस्सा बीत चुका है और सीएसके अपना 10वां मैच खेलने जा रही है। टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से हर सत्र में 44 वर्षीय इस महान भारतीय खिलाड़ी के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। सिमंस मंगलवार को यहां खेले जाने वाले मैच से एक दिन पहले मीडिया से बातचीत के लिए पहुंचे, तो पहला सवाल धोनी के बारे में ही पूछा गया। धोनी पिछले कुछ दिनों से नेट सत्र में बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। सिमंस ने कहा धोनी को लेकर अपडेट (जानकारी) देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह इस समय हमारे साथ दिल्ली में नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह कब खेलने के लिए तैयार होंगे, यह उन्हें खुद बेहतर पता है। गेंदबाजों के प्रदर्शन पर बात करते हुए सिमंस ने अंशुल कंबोज की जमकर सराहना की। कंबोज ने खेल के हर चरण में प्रभावित किया है और 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। सिमंस ने कहा अंशुल ने शानदार प्रदर्शन किया है। आज आप जिस अंशुल को देख रहे हैं, वह केवल इस सत्र का परिणाम नहीं है। उसने पिछले साल से ही इसकी शुरुआत कर दी थी। हमने कुछ चीजों पर काम किया था। उसने घरेलू सत्र में अपनी गेंदबाजी के कोण और यॉर्कर की सटीकता पर खास काम किया।

**हाईलाइट**



मियामी फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स ऑटो रेस के बाद विनर्स पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहने वाले ब्रिटेन के मैकलारेन ड्राइवर लैंडो नोरिस (बाएं); पहले स्थान पर रहने वाले इटली के मर्सिडीज ड्राइवर किमी एंटोनेली (दाएं से दूसरे) और तीसरे स्थान पर रहने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैकलारेन ड्राइवर ऑस्कर पियास्त्री (दाएं)। एजेंसी

### पेशावर ने पीएसएल का खिताब जीता

**लाहौर।** आरोन हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पेशावर जाल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को फाइनल में पांच विकेट से हराकर 2017 के बाद पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। हार्डी ने 27 रन देकर चार विकेट लिए जिससे पेशावर ने हैदराबाद को 18 ओवर में केवल 129 रन पर आउट कर दिया। पेशावर की तरफ से साइम अयूब (54) ने जुझारू अर्धशतक बनाया। इसके बाद हार्डी ने 39 गेंदों पर 56 रन की नाबाद पारी खेली जिससे पेशावर ने गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 15 .2 ओवर में पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। पेशावर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने चार विकेट 40 रन पर खो दिए। इनमें कप्तान बाबर आजम का विकेट भी शामिल था जो खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद हार्डी ने अब्दुल समद (46) के साथ पांचवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिलाई।

### चोटिल फिल साल्ट स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।

# भारतीय तीरंदाजों के सामने शंघाई विश्व कप में कड़ी चुनौती

**शंघाई, एजेंसी**

- खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से जूझ रही टीम

भारतीय तीरंदाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले विश्व कप के दूसरे चरण में खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से घिरे माहौल में उतर रही है। इस विश्व कप में मजबूत टीमों की मौजूदगी और इस साल होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल तेजी से नजदीक आ रहे हैं, लेकिन भारत की तैयारी बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं दिख रही है।

सत्र की शुरुआत मेक्सिको में हुए विश्व कप के पहले चरण से हुई, जहां भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू महिलाओं की कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक था। दक्षिण कोरिया जैसी दिग्गज टीम की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय रिकर्व तीरंदाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। यह प्रदर्शन हकीकत का आईना साबित हुआ, जहां तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत जैसे बड़े नाम भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। पुरुष रिकर्व टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई। महिला टीम ने शुरुआती मुकाबला जीता, लेकिन क्वार्टर फाइनल में तुर्की से हार गई। व्यक्तिगत स्पर्धा में देश की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी दूसरे दौर में ही बाहर हो गईं, जबकि अंकिता, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़ तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद भारतीय तीरंदाजी महासंघ ने शुरुआती विश्व कप के इस चरण के लिए भी वही टीम बरकरार रखी है। एशियाई खेलों और आगामी विश्व कप चरणों के लिए चयन ट्रायल 15 मई से सोनीपत में प्रस्तावित हैं। शंघाई में एक बार फिर भारत को अनुभवी लेकिन फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों पर निर्भर रहना होगा।



**भारतीय टीम**

**रिकर्व पुरुष** : तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे। **रिकर्व महिला** : दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़। **कंपाउंड पुरुष** : अभिषेक वर्मा, कुशल दलाल, ओजस देवताले और साहिल जाधव। **कंपाउंड महिला** : ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी, प्रगति और मधुरा धमांगांवकर।

# घरेलू मैदान का लाभ लेना चाहेगा दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबला आज

दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उसने इससे पहले जो तीन मैच गंवाए थे उनमें से दो हार उसे घरेलू मैदान पर मिलीं थी।

कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा। आप हमेशा परिस्थितियों को बदल सकते हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल। एजेंसी

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स** : अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

**विशेष शिविर**

**आयरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेविड विलियम्सन ने दिए टिप्स**

# महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों का निखरा कौशल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किंडो ने आयरलैंड के डेविड विलियम्सन द्वारा आयोजित एक विशेष गोलकीपिंग शिविर में हिस्सा लिया।

यह शिविर मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित किया गया था और दो मई को यहां साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में समाप्त हुआ। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के ‘आनंदना’ के सहयोग से आयोजित यह 11 दिवसीय शिविर 22 अप्रैल को शुरू हुआ था जिसमें गोलकीपरों को केंद्रित और उच्च-प्रदर्शन वाला प्रशिक्षण दिया गया। विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के एक अत्यंत अनुभवी फील्ड हॉकी कोच और पूर्व खिलाड़ी हैं। वह एक जाने-माने गोलकीपिंग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है। सीनियर गोलकीपरों सविता, बिचू देवी, बंसरी और माधुरी ने इन सत्र में भाग लिया जिससे उन्हें तकनीकी बुनियादी बातों, निर्णय लेने की क्षमता, रक्षात्मक पहलुओं और मैच की स्थितियों में रणनीतिक जागरूकता पर गहनता से ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही है।



### बहुत कुछ सीखने को मिला : सविता

गोलकीपरों के लिए ऐसे केंद्रित शिविरों के लाभ के बारे में बात करते हुए सविता ने कहा, एक गोलकीपर होने के नाते मैंने हमेशा यह अनुभव किया है कि इस तरह के शिविर आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं। साथ ही आपके कौशल को निखारते और बेहतर बनाते हैं। हम ट्रेनिंग के दौरान मैच जैसी स्थितियां बनाते हैं और उन पर खूब चर्चा करते हैं। इसलिए ये विशेष शिविर हमेशा महत्वपूर्ण होते हैं। शिविर में अपने अनुभव को साझा करते हुए सविता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि उन्होंने युवा गोलकीपरों का मार्गदर्शन करने की भूमिका को किस तरह अपनाया।

### इंटर मिलान ने इटालवी लीग का खिताब जीता

**मिलान।** इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन दौर के मैच शेष रहते ही इटालवी लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया।

इंटर मिलान को ट्रॉफी हासिल करने के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। उसने परमा पर जीत से 2025 के चैंपियन और दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है। वह सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में युवेंटस (36) के बाद दूसरे स्थान पर है।

इंटर मिलान की तरफ से पहला गोल पहले हाफ में मार्कस थुरम ने किया जबकि 37 वर्षीय हेनरिक मखितार्यान ने 80वें मिनट दूसरा गोल दागा।

# शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि पर जताई नाखुशी

**पेरिस, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरीना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर ‘अपनी गहरी निराशा’ व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं।

खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल विजेताओं को 600,000 यूरो और मिश्रित युगल चैंपियन को 122,000 यूरो मिलेंगे। खिलाड़ियों ने हालांकि बयान में कहा असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था। इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



### खिलाड़ियों की मांग

खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15 .5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14 .9 प्रतिशत रहने की संभावना है।